# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026




कछुआ छोड़ते हुए

### कृषक परिवार ने कलश रखकर, चंदन रोली का तिलक से स्वागत किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किसान हरदास रैकवार के खेत पर पहुंचने पर कृषक परिवार ने कलश रखकर, चंदन रोली का तिलक लगाते हुए पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण परिवेश में आम के वृक्ष की छांव में खाट पर बैठकर भोजन किया। भोजन के पूर्व उन्होंने गो माता को गुड-चारा भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने बुंदेली भोजन की तारीफ की और कढ़ी, बिर्रा की रोटी, समां के चावल की खीर, खीचला-पापड़ आदि व्यंजनों का स्वाद चखा। इस अवसर पर उन्होंने किसान से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली।

*मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को दी बड़ी सौगात चीतों के पुनर्वास के लिए बनने वाले विशेष बाड़े का भूमिपूजन भी किया*

# नौरादेही में संरक्षित प्रजाति के कछुओं को जल में विमुक्त कर जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नौरादेही टाइगर रिजर्व को भविष्य में एक और बड़ी पहचान मिलने जा रही है। आने वाले समय में यह क्षेत्र मप्र में चीतों का तीसरा सुरक्षित आवास बनेगा। इससे मध्यप्रदेश के वन्य-जीव पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही हमारी जैविक संपदा और भी समृद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सागर जिले के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) में संरक्षित प्रजाति के कछुओं को जल में विमुक्त कर जैव विविधता संरक्षण का नव संदेश दिया। यहां चंबल नदी और भोपाल से लाए गए 14 कछुए भी मुक्त विचरण के लिए बामनेर नदी में छोड़े।

- मुख्यमंत्री ने ग्रामीण परिवेश में आम के वृक्ष की छांव में खाट पर बैठकर भोजन किया
- भोजन के पूर्व उन्होंने गो माता को गुड-चारा भी खिलाया



किसान के घर भोजन करते सीएम

### जन्मदिन पर बच्चियों को खिलाई काजू कतली, प्रदान किए ड्राइविंग लाइसेंस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जन्मदिवस पर रहली में अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर सभी बच्चियों को अपने हाथों से काजू कतली खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने वहां मौजूद 8 बच्चियों को ड्राइविंग लाइसेंस सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

## मिस्र, तुर्की और पाकिस्तान का दावा - वो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे

# सीजफायर की बातचीत पर सस्पेंस ट्रंप ने पाक के जरिए 15 शर्तें भेजी

*वॉशिंगटन ने मरीन सैनिकों की सहायता के लिए पैराट्रूपर्स को मिडिल ईस्ट में भेजना शुरू कर दिया है। इससे साफ है कि कूटनीति के साथ-साथ सैन्य तैयारी भी समानांतर चल रही है*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच कूटनीतिक और सैन्य गतिविधियां तेज होती नजर आ रही हैं। पाकिस्तान ने एक अहम भूमिका निभाते हुए अमेरिका का 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव ईरान तक पहुंचाया है। हालांकि, तेहरान ने वॉशिंगटन के साथ बातचीत करने के विचार को सिरे से खारिज कर दिया है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि यह प्रस्ताव इस्लामाबाद के मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपा गया। इनमें प्रतिबंधों में राहत, नागरिक परमाणु सहयोग, ईरान के परमाणु कार्यक्रम में कमी, मिसाइल कार्यक्रम पर सीमाएं और होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की अनुमति जैसे मुद्दे शामिल हैं। पाकिस्तान की तरफ से ये प्रस्ताव ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका पहले ही क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा चुका है। वॉशिंगटन ने मरीन सैनिकों की सहायता के लिए पैराट्रूपर्स को मिडिल ईस्ट में भेजना शुरू कर दिया है। इससे साफ है कि कूटनीति के साथ-साथ सैन्य तैयारी भी समानांतर चल रही है। दूसरी तरफ, ईरान ने इन कूटनीतिक कोशिशों को गंभीरता से लेने के बजाए उनका मजाक उड़ाया है। उलझन इसलिए है क्योंकि ईरान ने बार बार युद्धविराम पर किसी भी बातचीत से इनकार कर दिया है।

### पाक का सीजफायर प्लान ईरान ने किया खारिज



ट्रंप और मोजतबा

**तुर्की और पाकिस्तान दोनों इस कोशिश में हैं कि मध्यस्थता को लेकर बैठक उनके देश में हो**

**लेकिन, ईरान को पाकिस्तान पर भरोसा नहीं, वो तुर्की की बैठक में शामिल हो सकता है**

### जो काम जनरलों ने बिगाड़ा, उसे सैनिक ठीक नहीं कर सकते

ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गलीबाफ ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेना मध्य पूर्व में कम से कम 1,000 सैनिक तैनात करने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी सेना को कड़ी चेतावनी देते हुए मोहम्मद बाघर गलीबाफ ने कहा कि इस क्षेत्र में सैनिक भेजने से उन समस्याओं का हल नहीं निकलेगा।

### यह हफ्ता ईरान के लिए विनाशकारी : इजराइल

नई दिल्ली में इजराइल के राजदूत रुविन अजार ने कहा कि यह हफ्ता ईरान के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। अमेरिका मिडिल ईस्ट में बड़ी तादाद में जवानों को भेजने की तैयारी कर रहा है।

### ईरान की 6 प्रमुख मांगें

- भविष्य में कोई सैन्य हमला नहीं
- युद्ध के नुकसान की पूरी भरपाई
- होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूरा कंट्रोल
- बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर कोई भी प्रतिबंध नहीं
- प्रतिबंधों की वापसी
- खाड़ी क्षेत्रों में अमेरिका के सभी सैन्य बेस बंद हों

---

समान नागरिक संहिता बिल 2026 पास

## यूसीसी लागू करने वाले उत्तराखंड के बाद दूसरा राज्य बना गुजरात

एजेंसी ⏭ गांधीनगर

गुजरात में बुधवार को एक बड़ा कानूनी और राजनीतिक बदलाव देखने को मिला, जहां विधानसभा ने ऐतिहासिक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल 2026 को बहुमत से पास कर दिया है। इस महत्वपूर्ण कदम के साथ ही गुजरात, उत्तराखंड के बाद देश का दूसरा ऐसा राज्य बन गया है जिसने अपने यहां समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में ठोस कानूनी आधार तैयार किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा सदन में पेश किए गए इस बिल का उद्देश्य राज्य की कानून व्यवस्था और सामाजिक ढांचे को एक समान नियमों के सूत्र में बांधना है। इस कानून के लागू होने के साथ ही अब शादी, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे संवेदनशील मामलों में सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान नियम प्रभावी होंगे।



▪ इसमें बहुविवाह पर पूरी तरह रोक लगा दी गई

सीजेआई के भाई को किया था फोन

## चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा- हिम्मत कैसे हुई?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कुछ दिन पहले एक आदेश जारी किया था, जिसके बाद एक शख्स ने उनके ही भाई को फोन कर डाला और पूछ लिया कि सीजेआई ऐसा आदेश कैसे जारी कर सकते हैं? इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने हरियाणा सरकार के वकील को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने इस मामले में अवमानना की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। हरियाणा सरकार से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस बात का खुलासा किया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि किसी ने मेरे भाई को फोन किया और पूछा कि मैंने ऐसा आदेश कैसे पारित किया।



▪ शीर्ष कोर्ट के आदेश पर उठाए सवाल

*दुनिया के टॉप-50 संस्थानों में शामिल*

## जेएनयू और 4 आईआईटी ने एक बड़ी छलांग लगाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी और भारत के चार आईआईटी ने बड़ी छलांग लगाई है। इसके अलावा बाकी संस्थानों का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा है। जेएनयू से लेकर बिट्स पिलानी और चार आईआईटी इस लिस्ट में शामिल हैं। खास बात ये है कि इस बार भारत का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है और आईआईटी दिल्ली के पांच विषयों को दुनिया के टॉप-50 में जगह दी गई है। इस साल भारत के रिकॉर्ड 99 संस्थानों ने इस रैंकिंग में अपनी जगह बनाई है, जिनमें 20 नए विश्वविद्यालय हैं। भारत के करीब 44% विषयों की रैंकिंग पिछले साल के मुकाबले बेहतर हुई है।




▪ भारत के रिकॉर्ड 99 संस्थानों ने इस रैंकिंग में जगह बनाई

---

नागपुर हाईवे पर लोकायुक्त की कार्रवाई

## आरटीओ की महिला आरक्षक व सहयोगी रंगे हाथ दबोचे गए

**जबलपुर।** प्रदेश में रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। जिले में रिश्वत लेते हुए आरटीओ की महिला आरक्षक और एक सहयोगी को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा है। छतरपुर के रहने वाले जय सिंह यादव ने लोकायुक्त जबलपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वो नवी मुंबई के रहने वाले प्रशांत दत्तात्रेय जाधव की लोडिंग गाड़ी चलाता है। मालिक की करीब 10 गाड़ियां हैं जो देश के कई राज्यों में सामान की सप्लाई करती हैं।



▪ गाड़ी छोड़ने के एवज में मांगे थे साढ़े चार हजार

भिंड-जबलपुर में मिले धमकी भरे मेल

## पासपोर्ट और पोस्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

**जबलपुर/भिंड।** मध्य प्रदेश के पासपोर्ट कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल ने प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। इस धमकी के बाद जबलपुर के सिविल लाइन स्थित पासपोर्ट कार्यालय को तत्काल खाली कराते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई थी जिसके बाद तत्काल बीडीएस सहित डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे हुए थे। सूचना मिलते ही बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची।



▪ पासपोर्ट कार्यालय खाली किया सुरक्षा बढ़ाई

लेकिन, हरीश राणा ऐसे रहेगा जिंदा

## आंखें देखेंगी दुनिया, किसी के सीने में धड़केगा 'दिल'

**गाजियाबाद।** जिंदगी लंबी नहीं 'बड़ी' होनी चाहिए। भले ही यह फिल्मी डायलॉग हो, लेकिन इसे गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन निवासी हरीश राणा ने चरित्रार्थ कर दिया। हरीश राणा ने दुनिया से आखिरी विदाई से पहले उन लोगों को रोशनी दे दी। सुप्रीम कोर्ट के पैसिव यूथेनेशिया के फैसले के 13 दिन बाद आखिरकार हरीश ने दुनिया को अलविदा कह दिया। हालांकि, दुनिया से जाते-जाते उन्होंने कई अन्य के जीवन में रोशनी भरने की व्यवस्था कर दी।



▪ एम्स ने आंख हार्ट के वॉल्व सुरिक्षत किए

---

## छात्रों को मोबाइल की लत से बचाएगी कर्नाटक सरकार की नई 'डिजिटल पॉलिसी'

मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानसिक तनाव और नींद की कमी जैसी समस्याओं से बचाना

# 1 घंटा स्क्रीन टाइम और शाम 7 बजे के बाद तो इंटरनेट बंद

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

अलग खबर

बच्चों पर पड़ रहे मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए 'जिम्मेदार डिजिटल उपयोग' को बढ़ावा दिया है। इसके संबंध में एक ड्राफ्ट पॉलिसी जारी की गई है। कर्नाटक सरकार की इस नीति का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मोबाइल की लत, मानसिक तनाव और नींद की कमी जैसी समस्याओं से बचाना है।



### मनोरंजन का सीमित होगा समय

*छात्रों का मनोरंजन के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित कर दिया गया है। पॉलिसी के अनुसार, रोजाना केवल 1 घंटे तक ही छात्र मोबाइल फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए कर सकेंगे।*

### स्कूलों में 'नो टेक्नोलॉजी डे' मनाने की सलाह

अब छात्रों से संपर्क के लिए वाट्सएप के बजाए पारंपरिक डायरी सिस्टम को प्राथमिकता दी जाएगी। स्कूल के पाठ्यक्रम में 'डिजिटल वेल-बीइंग' और ऑनलाइन सुरक्षा को शामिल किया जाएगा। इससे बच्चे साइबर बुलिंग और प्राइवेसी के खतरों को समझ सकें और इससे बच पाएंगे। साथ ही, स्कूलों में डिजिटल डिटॉक्स डे या नो टेक्नोलॉजी डे जैसे कार्यक्रमों का आयोजित समय-समय पर किया जाएगा।




स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस बहुत पेनफुल समस्या है। इसके अलावा सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस जैसी स्पाइन रिलेटेड समस्याओं के ट्रीटमेंट में ईएसडीएस काफी इफेक्टिव हो सकती है। किस तरह की जाती है यह सर्जरी और नॉर्मल सर्जरी से कैसे है यह अलग, जानिए।

## स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस के ट्रीटमेंट में इफेक्टिव ईएसडीएस

**ट्रीटमेंट**

**डॉ. सुदीप जैन**
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नई दिल्ली



रीढ़ की गठिया यानी स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस की समस्या के इलाज के अंतिम विकल्प के रूप में एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) से मरीजों को अच्छे रिजल्ट मिल रहे हैं। इसके साथ ही सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या दूर करने में भी ईएसडीएस कारगर साबित हो रही है। ईएसडीएस की सफलता दर 95 प्रतिशत से ज्यादा है। इस तरह की सर्जरी के लिए इंट्राऑपरेटिव कंप्यूटर नेविगेशन सिस्टम, व्-आर्म और 3डी प्रिंटिंग का इस्तेमाल करके इंट्राऑपरेटिव 3डी रिकंस्ट्रक्शन इमेजिंग और रोबोट का प्रयोग किया जाता है।

**क्या है यह सर्जरी:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के तहत सर्जन रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के प्रभावित भाग पर एक सूक्ष्म चीरा या कट लगाते हैं। फिर इस कट के जरिए वह एंडोस्कोप को मरीज के प्रभावित भाग जैसे रीढ़ की वर्टिब्रा या डिस्क के समीप ले जाते हैं। एंडोस्कोप एक ट्यूब सदृश होती है, जिसमें लाइट और कैमरा फिट होते हैं, जिनकी मदद से सर्जन ईएसडीएस की प्रक्रिया को अंजाम देते हैं।



**नहीं होती कटिंग:** इस सर्जरी का नाम एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) तो है लेकिन खास बात यह है कि इसमें चीरफाड़ के स्थान पर रेडियो फ्रीक्वेंसी वेव्स, शॉक वेव्स, अल्ट्रासोनिक वेव्स और 'कोल्ड लेजर' का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा ओजोन का तरल रूप में इस्तेमाल भी करते हैं। रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के एब्नॉर्मल टिशूज को फ्रीज करके हटा दिया जाता है। स्पाइन के एब्नॉर्मल भाग को निकाल कर उसे वैक्यूम के जरिए सक कर निकाल लिया जाता है। ऐसा प्रोसीजर ट्रेडिशनल सर्जरी में नहीं होता।

**सर्जरी प्रोसीजर:** सर्जरी से पहले एंडोस्कोपी के जरिए विकारग्रस्त हड्डी की सटीक एनाटॅमी अत्यधिक सुस्पष्ट, बड़े (इनलार्ज) रूप में सर्जन को पता चल जाती है। जब कीहोल के जरिए एंडोस्कोपी को स्पाइन के प्रभावित भाग तक पहुंचाया जाता है, तब उस भाग की बड़ी और स्पष्ट छवि नजर आती है, जिससे सर्जन को सटीक ऑपरेशन करने में मदद मिलती है। ये विशेषताएं पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होतीं।

**नर्व्स रहती हैं सुरक्षित:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के दौरान स्पाइन के इर्द-गिर्द स्थित नसें (नर्व) सुरक्षित रहती हैं और इनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होती। नसों के सुरक्षित रहने की स्थिति में मरीज तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) से संबंधित कई आशंकित समस्याओं से सुरक्षित रहता है। जबकि यह बात पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होती।

**मधुमेह और हृदय रोगियों को राहत:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में सर्जिकल टाइम कम होता है। इस कारण मरीज को एनेस्थीसिया भी कम दी जाती है। इस कारण मधुमेह और हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों या फिर बढ़ती उम्र में होने वाली जटिलताओं से गुजर रहे व्यक्तियों में सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान होने वाला जोखिम बहुत कम हो जाता है।

**देते हैं लोकल एनेस्थीसिया:** अनेक मरीज बेहोशी शब्द सुनकर डर जाते हैं, लेकिन ईएसडीएस के अधिकतर मरीजों में लोकल एनेस्थीसिया से ही काम चल जाता है। इस सर्जरी में ज्यादातर लोकल एनेस्थीसिया देने से ज्यादातर मरीजों को बेहोश करने की जरूरत नहीं होती।

**रक्त की कम हानि:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में रक्त का कम से कम नुकसान होता है। ऐसी स्थिति में मरीज के ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**अगले दिन डिस्चार्ज:** सर्जरी के अगले दिन व्यक्ति अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाता है, जबकि पारंपरिक सर्जरी में ऐसा नहीं होता। सर्जरी के लगभग एक हफ्ते के बाद व्यक्ति अपने कार्य पर वापस जा सकता है। जो लोग वजन उठाने या शारीरिक श्रम से संबंधित कार्यों से जुड़े हैं, वे लोग भी अपने कार्य कर सकते हैं। आमतौर पर ट्रेडिशनल ओपन सर्जरी के बाद लगभग 20 से 25 प्रतिशत ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनमें दोबारा सर्जरी करनी पड़ती है, जिन्हें मेडिकल भाषा में 'फेल्ड बैक सर्जरी सिंड्रोम' कहते हैं। इसके विपरीत ईएसडीएस में अधिकतम 1 से 2 प्रतिशत मामलों में ही रिवीजन सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

---

लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट के समय या दिन में एक दो बार खाने का विचार आना सामान्य है, लेकिन ऐसा जब दिन में कई बार या कहें बार-बार आने लगे तो ऐसा फूड नॉइज के कारण हो सकता है। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। इसका आपके सामान्य जीवन पर गहरा असर हो सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ बचाव के बारे में भी जानिए।

## फूड नॉइज जब दिमाग में हर वक्त आए सिर्फ खाने का विचार



**डाइट सजेशन**

**शिखर चंद जैन**

कई लोगों के मन में हमेशा या कुछ कुछ देर के बाद खाने का विचार आता रहता है। कई बार तो एक समय का खाना खाने के दौरान ही दूसरे वक्त के खाने के बारे में खयाल आने लगते हैं। खाने के विचारों पर इस तरह का अनियंत्रण फूड नॉइज की वजह से हो सकता है।

### क्या है फूड नॉइज

जब आपके दिमाग में बार-बार लगातार सिर्फ भोजन की बातें गूंजने लगती हैं या कभी व्हाट्सएप, कभी यू-ट्यूब या कभी इंस्टाग्राम अथवा फेसबुक के माध्यम से अच्छे-बुरे फूड, नए-पुराने फूड या पौष्टिक-जंक फूड की चर्चा आपके जेहन में पहुंचाई जाती हैं तो यह सिचुएशन फूड नॉइज कहलाती है। फूड नॉइज का अर्थ है, भोजन के बारे में लगातार और अकसर परेशान करने वाले विचार। यह केवल 'भूख' लगने जैसा नहीं है। यह मन में चलने वाली एक ऐसी रेडियो फ्रीक्वेंसी की तरह है, जो आपको हर समय खाने, अगले भोजन की योजना बनाने या विशिष्ट खाद्य पदार्थों की लालसा के बारे में बताती रहती है। वास्तव में यह एक मेंटल स्टेट होती है। लेकिन अगर सही तरीके से मैनेज किया जाए तो इस समस्या का समाधान हो सकता है।

### फूड नॉइज के मुख्य लक्षण

फूड नॉइज महसूस करने वालों में इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- पेट भरा होने के बावजूद भोजन के बारे में सोचना। हर वक्त भोजन की योजना बनाना, जैसे रात के खाने में क्या होगा? या कल दोपहर क्या खाएंगे? इस तरह के विचारों का बार-बार आना।



- खाने पर नियंत्रण की कमी। यानी, खाने की इच्छा को नजरअंदाज करना लगभग असंभव लगना।
- खाने से भावनात्मक संबंध महसूस होना। किसी प्रकार के तनाव या बोरियत महसूस होने पर तुरंत खाने के बारे में सोचना।

### सामान्य भूख से अलग

जैविक भूख तो शरीर की जरूरत होती है। पेट में गुड़गुड़ाहट होना, ऊर्जा कम महसूस होना और खाना खाने के बाद यह शांत हो जाना, यह सब सामान्य है। लेकिन फूड नॉइज एक मानसिक समस्या है। खाना खाने के तुरंत बाद भी व्यक्ति यह सोच सकता है कि फ्रिज में रखी मिठाई या कोई डिश कब खानी है?

### फूड नॉइज के मुख्य कारण

मस्तिष्क का रिवॉर्ड सिस्टम इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। जब हम भोजन देखते हैं या उसके बारे में सोचते हैं, तो मस्तिष्क डोपामाइन रिलीज करता है। जिन लोगों में फूड नॉइज अधिक होता है, उनका मस्तिष्क भोजन के संकेतों (जैसे विज्ञापन या गंध) के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। हार्मोनल असंतुलन भी इसकी एक वजह है। शरीर के कुछ हार्मोन भूख और तृप्ति को नियंत्रित करते हैं। जैसे लेप्टिन मस्तिष्क को बताता है कि पेट भर गया है, जबकि घ्रेलिन यह भूख लगने का संकेत देता है। फूड नॉइज से ग्रस्त लोगों में इन हार्मोंस का संचार ठीक से नहीं होता, जिससे मस्तिष्क को कभी 'फुल' होने का संकेत नहीं मिलता। इनके अलावा कुछ दवाओं के सेवन ने भी फूड नॉइज शब्द को लोकप्रिय बनाया है। ये दवाएं मस्तिष्क में जी एक पी-1 रिसेप्टर्स पर काम करती हैं, जो न केवल पाचन को धीमा करती हैं बल्कि मस्तिष्क में उस 'शोर' को भी शांत कर देती हैं। कई लोग इन दवाओं को लेने के बाद पहली बार महसूस करते हैं कि बिना भोजन के विचार के भी रहा जा सकता है।

इसके अलावा तनाव और चिंता इसकी बड़ी वजह है। तनावपूर्ण स्थितियों में मस्तिष्क 'सर्वाइवल मोड' में चला जाता है और कैलोरी-युक्त भोजन की मांग करता है। प्रतिबंधित डाइटिंग भी इसकी वजह हो सकती है। जब हम किसी चीज को खाने से खुद को सख्ती से रोकते हैं, तो मस्तिष्क उस चीज के प्रति अधिक 'शोर' पैदा करता है।

### फूड नॉइज का जीवन पर प्रभाव

फूड नॉइज समस्या के कई तरह के मानसिक प्रभाव दिख सकते हैं। इनमें शामिल हैं-



**मानसिक थकान:** हर समय भोजन के बारे में सोचना मानसिक रूप से आपको थका देने वाला होता है।

**अपराध बोध:** बार-बार खाने के विचारों के कारण व्यक्ति खुद को कमजोर इच्छाशक्ति वाला मानने लगता है।

**एकाग्रता में कमी:** फूड नॉइज से ग्रस्त व्यक्ति का काम या पढ़ाई के दौरान भी ध्यान भोजन पर ही बना रहता है। *

**(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

### फूड नॉइज को कैसे रोकें


इस समस्या के समाधान के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं।

**माइंडफुल ईटिंग:** खाते समय पूरी तरह से भोजन पर ध्यान देना और उसके स्वाद को महसूस करना।

**पर्याप्त प्रोटीन और फाइबर:** ये लंबे समय तक पेट भरा होने का एहसास कराते हैं, जिससे मानसिक लालसा कम हो सकती है।

**नींद:** नींद की कमी भूख बढ़ाने वाले हार्मोंस को सक्रिय कर देती है।

**प्रोफेशनल मदद:** यदि यह ईटिंग डिसऑर्डर का रूप ले ले, तो मनोवैज्ञानिक या डाइटिशियन से सलाह लेना आवश्यक है।




---

## मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है

**फिटनेस फंडा**

**विकास सालगोत्रा**



एक्टर विकास सालगोत्रा इन दिनों सोनी सब पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान विष्णु की भूमिका में नजर आ रहे हैं। सीरियल में उनकी बॉडी काफी फिट और टोंड दिख रही है। वे अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान:** मैं प्योर वेजिटेरियन हूं, इसलिए कोशिश करता हूं कि सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मुझे वेजिटेरियन फूड से ही मिलें। इसीलिए अपनी डाइट में मैं प्रोटीन, फाइबर को प्रचुर मात्रा में शामिल करता हूं। मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है।

**वर्कआउट रूटीन:** अपनी फिजिकल फिटनेस को मेंटेन करने के लिए मैं हफ्ते में कम से कम 5 दिन वर्कआउट जरूर करता हूं। मेरा वर्कआउट रूटीन-हार्डकोर हैवी वेट ट्रेनिंग और कार्डियो का कॉम्बिनेशन होता है। इसके अलावा मुझे जॉगिंग करना भी बहुत पसंद है। इसलिए जॉगिंग भी करता हूं।

**बिजी शेड्यूल में टाइम:** यह सही है कि मेरा शेड्यूल बिजी रहता है। लेकिन मैं अपने फिटनेस को लेकर समझौता नहीं करता, उसके लिए टाइम जरूर निकालता हूं। इसके लिए मैं कोशिश करता हूं कि ज्यादा ना सोऊं, ताकि अपने फिटनेस रूटीन के लिए समय निकाल सकूं। हेल्थ के लिए जितनी देर सोना जरूरी है, उतना ही सोता हूं। आलस में बेड पर पड़े रहकर टाइम वेस्ट नहीं करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मेंटली हेल्दी रहने के लिए हमेशा पॉजिटिव सोचता हूं। इसके अलावा मेडिटेशन और योगाभ्यास भी करता हूं। अच्छी किताबें पढ़ता हूं और म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स भी बजाता हूं। इससे मुझे काफी संतुष्टि मिलती है।

**फिटनेस आइडल:** मेरे फिटनेस आइडल अक्षय कुमार हैं। उनकी फिटनेस और एनर्जी लेवल मुझे बहुत इंस्पायर करते हैं।

**रीडर्स के लिए मैसेज:** अपने फैंस और रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि फिटनेस दिमाग से शुरू होती है। अपने बारे में और दूसरों के लिए हमेशा अच्छा सोचिए, यही असली फिटनेस का मंत्र है। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

**हर्बल जोन**

**रेखा देशराज**

बदलते मौसम में शारीरिक रोगों के होने की आशंका बढ़ जाती है। इनसे बचाव के लिए अन्य सावधानियों के साथ ही आप नीम की कोमल पत्तियों का सेवन भी कर सकते हैं। ये किस तरह फायदेमंद है, बता रहे हैं विस्तार से।

## मौसमी रोगों से बचाती हैं नीम की कोमल पत्तियां





अपने देश में ऋतुओं के बदलने के साथ ही हमारी जीवनशैली भी बदल जाती है। इस तरह देखें तो हमारा शरीर बहुत कुछ प्राकृतिक बदलाव के साथ बदलता है। अगर हम इस बदलाव के अनुकूल नहीं चलते तो हमें कई तरह की शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और अगर इस बदलाव को प्रकृति के साथ बदल लेते हैं, तो निरोग रहते हैं। इन दिनों के वसंत ऋतु के दौरान वातावरण में हल्की गर्मी शुरू हो जाती है। ऐसे में हवा में पराग कणों की संख्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में इस दौरान अगर सावधानी न बरती तो कई तरह की मौसमी बीमारियों के चंगुल में आ सकते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नीम की कोमल पत्तियों का सेवन बहुत कारगर होता है। आयुर्वेद में नीम की कोमल पत्तियों को 'सर्वरोग निवारणी' कहा गया है। वसंत ऋतु में नीम के पेड़ों पर नई कोमल और हल्की कड़वी पत्तियां निकलती हैं, तब उन्हें विशेष रूप से औषधीय माना जाता है। यही कारण है कि इस मौसम में बहुत से स्वास्थ्य के प्रति सजग लोग नीम की कोमल पत्तियों को चबाकर खाते हैं।

**कम करे विषैले पदार्थ:** आयुर्वेद के मुताबिक वसंत ऋतु में शरीर में जमा हुआ कफ पिघलने लगता है। क्योंकि शीत ऋतु में हम प्रायः दूसरे मौसमों के मुकाबले ज्यादा और गरिष्ठ भोजन करते हैं। इस मौसम में मेहनत भी दूसरो मौसमों के मुकाबले कम करते हैं। यही कारण है कि सर्दी के दौरान खूब खाया गया कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में हमारे सामने आता है। एलर्जी, जुकाम, त्वचा रोग, सुस्ती और पाचन संबंधी गड़बड़ियों का नाता कहीं न कहीं इस मौसम की परिस्थितियों से होता है। ऐसे में नीम की पत्तियों का खाना बहुत लाभकारी होता है। नीम की पत्तियों का कड़वा स्वाद शरीर के भीतर जमा कफ और विषैले तत्वों को कम करने में सहायक होता है। इसलिए आयुर्वेद में वसंत को शोधन यानी सफाई का मौसम कहा जाता है और इस प्रक्रिया में ही नीम की पत्तियों का सबसे बड़ा योगदान होता है।

**बढ़ाए प्रतिरोधक क्षमता:** नीम की पत्तियों में कई प्रकार के जैव सक्रिय तत्व पाए जाते हैं जैसे-निंबिन, निमगिन और एंटीऑक्सीडेंट यौगिक। ये तत्व हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। आज के समय जब प्रदूषण, असंतुलित खान-पान और तनाव, हमारी प्रतिरक्षा क्षमता कमजोर कर रहा है, तब नीम की पत्तियां पहले से कहीं ज्यादा लाभकारी साबित होती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये सस्ती और सुलभ प्राकृतिक औषधि के रूप में हमें उपलब्ध होती है। अगर हम इस मौसम में नियमित रूप से नीम की पत्तियों का प्रतिदिन सेवन कर लें तो एक महीने का सेवन पूरे साल हमें कई तरह के शारीरिक संक्रमणों से बचाता है।

**त्वचा की सुरक्षा-रक्त शुद्धि:** वसंत ऋतु में त्वचा संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं, जैसे दाने निकलना, खुजली, फुंसियां होना तथा एलर्जी होना। नीम को इन सभी तरह की समस्याओं से छुटकारा देने वाली प्राकृतिक औषधि माना जाता है। इसके अलावा नीम की पत्तियों वाले उबले पानी से नहाएं तो हमें कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियां नहीं होंगी। रक्त शुद्धि करने वाला नीम इसीलिए सदियों से भारतीय समाज में एक औषधीय पेड़ के रूप में ही उगाया जाता रहा है।

**करे पाचन में सुधार:** नीम की कड़वाहट हमारी पाचनशक्ति को भी सक्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाती है। कोमल नीम की पत्तियां कुछ दिनों तक सेवन करने से शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होती हैं। यही नहीं इस मौसम में नीम की पत्तियां सेवन करने से हमारा पाचनतंत्र बेहतर और मजबूत होता है। *



जबलपुर
गुरुवार 26 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -8
वर्ष : 20, अंक : 324
पृष्ठ : 8+6 =14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**जबलपुर।** गोटेगांव के पास स्थित जोतेश्वर जिला नरसिंहपुर में त्रिपुर सुंदरी मां राज राजेश्वरी का चूड़ी श्रृंगार नव रात्रि में देवी का प्रति दिन अलग अलग श्रृंगार किया जाता है।



गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका खारिज

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा -वंदे मातरम न गाने पर कोई दंड का प्रावधान नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों और सरकारी संस्थानों में रोजाना 'वंदे मातरम' गाने को अनिवार्य बनाने वाले केंद्र सरकार के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने याचिका को 'प्री-मैच्योर' करार देते हुए स्पष्ट किया कि सरकार की निर्देशिका या सलाह के आधार पर किसी के साथ भेदभाव हो रहा हो तो सुनवाई का कोई अर्थ होगा, इसलिए सुनवाई की जरूरत नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने सुनवाई के दौरान साफ कहा कि सरकार की एडवाइजरी या निर्देशिका के आधार पर अगर किसी के साथ कोई भेदभाव या जबरदस्ती होती है।




**बेंच ने कहा कि ये दिशा निर्देश केवल एक प्रोटोकॉल हैं और इनका पालन करना अनिवार्य नहीं है**







## अष्टमी-मां महागौरी



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥

## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर रिंकू सिंह बने रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर

**लखनऊ।** उप्र के उभरते क्रिकेट स्टार रिंकू सिंह को राज्य सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सीएम योगी ने उन्हें रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया है। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रिंकू सिंह की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके करियर के लिए बड़ी है, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई है। टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद रिंकू सिंह को यह सम्मान मिला है। उनके साथ कुल 14 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया, जो अलग-अलग खेलों से जुड़े हैं। सरकार का यह कदम खिलाड़ियों की मेहनत और प्रतिभा को पहचान देने का एक प्रयास है। रीजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर का पद ग्रुप-बी गजेटेड कैटेगरी में आता है।



### 1 अप्रैल से बदल जाएंगे ऑनलाइन पेमेंट के नियम

**नई दिल्ली।** एक अप्रैल 2026 से यूपीआई, कार्ड और वॉलेट से होने वाले सभी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य होगा। अब भुगतान वेरिफाई करने के लिए पिन के साथ-साथ बायोमेट्रिक्स या डायनामिक ओटीपी का उपयोग करना होगा।



स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय से जारी किया परिणाम

5वीं में 95.14 और 8वीं में 93.83 प्रतिशत रहा परिणाम, छात्राएं रहीं अव्वल

परिणामों में टॉप 10 जिलों में नरसिंहपुर जिला आगे रहा

# 5वीं में शहडोल और नरसिंहपुर आगे 8वीं में इंदौर-नरसिंहपुर ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों का बुधवार को इंतजार खत्म हुआ। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम जारी किए।

प्रदेश में इस बार कक्षा 5वीं में 96.19 प्रतिशत छात्राएं एवं 94.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं कक्षा 8वी में 94.98 प्रतिशत छात्राएं एवं 92.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषणा की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू हुई।

*कक्षा 5वीं में 96.19 प्रतिशत छात्राएं एवं 94.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं कक्षा 8वीं में 94.98 प्रतिशत छात्राएं एवं 92.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए*

**12 हज़ार 943 केंद्रों पर हुई परीक्षा**



उदय प्रताप सिंह परीक्षा परिणाम पर मीडिया से चर्चा करते हुए

**स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा- जो असफल हुए, वे भी सफल होंगे, उम्मीद रखें**

### असफल विद्यार्थियों को मिलेगा एक और अवसर

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि जो छात्र एवं छात्राएं परीक्षा में असफल हुए हैं उनके लिए जल्द ही पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें जो विद्यार्थी जिस विषय में असफल रहे हैं उन्हें मात्र उसी विषय की दोबारा परीक्षा देनी होगी।

#### 24 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए

कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा में प्रदेश के 1 लाख 10 हजार 699 शासकीय, निजी विद्यालयों तथा मदरसों के लगभग 23 लाख 68 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिनमें से 93 हजार 281 विद्यालय ग्रामीण तथा 17 हजार 418 विद्यालय शहरी क्षेत्रों के हैं। इनमें 86 हजार 134 शासकीय, 24 हजार 23 निजी विद्यालय एवं 542 मदरसे शामिल हैं।

भूमि अधिग्रहण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## वित्तीय बोझ मुआवजा घटाने का आधार नहीं



***अब किसानों को मिलेगा बढ़ा हुआ मुआवजा***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को महत्वपूर्ण राहत देते हुए कहा है कि 2013 से पहले अधिग्रहित जमीन के लिए भी उचित मुआवजा, सोलेटियम (अतिरिक्त मुआवजा) और ब्याज का भुगतान किया जाना चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सिर्फ वित्तीय बोझ का हवाला देकर किसानों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 2013 से पहले विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित जमीन पर दिए गए बढ़े हुए मुआवजे, सोलेटियम और ब्याज के पुराने फैसलों की समीक्षा की मांग की थी।

बलेनो कार ट्रैक्टर से टकराई

# पंचायत सचिव के बेटे और भतीजे सहित तीन की मौत

**ईंटखेड़ी में रायपुर जोड़ पर गांव निपानिया जाट में हुआ दर्दनाक हादसा, एक की हालत नाजुक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव निपानिया जाट में रायपुर जोड़ पर मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे बलेनो कार और ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पंचायत सचिव के बेटे भतीजे सहित तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



#### घर से डेढ़ किलोमीटर दूर है निपानिया जाट

जिस जगह हादसा हुआ वह जगह मोतीलाल मेहरा के घर से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है। मोतीलाल को घटना की जानकारी मोबाइल पर मिली और आसपास के लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए।

मोनालिसा ने सनोज मिश्रा पर लगाए गंभीर आरोप

# मुझे 10 बार गलत छुआ, वो गंदा काम करता है, मेरे परिवार ने साथ नहीं दिया

**डायरेक्टर सनोज मिश्रा बोले- मोनालिसा को मेरे खिलाफ भड़काया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

मोनालिसा को अपनी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कराने जा रहे निर्देशिक सनोज मिश्रा पर वायरल गर्ल ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कोच्चि में अपने पति फरमान के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए मोनालिसा ने कहा कि वे दोनों इस समय धमकियों और बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं।



मोनालिसा

#### सनोज बोले- मेरे या परिवार के साथ कुछ भी हो सकता है

डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने कहा है कि मोनालिसा का जिस तरह से ब्रेनवाश किया गया है। उससे आशंका है कि अब मेरे या मेरे परिवार के साथ कुछ भी हो सकता है। मोनालिसा ने इसके पहले मेरे लिए बहुत अच्छा बोला अचानक एक रात में क्या हो गया।



सनोज मिश्रा

अभी पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर सक्रिय

27 मार्च की रात से मप्र में असर होगा शुरू

# मार्च आखिर से अप्रैल की शुरूआत तक बारिश-आंधी, 2 दिन पारा बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में मार्च के अंत से अप्रैल महीने के शुरूआती दो-तीन दिन बादल और आंधी-बारिश का दौर रहेगा। इससे करीब एक सप्ताह मौसम में बदलाव के साथ तापमान में भी तेजी से घट-बढ़ होगी।

अभी दो दिन तापमान में बढ़त रहेगी, जबकि इसके बाद पारा दो से तीन डिग्री तक गिर सकता है।

***कई जिलों में आंधी के साथ बारिश होगी***

***भोपाल में पारा 36 डिग्री के करीब***



अयोध्या बायपास रोड, दोपहर 3:13 बजे का दृश्य

#### प्रदेश में पारा सामान्य से ऊपर

बुधवार को प्रदेशभर में दिन के तापमान में तेजी से बढ़त रहने से गर्मी का अहसास बढ़ा है। सबसे अधिक पारा खंडवा में 38.5 और खरगोन में 38 डिग्री रहा है। भोपाल में 1.4 डिग्री की बढ़त के साथ 35.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से आधा डिग्री अधिक है।

#### अभी रात में गर्मी से कुछ राहत

दिन के तापमान में बढ़त के साथ रात का पारा भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है। बुधवार को सबसे कम न्यूनतम पारा पचमढ़ी में 12.8 डिग्री रहा है। इसके साथ ही पांच जिलों में तापमान अभी 16 डिग्री से कम रहा है। इनमें अमरकंटक 13.4, कटनी 15.1, कल्याणपुर (शहडोल) 15.7 और मंदसौर में 15.9 डिग्री तक रहा है।



चिंतन

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करना हो अगला कदम

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध भड़कने के बाद एक बात पूरी दुनिया को समझ में आ गई है कि अब उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 'आउट ऑफ बॉक्स' सोच की जरूरत है। इस युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा चर्चा का रुख निर्णायक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर मोड़ दिया है। यूरोप, यूनाइटेड किंगडम और जापान जैसे देशों ने अपने घरेलू ऊर्जा स्रोतों को सुरक्षित करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यह व्यवधान लंबा खिंच सकता है और संरचनात्मक रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। आपूर्ति में कमी और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का असर बाजारों पर संघर्ष खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक बना रह सकता है। इसी परिदृश्य में भारत भी ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अपने प्रयास तेज कर रहा है। शायद यही हमारे लिए सबसे अच्छा विकल्प भी है। अधिक आक्रामक तरीके से ड्रिलिंग करने की मौजूदा पहल 2025 और 2026 की शुरुआत से ही गति पकड़ चुकी थी, जिसे अब भू-राजनीतिक दबावों ने और तेज कर दिया है। इस बदलाव का सबसे स्पष्ट संकेत ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) से मिला है, जिसकी हालिया पहल दिखाती है कि भारत अब केवल इरादों से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहा है। ओएनजीसी द्वारा लगभग 20 अरब डॉलर का वैश्विक टेंडर जारी कर गहरे समुद्र में ड्रिलिंग रिग्स किराए पर लेने का फैसला भारत की अपस्ट्रीम रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इस योजना का विशाल आकार और केवल 80 दिनों में रिग्स जुटाने की शर्त भारत के अन्वेषण इतिहास में शायद ही कभी देखी गई तत्परता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम उत्पादन वाले और नए (फ्रंटियर) दोनों तरह के बेसिन को कवर करता है। ओएनजीसी कृष्णा-गोदावरी बेसिन में गतिविधि बढ़ा रहा है और साथ ही अंडमान के अल्ट्रा-डीपवॉटर क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहा है, जिन्हें लंबे समय से संभावनाशील लेकिन कम खोजे गए क्षेत्र माना जाता रहा है। बीपी, एक्सॉनमोबिल, टोटलएनर्जीज और पेट्रोब्रास जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी यह दर्शाती है कि भारत जटिल समुद्री क्षेत्रों में तेजी से परिणाम पाने के लिए तकनीक और विशेषज्ञता आयात करने को तैयार है। यह केवल ड्रिलिंग गतिविधि का विस्तार नहीं, बल्कि एक रणनीतिक उछाल है। डीपवॉटर अन्वेषण महंगा और अनिश्चित होता है, लेकिन इसमें बड़े भंडार मिलने की संभावना होती है, जो भारत के ऊर्जा संतुलन को बदल सकती है। अरबों डॉलर का निवेश यह दिखाता है कि ऊर्जा सुरक्षा अब राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है। सरकार अब रसोई गैस (एलपीजी) पर निर्भरता कम करने के लिए एथेनॉल का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एथेनॉल बेस्ड कुकिंग स्टोव (चूल्हे) बनाने पर काम हो रहा है। हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी बेहद शुरुआती चरण में है। सोलर एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल बढ़ाना भी इस दिशा में अहम कदम हो सकता है। हालांकि इसमें भी समस्या सप्लाई चेन की ही है। हम ईवी के लिए अभी बड़े पैमाने पर चीन व अन्य देशों पर निर्भर हैं। ऐसे में ऊर्जा सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भता ही सर्वोत्तम विकल्प है। वैश्वीकरण के मौजूदा दौर में जब दुनिया सप्लाई चेन के लिए एक-दूसरे पर आश्रित हो गई है तो भी जरूरी है कि ऐसे स्रोतों का विविधीकरण करके किसी एक पर ही निर्भर न रहा जाए।




आर्थिकी
सतीश सिंह

# कमजोर और कमतर होता रुपया

> इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के स्तर पर था। 1947 में एक डॉलर की कीमत 4 रुपये थी, जो 2022 में घटकर 80 रुपये हो गई और अब यह कमजोर होकर 93 रुपये के स्तर पर आ गया है। केवल 3 वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 13 रुपये कमजोर हुआ है। युद्ध के कारण निवेशकों के बीच डर का माहौल है, जिससे एशियाई बाजार और भारतीय शेयर बाजार जैसे सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई है। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था अभी मजबूत है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहता है तो रुपये और कमजोर होंगे और भारत को कई आर्थिक स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

बीस मार्च को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर 93.24 पर पहुंच गया, जो बाद में सुधरकर 93.12 के स्तर पर आ गया। इस गिरावट का कारण कच्चे तेल का बढ़ता आयात बिल और विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से लगातार पैसा निकालना है। इस महीने की शुरुआत में रुपया 92 के स्तर पर था। 1947 में एक डॉलर की कीमत 4 रुपये थी, जो 2022 में घटकर 80 रुपये हो गई और अब यह कमजोर होकर 93 रुपये के स्तर पर आ गया है। केवल 3 वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 13 रुपये कमजोर हुआ है।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ रही हैं। खाड़ी देशों में ईरान के हमलों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। भारत अपनी कुल जरूरत का 85% कच्चा तेल रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका और यूएई से आयात करता है, लेकिन फिलहाल अमेरिका के कारण रूस से तेल की आपूर्ति सामान्य नहीं हो पा रही है। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ रही हैं। ध्यान दें कि कच्चे तेल का भुगतान डॉलर में किया जाता है। तेल की कीमतें बढ़ने से डॉलर की मांग भी बढ़ी है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा है और रुपया कमजोर हो रहा है। तेल की कीमतें बढ़ने से हवाई यात्रा, परिवहन और जरूरी वस्तुओं की कीमतें भी भारत में बढ़ रही हैं। 22 मार्च 2026 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 709.76 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर था। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने की वजह से डॉलर अधिक खर्च हो रहा है, साथ ही रिजर्व बैंक रुपये को स्थिर रखने के लिए डॉलर की लगातार बिक्री कर रहा है, क्योंकि वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। इन कारणों से 13 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 7.052 अरब डॉलर की तेज़ गिरावट दर्ज की गई थी। उससे पहले, 6 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट हुई थी। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2026 के मध्य में, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 725 अरब डॉलर से अधिक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक अनिश्चितता और डर के कारण, मार्च तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लगभग 8 अरब डॉलर, यानी करीब 83,000 करोड़ रुपये, भारतीय शेयर बाजार से निकाल लिए हैं। रुपये के कमजोर होने के कारण, विदेशी निवेशक अपने पैसे सुरक्षित रखने के लिए भारत जैसे उभरते बाजार से पैसा निकालकर अमेरिकी बॉन्ड्स में निवेश कर रहे हैं। इस बिकवाली से रुपये कमजोर हो रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से दुनिया का 20 फीसदी और भारत का लगभग आधा तेल गुजरता है। ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस रूट पर आपूर्ति में बाधा का खतरा बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक इस समुद्री मार्ग की स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। रुपये की कमजोरी के कई दुष्परिणाम हैं। इसकी कमजोर स्थिति से भारत में आयात महंगे हो



जाएंगे, जैसे क्रूड ऑयल और इलेक्ट्रॉनिक आइटम, जिनमें मोबाइल और लैपटॉप भी शामिल हैं। आयात महंगा होने से देश के चालू खाते का घाटा बढ़ेगा। जिन कंपनियों ने विदेश से कर्ज लिया है, उन्हें चुकाने के लिए ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ेगी। इससे विदेश में पढ़ाई का खर्च भी बढ़ेगा, और यह भारत की आर्थिक विकास दर को प्रभावित कर सकता है। लगातार बढ़ती कच्चे तेल की कीमत महंगाई को बढ़ाएगी और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगी। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करना भी मुश्किल हो जाएगा, जिससे बचत में कमी, बैंकों को सस्ती पूंजी की किल्लत, कर्ज दर में वृद्धि, आर्थिक गतिविधियों में कमी, महंगाई में वृद्धि और विकास दर में गिरावट आएगी। रुपये की कमजोरी के कुछ फायदे भी हैं, जैसे कि इससे निर्यातकों को लाभ होता है। आईटी, फार्मा और ऑप्टिकल उद्योग की कंपनियों को उनके उत्पाद या सेवाओं के लिए डॉलर में भुगतान मिलता है। जब ये डॉलर को रुपये में बदलते हैं, तो उन्हें अधिक रुपये मिलते हैं। भारत में विदेशी पर्यटकों के लिए यात्रा करना सस्ता हो जाएगा, जिससे स्थानीय पर्यटन क्षेत्र को फायदा होगा। विदेशों में काम करने वाले भारतीय अपने परिवारों को जो पैसा भेजते हैं, वह अधिक रुपये में मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक कच्चे तेल की कीमतें 110-115 डॉलर से ऊपर हैं और विदेशी निवेशक बेचवाली कर रहे हैं, रुपये कमजोर बना रहेगा। यदि वैश्विक माहौल में कोई सुधार नहीं होता, तो यह 94 के स्तर को भी पार कर सकता है।

किसी भी देश की मुद्रा का मूल्य मुख्य रूप से उसके अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, यदि भारत को अधिक सामान जैसे कच्चा तेल मंगवाना हो तो उसे अधिक डॉलर की आवश्यकता होगी। इस मांग के बढ़ने पर डॉलर की कीमत बढ़ेगी और वह महंगा हो जाएगा, जिससे रुपया कमजोर हो जाएगा। मुद्रा की कीमत का निर्धारण देश की महंगाई दर, ब्याज दरें और विदेशी निवेशकों का भरोसा भी करता है। जब महंगाई कम रहेगी तो आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और अर्थव्यवस्था स्थिर रहने पर विदेशी निवेशक भारत में निवेश करेंगे, जिससे डॉलर की आमद बढ़ेगी और रुपया मजबूत होगा। आसान शब्दों में, दुनिया में जिस मुद्रा की मांग अधिक और आपूर्ति कम होगी, उसकी कीमत भी उतनी ही अधिक होगी।

अंत में कहा जा सकता है कि रुपये की कमजोरी के फायदे कम और नुकसान ज्यादा हैं। युद्ध के कारण निवेशकों के बीच डर का माहौल है, जिससे एशियाई बाजार और भारतीय शेयर बाजार जैसे सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई है। वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक शेयर बाजार में बिकवाली कर रहे हैं, जिससे देश में निवेश घट रहा है, क्योंकि भारत में विदेशी निवेशकों का अहम योगदान है। इसके अतिरिक्त, इससे भारत में उर्वरक, तेल और रसोई गैस की कमी हो गई है। शिपिंग मार्गों में रुकावट से कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर प्रभाव पड़ा है। इन बाधाओं से महंगाई बढ़ी है, व्यापार घाटा बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार कम हो रहा है। वर्तमान स्थिति में सरकार को उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किसानों को सब्सिडी देनी पड़ेगी, क्योंकि भारत में उर्वरक का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। इससे राजकोषीय दबाव का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था अभी मजबूत है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहता है तो रुपये और कमजोर होंगे और भारत को कई आर्थिक स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

(लेखक एसबीआई मुंबई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

रामनवमी पर विशेष
मुनीष भाटिया




# आध्यात्मिक चेतना और दर्शन के शाश्वत प्रतीक हैं श्रीराम

मानव जीवन एक सतत यात्रा है-सत्य, प्रेम और आत्मबोध की यात्रा। इस यात्रा में राम एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह हमारे साथ रहते हैं। वे केवल इतिहास या ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के अंतर्मन में बसने वाली वह चेतना है, जो हमें सही और गलत का भेद सिखाती है। उनका नाम केवल धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने की अनुभूति है। आज का समाज अनेक विभाजनों में बंट चुका है-जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर। इन विभाजनों ने मानवता की मूल भावना को कमजोर कर दिया है। लेकिन राम का जीवन हमें यह सिखाता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म वही है, जो सबको साथ लेकर चले। शबरी के प्रेम से सिक्त बेर स्वीकार करना, निषादराज को आत्मीय मित्र बनाना और हनुमान जैसे भक्त को हृदय से लगाना-ये सभी प्रसंग यह दर्शाते हैं कि राम के लिए कोई भी ऊंच-नीच या भेदभाव नहीं था। वे समरसता और समानता के सच्चे प्रतीक हैं। राम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने जीवन के हर संबंध और हर भूमिका में मर्यादा का पालन किया। चाहे वह पुत्र के रूप में पिता के वचन का पालन हो, राजा के रूप में प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व, या एक मित्र के रूप में निष्ठा-हर स्थान पर उन्होंने आदर्श स्थापित किए। आज जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों के कारण मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहा है, तब राम का जीवन हमें अनुशासन और संयम का महत्व याद दिलाता है। उन्होंने चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि कर्तव्य और वचन की मर्यादा सर्वोपरि होती है। राम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि मनुष्य अपने कर्मों और आचरण से ही महान बनता है। वे हमें यह समझाते हैं कि "पुरुष" से "पुरुषोत्तम" बनने की यात्रा बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से तय होती है। जब व्यक्ति लोभ, मोह, अहंकार और वासना जैसे बंधनों से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्म करता है, तभी वह अपने वास्तविक स्वरूप के निकट पहुंचता है। राम का यह संदेश हमें आत्मोन्नति की ओर प्रेरित करता है। मानव की सबसे बड़ी चुनौती उसकी अनियंत्रित इच्छाएं हैं, जो उसे भ्रम और पतन की ओर ले जाती हैं। इसके विपरीत, रावण का चरित्र यह दर्शाता है कि ज्ञान और शक्ति होते हुए भी यदि व्यक्ति अपने अहंकार और वासना पर नियंत्रण नहीं रखता, तो उसका विनाश निश्चित है। इस प्रकार राम और रावण का अंतर केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक मूल्यों का अंतर है। राम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश "निष्काम कर्म" का है- ऐसा कर्म, जिसमें फल की अपेक्षा न हो। जब व्यक्ति बिना स्वार्थ के अपना कर्तव्य निभाता है, तो वह न केवल मानसिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनता है। आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतना व्यस्त हो गया है कि उसने आंतरिक संतोष और शांति को पीछे छोड़ दिया है। राम का मार्ग हमें सादगी, संतुलन और आत्मिक संतोष की ओर लौटने का आह्वान करता है। सत्य और धर्म राम के जीवन के मूल आधार रहे हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में सत्य का साथ दिया, चाहे वह कितना ही कठिन क्यों न हो। यह हमें सिखाता है कि सच्चाई का मार्ग भले ही चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन अंततः वही स्थायी विजय का मार्ग है। इसी संदर्भ में आज के समय में राम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव के बीच व्यक्ति स्वयं से दूर होता जा रहा है। ऐसे में राम का जीवन हमें आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करता है। वे सिखाते हैं कि बाहरी सफलता के साथ-साथ आंतरिक संतुलन भी आवश्यक है। यदि मन अशांत है, तो कोई भी उपलब्धि हमें संतुष्टि नहीं दे सकती। इसलिए राम का मार्ग केवल नैतिकता का ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन का भी मार्ग है। इसके अतिरिक्त, राम का जीवन नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजा के रूप में सदैव प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। आज के नेतृत्वकर्ता यदि राम के इस गुण को अपनाएं, तो समाज में न्याय और विश्वास की स्थापना हो सकती है। राम हमें यह भी सिखाते हैं कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो त्याग, सेवा और समर्पण पर आधारित हो, न कि केवल सत्ता और अधिकार पर। अंततः, राम कोई दूरस्थ आदर्श नहीं, बल्कि हमारे भीतर जागृत होने वाली वह चेतना हैं, जो हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देती है। उनका संदेश सरल है-सत्य का अनुसरण करो, धर्म का पालन करो, और मानवता को सर्वोपरि रखो। यही जीवन का सार है, और यही सच्चे अर्थों में राम को जीना है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## धैर्य के साथ करें आत्म मूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता

## विकास के द्वार बंद करता है श्रमरहित पराश्रित जीवन



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## शोभायात्रा में उमड़े लोग



**शिमला।** मंगलवार को शिमला में चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान राम नवमी से पहले 'शोभा यात्रा' जुलूस में लोग भाग लेते हुए।

## आज की पाती

### परमात्मा बेईमानी-चालाकी सब देखते हैं

दुनिया की नजर से बचकर हम चालाकियां और बेईमानियां कर सकते हैं, लेकिन जो हमारे कर्मों का लेखा-जोखा रख रहा है, उससे हम कुछ नहीं छुपा सकते। हम सब जानते हैं कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, लेकिन फिर भी कुछ लोग इस अटल सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए बेईमानी और अन्य गलत कामों को करने से परहेज नहीं करते, बेशक उन्होंने बुरे कर्मों का नतीजा भुगता ही क्यों न हो, लेकिन फिर भी वो दुनिया से नजर बचाकर बेईमानी और चालाकी करने से बाज नहीं आते। परमात्मा हमारी अंतरात्मा पर भी नजर रखता है, वो हमारी सोच, मन, मस्तिष्क में क्या चल रहा है, उसको भी देखता है। परमात्मा की नजर में हमारे कर्म रिकॉर्ड होते हैं।

*– धर्मपाल रोहिल्ला, बरोदा, सोनीपत।*

## ट्रेंड

### शांति और स्थिरता पर चर्चा



राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ट्रांसजेंडर विधेयक



भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडरों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर खुला हमला है। यह प्रतिगामी विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों से उनकी स्वयं की पहचान करने का अधिकार छीन लेता है, जो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आईपीडी टावर की उपेक्षा



जयपुर के महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट) में बन रहा आईपीडी टावर भी आज भाजपा सरकार की उपेक्षा का शिकार है। हमारी कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2023 में इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया था।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### बिहार में अपराध



बिहार में अपराधियों का काम अब पुलिस कर रही है। दारू पीकर दरोगा किसी को भी गोली मार देता है और दरोगा का कुछ नहीं बिगड़ता। ये भ्रष्ट असामाजिक तत्व हमारे लोगों के संयम और अनुशासन को कमजोरी ना समझें।

-तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

## करंट अफेयर

### ईरान में छिड़ी जंग से ज्यादा परेशान ये मुल्क



ईरान में अमेरिका और इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। ईरान के तेल कुएं हों या फिर गैस फील्ड, सभी को अमेरिका और इजरायल ने टारगेट किया है। वहीं ईरान ने भी संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और बहरीन समेत कई ऐसे देशों पर हमले किए हैं, जहां से बड़ी संख्या में तेल और गैस की सप्लाई दुनिया भर में की जाती है। इस जंग ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी बाधित किया है, जहां से दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल कारोबार होता है। इसके चलते भारत समेत कई देशों में तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह है कि भारत ने अपनी तेल की जरूरतों को डाइवर्सिफाई किया है। वहीं पाकिस्तान, जापान, थाइलैंड और कोरिया जैसे देशों को ज्यादा परेशानी है। एक रिपोर्ट के अनुसार खाड़ी देशों से अपनी जरूरत का सबसे ज्यादा तेल आयात पाकिस्तान करता है। इसके बाद दूसरा नंबर जापान, तीसरा थाईलैंड और चौथा साउथ कोरिया का है। इसके बाद 5वां नंबर भारत का आता है। साफ है कि ईरान में चल रही जंग से भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा परेशान पाकिस्तान है। इस संकट के चलते एक तरफ सप्लाई पर असर पड़ा है तो वहीं कच्चे तेल के दाम भी 100 डॉलर के ऊपर लगातार बने हुए हैं।

## ऑफ बीट

### कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## दक्षिणेश्वर काली मंदिर के दर्शन कर बोले नबीन

# मां का पूजार्चन कर बंगाल सहित पूरे देश के कल्याण की कामना की, 'मां के आशीर्वाद से ही बनेगा 'सोनार बंगाल'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने दो दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान ऐतिहासिक दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और बंगाल सहित पूरे देश के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने ममता सरकार पर निशाना साधा। ममता सरकार की नीतियों को तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने 2 दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान ऐतिहासिक दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और बंगाल सहित पूरे देश के कल्याण की कामना की। चैत्र नवरात्र के मौके पर मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि आज मां काली के दरबार में दर्शन-पूजन का सौभाग्य मिला है। मां हम सभी को आशीर्वाद दें। उन्होंने बताया कि मां से 'सोनार बंगाल' और 'विकसित बंगाल' बनाने का आशीर्वाद मांगा है। नितिन ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि जिस राज्य को उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, वही आज बदलाव के दौर से गुजर रहा है। पश्चिम बंगाल की संस्कृति ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा है लेकिन आज यहां लोग संस्कृति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उनकी सरकार की नीतियों को तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया। राज्य में धार्मिक मामलों को लेकर असमानता देखने को मिल रही है।

### पार्टी के नेतागण भी रहे मौजूद



**भाजपा अध्यक्ष ने कहा बंगाल बदलाव के दौर से गुजर रहा**

### आज राज्य में पूजा-पाठ के लिए हाईकोर्ट से अनुमति लेनी पड़ रही

नबीन ने कहा कि आज बंगाल में सार्वजनिक रूप से नमाज पढ़ने की अनुमति मिल जाती है, लेकिन मां की पूजा के लिए पंडाल लगाने के लिए हाईकोर्ट से अनुमति लेनी पड़ती है। यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है उन्होंने उम्मीद जताई कि मां काली के आशीर्वाद से राज्य में सकारात्मक बदलाव आएगा और बंगाल फिर से अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा 'सोनार बांग्ला' और 'विकसित पश्चिम बंगाल' के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

**भवानीपुर में सुवेंदु ने ममता को खूब सुनाया**

### टीएमसी डबल डिजिट पार नहीं करेगी

भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करने पहुंच भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल डबल डिजिट पार नहीं करेगी। यह ट्रिपल डिजिट नहीं होगा। वे बंगाल को मोदीजी के हाथों में छोड़ना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि मोदीजी ने नंदीग्राम की तरह ममता बेनर्जी को सीरियसली हराने के लिए विपक्षी नेता को भेजा है। वे हिम्मत के साथ निकले हैं। वे भी बदलाव चाहते हैं। आई पैक ने जो किया है, उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। अधिकारी ने कहा कि आप नंदीग्राम की जितनी ज़्यादा ज़िम्मेदारी लेंगे, मैं उतने ही ज़्यादा वोटों से ममता बनर्जी को फिर से हरा पाऊंगा।



### तमिलनाडु में एनडीए का 7 पार्टियों से समझौता

तमिलनाडु में चुनाव के लिए एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय हो गया है। एआईएडीएमके तमिलनाडु में एनडीए की अगुवाई कर रहा है। उसने 7 दलों के साथ सीट-शेयरिंग एनडीए में हुए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अनुसार भाजपा 27 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।वहीं पट्टाली मक्कल काची18 सीटों पर, अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम 11 सीटों पर, तमिल मनीला कांग्रेस 5 सीटों पर, इंडिया जननायक काची 2 सीटों पर, तमिलगा मक्कल मुनेत्र कड़गम 1 सीट पर और पुरैची भारतम 1 सीट पर चुनाव लड़ेगी।

**ओवैसी ने हुमायूं की पार्टी से मिलाया हाथ**



### बंगाल में घुटन महसूस कर रहे लोग

जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुमायूं कबीर ने कहा कि हम पूरे राज्य में 20 रैलियां करेंगे। पहली रैली 1 अप्रैल को बहरामपुर में ओवैसी के साथ होगी।वहीं, ओवैसी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं। उनकी पार्टी ने हुमायूं की पार्टी से हाथ मिलाया है।

### फिरहाज हकीम ने ममता के लिए मांगे वोट

भवानीपुर चुनाव क्षेत्र में प्रचार करते हुए फिरहाज हकीम ने दावा किया कि ममता बनर्जी ने पूरे बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत पक्की करने का जिम्मा अपने कंधों पर लिया है। उन्होंने हमें अपने घर की जिम्मेदारी दी है। हमें उस जिम्मेदारी को पूरा करना है और लोगों के पास जाकर बस यही कहना है, ममता इधर-उधर खड़ी नहीं हैं। तृणमूल को वोट दें।

**ममता का नया नारा**

## 'आप चाहे कितना भी करो हमला, फिर से जीतेगा बंगाल'

भवानीपुर सीट को लेकर ममता बेनर्जी ने भाजपा पर तंज कसते हुए नारा दिया 'आप चाहे कितना भी करो हमला, फिर से जीतेगा बंगाल' जो काफी वायरल हो रहा है। जलपाईगुड़ी में जनसभा में यह नारा दिया। चालसा में भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का कार्ड खेला। सेंट लूसी चर्च में एक सभा में ममता ने कहा कि उनकी सरकार धर्म के आधार पर लोगों के बीच भेदभाव नहीं करती।



### इतने दिन रहने के बाद भी विदेशी कह रहे

ममता ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, लोग इतने दिन इसी मिटटी पर रहने के बाद आप हमें विदेशी नागरिक कह रहे हैं। आप कह रहे हैं हमें प्रमाण देना होगा कि हम इस देश के नागरिक हैं या नहीं। पहले आप प्रमाणित करें कि आप इस देश के नागरिक है या नहीं। भाजपा बंगाल राज्य को ही खत्म कर देना चाहती है।

### 'धर्म जार-जार, उत्सव सबार' का नारा फिर दोहराया

ममता ने अपना प्रसिद्ध नारा दोहराया- 'धर्म जार-जार उत्सव सबार' (धर्म व्यक्तिगत है, लेकिन त्योहार सबके हैं). उन्होंने कहा- हम त्योहारों को बांटते नहीं, साथ मिलकर मनाते हैं. बंगाल की समावेशी परंपरा ही हमारी असली ताकत है।

**खबर संक्षेप**


### कानपुर में बौद्ध कथा वाचक को पीटा

**कानपुर।** अकबरपुर के संगसियापुर गांव से कथा कहकर मंगलवार रात जा रहे बौद्ध कथा वाचक मिलन बौद्ध को रास्ते में कुछ लोगों ने पीट दिया। बचाव में दो साथियों संग भी मारपीट की गई।आरोप है कि कथास्थल पर रखी आंबेडकर प्रतिमा को तोड़ दिया गया। कुछ युवकों पर आरोप लोग लगा रहे और कार्रवाई की मांग की है।



### किसान ने सड़क पर फेंके 25 क्विंटल टमाटर

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना जिले में टमाटर उत्पादक किसानों पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है। बाजार में टमाटर को उचित दाम नहीं मिलने से किसान अमर काकड़े ने विरोध स्वरूप पूरी फसल सड़क पर फेंक दी। यह घटना धारकल्याण गांव की है। किसान ने करीब एक एकड़ जमीन पर टमाटर की खेती की थी। 25 क्विंटल टमाटर थे।



### सुक्खू सरकार ने 3 साल में रिकॉर्ड तोड़ कर्ज लिया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही सुक्खू सरकार ने तीन साल में अब तक 41,173 करोड़ का कर्ज लिया है, जबकि 32,004 करोड़ का कर्ज चुकाया भी है। यह जानकारी संशोधित बजट अनुमान में दी गई है। 2026-27 के बजट में 11,965 करोड़ का कर्ज लेने का प्रस्ताव है। सरकार पर यह चुनौती बन गया है।



### अविमुक्तेश्वरानंद को मिली अग्रिम जमानत

**प्रयागराज।** यौन उत्पीड़न में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी को इलाहाबाद हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य को अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाते हुए अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर की।



**कैबिनेट ने 'उड़ान' को मंजूरी दी**

## देश में 100 नए हवाई अड्डे और 200 आधुनिक हेलिपैड बनाएंगे

### 28,840 करोड़ रुपए का प्रावधान किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को और मजबूत करने संशोधित 'उड़ान' योजना 2026 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 28,840 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। इसके उद्देश्यों में दूर-दराज और कम सेवा वाले क्षेत्रों को हवाई सेवाओं से जोड़ना, आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को अधिक सुलभ और किफायती बनाना, क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार करना छोटे शहरों और कस्बोंको बड़े महानगरों से जोड़ना, पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करना है।

#### नए रूट्स शामिल होंगे

वैष्णव ने कहा कि योजना के तहत नए रूट्स शामिल किए जाएंगे और मौजूदा हवाई अड्डों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे देशभर में संतुलित क्षेत्रीय विकास को मजबूती मिलेगी। इससे छोटे और मध्यम शहरों में हवाई यातायात बढ़ेगा, जिससे स्थानीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका लक्ष्य है कि हर भारतीय को उड़ान भरने का अवसर मिले।

#### 8 वर्षों में 12,159 करोड़ खर्च होंगे

योजना के तहत देशभर में 100 नए हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा, जो मौजूदा लेकिन अभी तक बिना सेवा वाले एयरस्ट्रिप्स से विकसित किए जाएंगे। इन हवाई अड्डों के विकास पर 8 वर्षों में 12,159 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

**अब घुसपेठियों की खैर नहीं**

## एआई से लैस होगी वीजा व ट्रैकिंग सर्विस

कैबिनेट ने भारत की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आईवीएफआरटी 3.0 को हरी झंडी दे दी है। वैष्णव ने बताया कि इसका सीधा असर आम लोगों की यात्रा, सुरक्षा और पर्यावरण पर पड़ेगा। इससे छोटे शहरों को एयर कनेक्टिविटी मिलेगी तो इमिग्रेशन सिस्टम को पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट बनाया जाएगा। योजना को 5 साल के लिए मंजूरी मिली है। इस पर 1,800 करोड़ खर्च होंगे। इसका मकसद है इमिग्रेशन सिस्टम को पूरी तरह डिजिटल और सिक्योर बनाना। इसमें एआई और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल होगा। स्कैनिंग और फेस रिकग्निशन जैसी टेक्नोलॉजी लागू होगी। सभी इमिग्रेशन चेक पोस्ट को एक यूनिफाइड सिस्टम से जोड़ा जाएगा

**गुरुग्राम दुष्कर्म मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा पुलिस के रवैए को 'शर्मनाक' बताया


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में 3साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में असंवेदनशील रवैया अपनाने पर नाराजगी जताई है। हरियाणा पुलिस और उसकी बाल कल्याण समिति को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि यह शर्मनाक है कि हरियाणा पुलिस ने पीड़िता से खुद जाकर मुलाकात करने के बजाए उसे थाने बुलाया। कोर्ट ने पुलिस के उन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया और पूछा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए?



#### जांच के लिए एसआईटी भी गठित की

कोर्ट ने इस मामले में पॉक्सो कानून के तहत दर्ज एफआईआर में अपराध को कमतर करने पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने मामले की जांच के लिए 3 सदस्यों वाली एसआईटी का गठन किया है, जिसमें हरियाणा के अफसर हैं।





| * आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | # वित्त वर्ष 2025-26 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
|---|---|---|
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु.75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु.150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रु.50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया जीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019 केन्द्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें।

जीएसटी कंपोजिशन योजनाः छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @CBIC india

# सूटकेस में पैक करके ले जाएं अपना घर, चांद पर बसने की नासा ने कर ली पूरी तैयारी!



**वॉशिंगटन।** क्या आपने कभी सोचा है कि धरती से हजारों किलोमीटर दूर चांद पर भी घर हो सकता है? शायद नहीं! लेकिन नासा ने अब इसे सच करने की दिशा में बड़ी तैयारी कर ली है। नासा के नए प्लान के अनुसार आप अपना घर एक सूटकेस में पैक करके चांद पर जा सकते हैं। सुनने में यह किसी हॉलीवुड फिल्म की कहानी जैसा लग सकता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने इसे हकीकत में बदलने के लिए बड़ी तैयारी की है। चांद पर इंसानी बस्तियां बसाने के दशकों पुराने सपने को अब इन्फ्लेटेबल यानी हवा से फूलने वाले घरों के जरिए नासा सच करने जा रहा है। चांद पर घर बनाने के लिए सबसे बड़ी समस्या थी धरती से वहां था सामान ले जाने की। इसका समाधान वैज्ञानिकों ने इन्फ्लेटेबल हैबिटेट्स के रूप में निकाला है। ये खास तरह के लचीले, लेकिन बहुत ही मजबूत मटेरियल से बने घर होते हैं। इन्हें गुब्बारे की तरह मोड़कर छोटे पैकेट में अंतरिक्ष यान से भेजा जा सकता है और चांद पर पहुंचते ही इनमें हवा भरकर इन्हें बड़ा किया जा सकता है।

## चांद की मुश्किलों से कैसे बचना संभव?

अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि क्या घर बनाने के बाद वहां रहना संभल हो सकता है? इसका जवाब भी नासा ने दिया है। नासा के मुताबिक चांद का वातावरण बहुत ही कठोर है, वहां न हवा है, न ही हानिकारक रेडिएशन से सुरक्षा। वैज्ञानिकों का सुझाव है कि इन इन्फ्लेटेबल घरों को फूलने के बाद लूनर रेगुलेथ यानी चांद की धूल से ढक दिया जाएगा। यह धूल इंसानों को रेडिएशन और अंतरिक्ष से गिरने वाले सूक्ष्म उल्कापिंडों से बचाएगी।

बचपन से हमें सिखाया गया है कि 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ'। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि बहुत ज्यादा पेड़ लगाना भी धरती के लिए मुसीबत बन सकता है? एक रिसर्च से पता चला है कि एक नई स्टडी ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है।



# पेड़ लगाने से नहीं रुकेगी ग्लोबल वार्मिंग हर जगह प्लांटेशन करना नहीं है सही

- वैज्ञानिकों का डराने वाला खुलासा

**नई दिल्ली।** रिसर्च कहती है कि सिर्फ पेड़ लगा देने से कार्बन उत्सर्जन कम नहीं होगा, बल्कि कुछ खास जगहों पर पेड़ लगाने से धरती और भी ज्यादा गर्म हो सकती है। इसे अल्बेडो इफेक्ट कहते हैं, जो पेड़ लगाने के फायदों को खत्म कर सकता है।

**क्या है ये अल्बेडो इफेक्ट :** वैज्ञानिकों का कहना है कि पेड़ों का अपना एक रंग और बनावट होती है, जो सूरज की रोशनी के साथ अलग तरह से व्यवहार करती है। बर्फ और रेगिस्तान सफेद या हल्के रंग के होते हैं, जो सूरज की 90% गर्मी को वापस अंतरिक्ष में रिफ्लेक्ट कर देते हैं। अगर हम बर्फीले इलाकों या ऊंचे पहाड़ों पर घने, गहरे रंग के पेड़ लगा दें, तो वे सफेद बर्फ को ढक लेंगे। गहरे रंग के पेड़ गर्मी को रिफ्लेक्ट करने के बजाय सोख लेते हैं, जिससे वहां का तापमान बढ़ जाता है और बर्फ तेजी से पिघलने लगती है।



## पानी का संकट और ईकोसिस्टम

हर जगह पेड़ लगाना वहां के जल स्तर को भी बिगाड़ सकता है। कुछ पेड़ (जैसे यूकेलिप्टस) जमीन से बहुत ज्यादा पानी खींचते हैं। सूखे इलाकों में इन्हें लगाने से वहां का भूजल खत्म हो सकता है, जिससे स्थानीय घास और छोटे जीव मर सकते हैं। घास के मैदानों में जबरन जंगल उगाने से वहां की प्राकृतिक विविधता भी खत्म हो जाती है। इस रिसर्च से पता चलता है कि हर जगह 'जंगल' होना सही नहीं है। घास के मैदान और वेटलैंड्स का अपना महत्व है।

## तो क्या पेड़ लगाना छोड़ दें?

नहीं, वैज्ञानिक ऐसा बिल्कुल नहीं कह रहे हैं। उनका कहना है कि हमें 'स्मार्ट फॉरेस्टेशन' की जरूरत है। भारत, ब्राजील और अफ्रीका में पेड़ लगाना बहुत फायदेमंद है, क्योंकि यहां वे तेजी से बढ़ते हैं और बहुत ज्यादा कार्बन सोखते हैं। इसके साथ ही नए पेड़ लगाने से कहीं ज्यादा जरूरी यह है कि हम उन पुराने और घने जंगलों को बचाएं, जो पहले से ही करोड़ों टन कार्बन अपने भीतर दबाए हुए हैं।

## इंसानी भूल और ग्रीनवाशिंग

कई कंपनियां अपना 'कार्बन फुटप्रिंट' कम दिखाने के लिए धड़ाधड़ पेड़ लगा रही हैं, जिसे साइंस की भाषा में 'ग्रीनवाशिंग' कहा जाता है। वैज्ञानिक चेतावनी देते हैं कि यह केवल एक दिखावा है। असली समाधान केवल पेड़ लगाना नहीं, बल्कि फैक्ट्रियों और गाड़ियों से निकलने वाले धुएं को कम करना है।

# जमीन के 6 हजार फीट नीचे मिला सोने का खजाना!



**बीजिंग।** दुनियाभर के गोल्ड मार्केट में हलचल मचा देने वाली एक बड़ी खबर सामने आई है। भारत के पड़ोसी मुल्क चीन में एक ऐसा सोने का भंडार मिलने का दावा किया गया है, जिसे सुनकर एक्सपर्ट भी हैरान रह गए हैं। कहा जा रहा है कि यह सिर्फ एक खदान नहीं, बल्कि चीन के लिए कुबेर का खजाना साबित हो सकता है। चीन के हुनान प्रांत के वांगू गोल्ड फील्ड में मिले, इस सोने के भंडार की अनुमानित कीमत लगभग 83 अरब डॉलर बताई जा रही है, वहीं इसकी कुल मात्रा 1,100 टन तक पहुंच सकती है। अगर ये आंकड़े सही साबित होते हैं तो यह खोज दुनिया के गोल्ड इतिहास को बदल सकती है। चीन के हुनान प्रांत के भूवैज्ञानिक ब्यूरो ने पिंगजियांग काउंटी में वांगु गोल्ड फील्ड के नीचे इस भंडार की पुष्टि की है। ड्रिलिंग के दौरान 65 किलोमीटर से ज्यादा लंबी चट्टानों की जांच की गई, जिसमें सोने की 40 से ज्यादा नसें मिली हैं। जानकारों का कहना है कि करीब 6,560 फीट की गहराई पर 300 मीट्रिक टन सोना पहले ही कंफर्म हो गया है। लेकिन, आधुनिक 3D जियोलॉजिकल मॉडलिंग के मुताबिक 9,840 फीट की गहराई तक जाने पर यह भंडार 1,000 मीट्रिक टन यानी करीब 1,100 टन से ज्यादा हो सकता है।ड्रिलिंग में निकले पत्थरों में सीधे तौर पर सोना चमकता हुआ दिखाई दिया है जो बहुत ही कीमती है। ज्यादातर एक टन अयस्क से 1 से 5 ग्राम सोना निकलता है, लेकिन यहां कुछ नमूनों में प्रति टन 138 ग्राम सोना मिला है। अयस्क जितना समृद्ध होगा उसे रिफाइन करने का खर्च उतना ही कम आता है, जिससे मुनाफा कई गुना बढ़ जाता है।एक रिपोर्ट के मुताबिक इस तरह के भारी जमाव के पीछे एक दिलचस्प वैज्ञानिक कारण हो सकता है। रिसर्चर्स का मानना है कि भूकंपीय तनाव के दौरान क्वाट्र्ज चट्टानों में पीजोइलेक्ट्रिसिटी यानी बिजली पैदा होती है, जिससे गर्म तरल पदार्थों से सोना तेजी से अलग होकर जमा होने लगता है।

# मारुति सुजुकी का बड़ा निवेश: गुजरात प्लांट के पहले चरण में 10,189 करोड़ खर्च करेगी, देश में पांचवां मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि वह गुजरात में अपने नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के पहले चरण में 2.5 लाख यूनिट उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 10,189 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि उसके बोर्ड ने गुजरात के खोराज इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थित प्लांट में सालाना 2.5 लाख वाहनों की क्षमता जोड़ने के पहले चरण को





मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

मंजूरी दे दी है। यह देश में कंपनी का पांचवां मैन्युफैक्चरिंग प्लांट होगा। मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि इस प्लांट की पहली चरण की क्षमता 2029 तक जोड़ी जाएगी, जो बाजार की स्थिति पर निर्भर करेगी।

## 2.5 लाख यूनिट सालाना क्षमता

कंपनी के अनुसार इसमें 2.5 लाख यूनिट सालाना क्षमता वाले कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के साथ-साथ भविष्य के प्लांट्स के लिए साझा इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं पर भी निवेश शामिल है। फिलहाल कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता करीब 24 लाख यूनिट सालाना है, जो गुरुग्राम, मानेसर, खरखौदा (हरियाणा) और हंसलपुर (गुजरात) में स्थित प्लांट्स में फैली हुई है। कंपनी के पास कुल 26 लाख यूनिट सालाना उत्पादन की क्षमता है। इसमें पहले का सुजुकी मोटर गुजरात यूनिट का उत्पादन भी शामिल है, जिसे कंपनी में विलय कर लिया गया है।

### गुजरात में उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर फोकस

ऑटोमेकर ने बताया कि उसकी मौजूदा उत्पादन क्षमता पूरी तरह उपयोग में है। इस साल जनवरी में कंपनी के बोर्ड ने गुजरात में उत्पादन क्षमता बढ़ाने और जमीन खरीदने के लिए 4,960 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। बोर्ड ने गुजरात इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से खोराज इंडस्ट्रियल एस्टेट में जमीन खरीदने को भी मंजूरी दी थी। 2024 में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी ने घोषणा की थी कि मारुति सुजुकी इंडिया गुजरात में अपना दूसरा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए 35,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, जिसकी उत्पादन क्षमता 10 लाख यूनिट सालाना होगी।

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों' की सूची में प्रतिष्ठित स्थान हासिल किया

**मुंबई।** कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स 2026' सूची में स्थान हासिल किया है। यह लगातार सातवां वर्ष है जब अस्पताल को यह सम्मान मिला है। न्यूज़वीक और स्टेटिस्टा द्वारा 32 देशों के 2,500 से अधिक अस्पतालों के मूल्यांकन के बाद जारी इस सूची में अस्पताल को भारत के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में गिना गया है। यह उपलब्धि अस्पताल की उन्नत तकनीक, मरीज-केंद्रित सेवाओं और बेहतर उपचार परिणामों को दर्शाती है। अस्पताल के कार्यकारी निदेशक



एवं सीईओ डॉ. संतोष शेट्टी ने इस उपलब्धि को मरीजों के विश्वास और टीम की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल भविष्य में भी आधुनिक तकनीकों और बेहतर सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। यह सम्मान न केवल अस्पताल की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है, बल्कि भारत को वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मजबूत पहचान भी दिलाता है।

# तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के शोधकर्ताओं ने एआई और मशीन लर्निंग आधारित विकसित किए उन्नति मॉडल

यह शोध भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने में निभाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (एमआईटी-डब्ल्यूपीयू), पुणे के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) आधारित उन्नत मॉडल विकसित किए हैं, जो पुराने तेल भंडारों (मैच्योर फील्ड्स) से अधिक तेल निकालने और भविष्य के उत्पादन का सटीक अनुमान लगाने में मदद कर सकते हैं। यह शोध भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है। देश की कुल ऊर्जा खपत में तेल और गैस की हिस्सेदारी लगभग 32-37 फीसदी है और सरकारी आंकड़ों के अनुसार कच्चे तेल के आयात पर करीब 161 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए। ऐसे में मौजूदा तेल क्षेत्रों से उत्पादन बढ़ाना एक रणनीतिक प्राथमिकता बन गया है। एमआइटी डब्ल्यूपीयू में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजीब कुमार सिन्हाराय के नेतृत्व में, और उनके पीएचडी छात्र डॉ. ऋषिकेश के. चव्हाण के साथ, एक शोध टीम ने मशीन लर्निंग मॉडल विकसित किया है, जो जटिल तेल भंडारों के लिए सबसे उपयुक्त एन्हांस्ड ऑयल रिकवरी तकनीकों की पहचान कर सकता है। यह मॉडल दुनियाभर के कई तेल क्षेत्रों के डेटा पर प्रशिक्षित किया गया है और इसने 91 फीसदी सटीकता के साथ सर्वोत्तम रिकवरी विधि का अनुमान लगाया।

# आदित्य बिड़ला फैशन ने अपना 75वां स्टोर खोला

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने ओन्ड नामक एक नया जेन-जी केंद्रित वैल्यू फैशन ब्रांड लांच किया है, जो किफायती और ट्रेंडी कपड़े प्रदान करता है। आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के जेन-जी केंद्रित फैशन ब्रांड ओन्ड ने भारत भर में 75 स्टोर्स के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ब्रांड ने मुंबई में अपने दो नए स्टोर्स लांच करते हुए इस प्रमुख बाजार में प्रवेश किया है।

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# सैमसंग गैलेक्सी एम17ई 5जी की बिक्री शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने गैलेक्सी एम17ई 5जी की बिक्री की घोषणा की। गैलेक्सी एम17ई 5जी एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, कुशल प्रदर्शन, सक्षम कैमरा और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर के साथ आता है।

SYNISE e-Sale & Sourcing
Opportunity to Buy
Iron Oxide
Interested Buyers Please Contact on below numbers :
8308810330 / 9163166805
swaruph@synise.com


**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR DIST. JABALPUR**
N.I.T. No/Nirman/2025-26 /N-764 JABALPUR dated: 25.03.2026
**Notice Inviting Tender**
Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **CONSTRUCTION OF WBM CUM C.C.ROAD AROUND CLEANING GRADING AND PACKAGING AREA AT MANDI YARD JABALPUR DISTT JABALPUR Tender Number: 2026_MPSAM_494421_1 (PAC amount Rs. 65.88 Lakhs)**. The following works Tender to be received online up to **3:30 PM on 15.04.2026.** Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **https://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in.**
Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**
Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti JABALPUR
Distt. JABALPUR

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक/1289/राजस्व/न.पा.नि./2026 **आवश्यक सूचना** रीवा, दिनांक 25/03/2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात नामांतरण की विधिवत कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 545 | 44/905 मौजा चिरहुला हाउसिंग बोर्ड कालोनी, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्रीमती आसिया खान पति श्री ए.जेड. खान | श्री ललित कुमार त्रिपाठी पिता श्री देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी | क्रय-विक्रय |
| 2 | 586 | 25/285 पीटीएस चौराहा, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्रीमती रामनामी निगम पिता श्री राममनोहर निगम | 1/2 भाग में श्री महेशचन्द्र निगम पिता स्व. श्री सुरेशचन्द्र निगम एवं श्रीमती संध्या निगम पति श्री प्रकाशचन्द्र निगम | वटवारा |
| 3 | 571 | 13/197 नेहरू नगर, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा पिता श्री बद्री प्रसाद मिश्रा | श्री अनिल कुमार मिश्रा पिता श्री अभयलाल मिश्रा | वटवारा |
| 4 | 585 | 05/1852 एवं 05/1858 ढ़ेकहा, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री अरूण देव सिंह पिता श्री रामपाल सिंह | श्री हर्षवर्धन सिंह पिता स्व. श्री अरूणदेव सिंह | वारिसाना |
| 5 | 573 | 05/342 ढ़ेकहा, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री छकौड़ीलाल सेन पिता श्री लोकनाथ सेन | श्री राजेश सेन पिता श्री लालमणि सेन | क्रय-विक्रय |

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

## शब्द पहेली - 6176



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6175 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6186

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6185 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# द. अफ्रीका ने जीता पांचवां टी20, सीरीज 3-2 से की अपने नाम, न्यूजीलैंड को 33 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

कॉनर एस्टरहाइजन के 33 गेंदों पर करियर के सर्वश्रेष्ठ 75 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने खेले गए पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली। एस्टरहाइजन का यह लगातार दूसरा अर्धशतक है। उन्होंने पिछले मैच में 57 रन की पारी खेलकर करियर का पहला पचासा जड़ा था। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 187 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी।




## साउथ अफ्रीका ने 10 ओवर में जोड़े 111 रन

साउथ अफ्रीकी टीम ने आखिरी 10 ओवर में 111 रन जोड़े, जिसमें एस्टरहाइजन और डियान फॉरेस्टर (13 गेंदों में नाबाद 21) ने चौथे विकेट के लिए महज 27 गेंदों में 61 रन की साझेदारी की। दाएं हाथ के 24 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के जड़े। उन्हें 49 रन के स्कोर पर जैक फोक्स की गेंद पर बेवोन जैकब ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पारी में 47 डॉट गेंदें खेलीं, लेकिन टीम ने इसकी भरपाई 15 चौकों और 10 छक्कों से की।

## न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी लड़खड़ाई

शानदार गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम दबाव में आ गई। तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएट्जी ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि ओटनील बार्टमैन ने अच्छी विविधता का इस्तेमाल करते हुए 33 रन देकर दो विकेट चटकाए। स्पिनर प्रेनेलन सुब्रायन ने चार ओवर में महज 22 रन दिए और कप्तान केशव महाराज ने भी बल्लेबाजों को कड़ी परीक्षा में डाला। पावरप्ले के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 46 रन था और 10 ओवर के बाद तीन विकेट पर 65 रन ही था। न्यूजीलैंड की ओर से जैकब्स ने 19 गेंदों पर 36 रन बनाकर सबसे अधिक योगदान दिया।

मियामी ओपन

# गॉफ पहली बार मियामी ओपन के सेमीफाइनल

## अब कैरोलिना मुचोवा से मुकाबला




एजेंसी ▶▶| मियामी

कोको गॉफ ने पहली बार मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गॉफ ने क्वार्टर फाइनल में बेलिंडा बेनकिक को हराया। दो घंटे 15 मिनट तक 3 सेट में चले इस मुकाबले को गॉफ ने 6-3, 1-6, 6-3 से जीता।

गॉफ ने मुकाबले की शुरुआत जबरदस्त अंदाज में की, और आक्रामक तरीके से शुरू में ही मैच में नियंत्रण स्थापित कर लिया। उन्होंने शुरुआती स्टेज में सर्व तोड़ी और पहले सेट में अपने सभी आठ नेट पॉइंट जीत लिए। मजबूत सर्व और सटीक शॉट-मेकिंग के दम पर, उन्होंने पहला सेट 51 मिनट में आराम से जीत लिया। हालांकि, बेनकिक ने दूसरे सेट में जोरदार जवाब दिया। स्विस खिलाड़ी ने अपनी गलतियां कम की और रैलियों को ज्यादा असरदार तरीके से नियंत्रित किया। बेनकिक ने दूसरा सेट 30 मिनट से भी कम समय में जीतकर मैच में वापसी की।

### आखिरी सेट में कड़ा मुकाबला

आखिरी सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। गॉफ को सर्व करते समय एक अहम पल का सामना करना पड़ा। उन्होंने मुकाबले में बने रहने के लिए एक ब्रेक पॉइंट को रोका। थोड़ी सी चूक और छूटे हुए मौकों पर साफ दिख रही निराशा के बावजूद, उन्होंने इस पल को एक टर्निंग पॉइंट के तौर पर इस्तेमाल किया। गॉफ ने ब्रेक लेकर 3-3 से बराबरी कर ली और फिर से नियंत्रण बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने अहम मौकों का फायदा उठाया, मजबूत सर्व दिए और चालाकी से शॉट चुने, जिसमें एक अहम ड्रॉप शॉट भी शामिल था। उन्होंने मैच में सर्व करते हुए अपना धैर्य बनाए रखा और वापसी पूरी की। इस जीत से गॉफ अपने करियर में पहली बार मियामी सेमीफाइनल में पहुंची हैं। उनका सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी का चेक खिलाड़ी के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड शानदार है। गॉफ ने मुचोवा के खिलाफ पिछले सभी 5 मैच जीते हैं।

## खबर संक्षेप



### गांगुली बने जैकसन समूह के ब्रांड दूत

**नोएडा।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समूह जैकसन ग्रुप ने भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपना पहला ब्रांड दूत बनाया है। गांगुली इस करार के तहत जैकसन समूह के प्रमुख ब्रांड अभियानों और रणनीतिक पहल में कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे। गांगुली ने इस मौके पर कहा, ' वितरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, हरित अणु और बुनियादी ढांचे जैसे ऊर्जा, मेट्रो, सिविल और पानी को लेकर जैकसन का विजन सामयिक और प्रभावी है। मैं एक ऐसे ब्रांड के साथ जुड़कर उत्साहित हूं, जो भारत के ऊर्जा बदलाव और एक हरित भविष्य में सार्थक योगदान दे रहा है।'

### जोखिम लेकर नहीं खेले पंत, निरंतरता पर करे फोकस : फाफ डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए और उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम लेकर खेलने की बजाय उन्हें आगामी आईपीएल में निरंतरता पर फोकस करना चाहिए।



पंत ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करके पिछले सत्र में चौथे नंबर से सलामी बल्लेबाज के तौर पर और फिर निचले क्रम पर भी बल्लेबाजी की। वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए आखिरी मैच में तीसरे नंबर पर 61 गेंद में नाबाद 118 रन की पारी खेल सके। डु प्लेसी ने कहा,' शायद पंत के लिए तीसरे नंबर पर खेलने का मौका हो।' उन्होंने कहा ,'' लगता है कि वह तीसरे नंबर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं । मैने पिछले सत्र में उन्हें लखनऊ के लिए तीसरे नंबर पर खेलते देखा जब निकोलस पूरन चौथे नंबर पर उतरे थे।' पंत को अपना प्रभाव और छोड़ना होगा।' लखनऊ सुपर जाइंट्स को एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से पहला मैच खेलना है।

### भारतीय शिविर में पहली बार दो विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** नेपाल में जन्मे डिफेंडर अबनीत भारती हांगकांग के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय सीनियर पुरुष टीम के कोच्चि में



चल रहे शिविर में जुड़ गए हैं। इससे एक दिन पहले इसी मुकाबले के लिए आस्ट्रेलिया में जन्मे रियान विलियम्स को टीम में शामिल किया गया था। अब भारत के शिविर में पहली बार दो विदेश में जन्मे खिलाड़ी हैं, जिन्हें हाल ही में भारतीय पासपोर्ट मिला है। विलियम्स बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल सके थे क्योंकि फीफा से उन्हें मंजूरी देर से मिली। अब वह हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को भारत के लिए पदार्पण करेंगे। भारत 2027 में सउदी अरब में होने वाले एएफसी एशियाई कप की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है।

28 मार्च से धमाकेदार शुरुआत, 31 मई को फ़ाइनल

# आईपीएल 2026: अब तक का सबसे बड़ा सीजन, 84 मैचों का महामुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू होने वाला है। फ़ाइनल मैच 31 मई को खेला जाएगा। यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीएल सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।

### अभी तक पूरा शेड्यूल जारी नहीं

अप्रैल और मई के दौरान पाँच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें बंगाल, तमिलनाडु और असम शामिल हैं—ये ऐसे राज्य हैं, जहां आईपीएल मैच भी खेले जाते हैं। इसलिए, अब तक केवल पहले 20 मैचों का शेड्यूल जारी किया गया है, जो 28 मार्च से 12 अप्रैल के बीच खेले जाएंगे।

### 10 टीमें लेंगी हिस्सा

लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स शामिल हैं।



**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर डिफेंडिंग चैंपियन**

आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतरेगी। आरसीबी ने पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला आईपीएल ख़िताब जीता था। टीम ने 2025 के फ़ाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रनों के अंतर से हराया था।

### सबसे महंगे खिलाड़ी

आईपीएल 2026 की नीलामी के दौरान, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ में खरीदा। वहीं, बिना कैप वाले भारतीय खिलाड़ियों में प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा।



### इस सीज़न में नए नियम

मैच के दिनों में कोई प्रैक्टिस नहीं: किसी भी टीम को मैच के दिन नेट प्रैक्टिस करने की इजाज़त नहीं होगी। इसके अलावा, किसी भी टीम को दूसरी टीम के प्रैक्टिस नेट इस्तेमाल करने की इजाज़त नहीं है। भले ही कोई टीम अपना प्रैक्टिस सेशन जल्दी खत्म कर ले, फिर भी दूसरी टीम को उस खास पिच का इस्तेमाल करने की इजाज़त नहीं होगी। खिलाड़ी और टीम का अनुशासन: सभी स्टाफ़ सदस्यों को हर समय अपना आईडी कार्ड अपने साथ रखना होगा। जिन बच्चों और परिवार के सदस्यों के पास ज़रूरी इजाज़त नहीं है, उन्हें डगआउट या खेलने के मैदान में जाने की सख्त मनाही है।

### 13 शहरों में खेले जाएंगे मैच

2026 के आईपीएल सीजन के लिए, भारत के 13 अलग-अलग शहरों में मैच खेले जाएंगे। हिस्सा ले रही 10 टीमों में से सात ने अपना एक-एक घरेलू मैदान चुना है, जबकि बेंगलुरु, पंजाब और राजस्थान ने अपने लिए दो-दो घरेलू मैदान तय किए हैं। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में 13 साल के अंतराल के बाद आईपीएल का कोई मैच खेला जाएगा। आरसीबी ने इस स्टेडियम को अपने दूसरे घरेलू मैदान के तौर पर चुना है। रायपुर स्टेडियम में पिछला आईपीएल मैच 2013 में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था।

# एशिया कप : भारतीय तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन, फाइनल में पहुंचे चार खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते जबकि पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया।

महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था लेकिन इस बार फाइनल खेलकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा।



### कंपाउंड वर्ग में मिला कांस्य

पुरुष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234-232 से हराया।

### पुरुष टीम फाइनल में पहुंची

रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरुष टीम मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाए बिना जीत दर्ज की। अब उनका सामना कजाखस्तान से होगा। महिला रिकर्व टीम की तिकड़ी रुमा बिस्वास, कीर्ति और रिद्धि फोर ने मलेशिया को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

# अभिषेक की बादशाहत बरकरार रॉबिन्सन चढ़े दो पायदान ऊपर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वह फिलहाल हमवतन ईशान किशन से आगे चल रहे हैं। हालांकि, भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज टिम रॉबिन्सन उन चुनिंदा बल्लेबाजों में से एक रहे, जिन्होंने रैंकिंग में सुधार किया। वेलिंगटन में 32 रनों की पारी खेलने के बाद वह 2 पायदान ऊपर चढ़कर 34वें

## आईसीसी टी20 रैंकिंग : सूर्यकुमार 7वें स्थान पर पहुंचे



### न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को फायदा

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुषों की आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को फायदा मिला है। इस लिस्ट में चार कीवी तेज गेंदबाजों ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज के शुरुआती चार मुकाबले उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के कारण रैंकिंग में काफी फेरबदल हुआ। अनुभवी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिला। फर्ग्यूसन ने ऑकलैंड में मैच जिताऊ स्पेल डाला था। उन्होंने महज 9 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इस प्रदर्शन ने उन्हें 12 पायदान ऊपर चढ़ाकर 39वें स्थान पर पहुंचा दिया है। उनके साथी तेज गेंदबाज बेन सियर्स 20 पायदान ऊपर चढ़कर 59वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

टी20 में लगातार 11वीं बार 30 या उससे अधिक रनों की खेली पारी

# एमिलिया का बड़ा कारनामा, बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड के स्टार महिला क्रिकेटर एमिलिया केर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5वें टी20 में शतकीय पारी के साथ ही इतिहास रच दिया। एमिलिया केर ने 55 गेंद में 105 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 19 चौके और 1 छक्का भी लगाया। इसके साथ ही एमिलिया ने टी20 क्रिकेट में लगातार 11वीं बार 30 या उससे अधिक रनों की पारी खेलकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

एमिलिया महिला और पुरुष दोनों को मिलाकर दुनिया की पहली ऐसी क्रिकेटर बनी हैं, जिन्होंने टी20 में ये अनोखा कारनामा किया है। इस मामले में उन्होंने श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और रोमानिया की रेबेका ब्लेक का रिकॉर्ड तोड़ा है। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने टी20 में लगातार 9-9 बार



### रोहित और रिजवान भी पीछे

एमिलिया केर अब टी20 अंतरराष्ट्रीय (पुरुष और महिला दोनों) में लगातार सबसे ज्यादा बार 30 या उससे अधिक का स्कोर बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने लगातार 11 पारियों में यह कारनामा किया है। दिलचस्प बात यह है कि पुरुष क्रिकेट में यह रिकॉर्ड संयुक्त रूप से रोहित शर्मा, मोहम्मद रिजवान और अभिषेक शर्मा (7 बार) के नाम है, जिन्हें केर ने काफी पीछे छोड़ दिया है।

### 11 पारियों में 669 रन

पिछले कुछ समय से एमिलिया केर प्रचंड फॉर्म में हैं। अपनी पिछली 11 पारियों में उन्होंने 140 से अधिक के स्ट्राइक रेट से कुल 669 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे जैसी टीमों के खिलाफ बड़े स्कोर बनाए, जिनमें दो शतक (105 और 101 रन) भी शामिल हैं। बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी उन्होंने कमाल दिखाते हुए 12 विकेट चटकाए हैं।

### न्यूजीलैंड की 4-1 से ऐतिहासिक सीरीज जीत

पांचवें टी20 मैच में केर की 105 रनों की पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 194-6 का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस प्रदर्शन ने साउथ अफ्रीका को बैकफुट पर धकेल दिया और न्यूजीलैंड ने यह मैच जीतकर सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। केर ने इस पूरी सीरीज में 78, 32, 30, 31 और 105 रनों की पारियां खेलकर अपनी टीम की जीत में सबसे अहम भूमिका निभाई। वे वर्तमान में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों की सूची में मजबूती से अपनी जगह बनाए हुए हैं।

# हरमनप्रीत ने कहा- विश्व कप खिताब ने बढ़ाया आत्मविश्वास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पिछले साल घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने से टीम को दुनिया में कहीं भी और खिताब जीतने के लिए बहुत जरूरी आत्मविश्वास मिला।

भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। हरमनप्रीत को उम्मीद है कि 12 जून से 5 जुलाई तक ब्रिटेन में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भी टीम यह कारनामा दोहराने में सफल रहेगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'मेरा मानना है कि किसी भी क्षेत्र में आपको कुछ खास करना होता है। आपको कोई खिताब जीतना होता है, तभी आपको पहचान मिलती है। ऐसा न होने पर मानो लगता है कि सारी मेहनत बेकार चली



गई।' उन्होंने कहा, 'हमारी टीम ही नहीं हमसे पहले की सभी महिला क्रिकेटरों ने कड़ी मेहनत की। उन्हें तो अक्सर अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने पड़े थे। इसलिए खिताब जीतना बहुत महत्वपूर्ण था। खिताब हासिल करने के बाद भारतीय प्रशंसकों, मीडिया और बाकी सभी से जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही है, वह हमारे लिए बहुत मायने रखती है।'




## हाईकोर्ट ने कहा, शहपुरा टीआई प्रवीण धुर्वे पर दस हजार रुपए जुर्माना लगाया

# न्यायालय को गलत जानकारी देना बेहद गंभीर मामला

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि न्यायालय को गलत जानकारी देना बेहद गंभीर मामला है। जस्टिस एसएन भट्ट की सिंगल बेंच ने कहा कि जांच में सटीकता और जिम्मेदारी अनिवार्य है। किसी भी निर्दोष व्यक्ति के अधिकारों से समझौता नहीं किया जा सकता। इस मत के साथ कोर्ट ने जबलपुर के शहपुरा टीआई प्रवीण धुर्वे पर 10,000 रु का जुर्माना लगाया। एक सप्ताह के अंदर यह राशि मध्यप्रदेश लीगल सर्विस अथॉरिटी में जमा करने के निर्देश दिए। साथ ही, याचिकाकर्ता को जमानत दे दी। शहपुरा थाना क्षेत्र के कूड़ाकला ग्राम निवासी प्रदीप सेन की ओर से तीसरी बार यह जमानत की अर्जी दायर की गई थी। उस पर आरोप था कि उसने अपने डिजिटल सिग्नेचर का दुरुपयोग कर कई लोगों को फर्जी प्रमाण पत्र जारी किये थे। उसे 30 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि आरोपी पर एक और



आपराधिक मामला दर्ज है।जबकि याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसके खिलाफ कोई अन्य मामला नहीं है। इसे गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने शहपुरा टीआई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर जवाब देने को कहा था। टीआई प्रवीण धुर्वे ने कोर्ट में पेश होकर जवाब दिया कि त्रुटिवश जिस आपराधिक रिकॉर्ड का हवाला दिया गया था, वह दरअसल किसी अन्य व्यक्ति का था, जिसका नाम आरोपी से मिलता-जुलता था। इस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए टीआई पर जुर्माना लगाया।

*पीएस राजस्व, सचिव फारेस्ट, कलेक्टर उमरिया, सीसीएफ भोपाल, रीजनल डायरेक्टर बांधवगढ़ को नोटिस*

## बांधवगढ़ नेशनल पार्क में अवैध गतिविधियों पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बांधवगढ़ नेशनल पार्क, उमरिया में अवैध गतिविधियों के आरोप संबंधी जनहित याचिका पर जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, सचिव फारेस्ट, कलेक्टर उमरिया, सीसीएफ भोपाल, रीजनल डायरेक्टर बांधवगढ़, डीएफओं उमरिया, नगर पालिका मानपुर व संत रविदास संभागीय समाज सेवा समिति को नोटिस जारी किए हैं। अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी। याचिकाकर्ता समाजसेवी राजनारायण भट्ट की ओर से दलील दी गई कि रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र में वन्य जीवों से संबंधित अन्य गतिविधियां संचालित किया जाना नियमों के विरुद्ध है। नेशनल पार्क बांधवगढ़ के कोर एरिया में संत रविदास संभागीय समाज सेवा समिति द्वारा अनुमति लेकर जंगल में सोशल व कल्चर एक्टिविटीज की जा रहीं है। उक्त कार्य के साथ ही वहां कुछ निर्माण कार्य भी किया जा रहा है, जो कि अनुचित है। वन्य जीव अधिनियम की धारा-दो के तहत रिजर्व फारेस्ट एरिया में केवल वन्य जीव से संबंधित गतिविधियां ही संचालित हो सकती है, लेकिन इसके बावजूद वहां अन्य अवैध गतिविधियां की जा रहीं है। शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई अतः हाई कोर्ट की शरण ली गई।



## सुरक्षा एजेंसी मौके पर पहुंची, 2 घंटे कामकाज रहा ठप्प

# मुख्य डाकघर और पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

**जबलपुर।** शहर के मुख्य डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब संदिग्ध ई-मेल के जरिए कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। प्रवर डॉक अधीक्षक द्वारा इस घटना की सूचना तत्काल सिविल लाइन पुलिस को दी गई। पुलिस बल डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंचा। कार्यालय के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई और पार्सल के डिब्बों को मैटल डिटेक्टर लगाकर चैक किया गया, लेकिन कही कोई संदिग्ध वस्तु और विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।

सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 12.15 बजे सिविल लाईन संभागायुक्त स्थित मुख्य डाकघर के प्रवर अधीक्षक की मेल में एक धमकी भरा संदेश आया, जिसमें लिखा था कि मुख्य डाकघर और पास पोर्ट कार्यालय को बम से उड़ा दिया जायेगा। इस ईमेल को चैक करने के बाद पूरे कार्यालय में हड़कंप मच गया, कर्मचारी कार्य छोड़कर बाहर निकल आए। सिविल लाईन पुलिस को घटना की सूचना दी गई। कंट्रोलरुम से वायरलेस से इस घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाईन के अलावा, केंट पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी साथ ही बम निरोधक दस्ता और डॉग स्कवाड भी मौके पर पहुंचा। लगभग 1 घंटे तक पूरे कार्यालय की सर्चिंग की गई। कार्यालय का कोना-कोना तलाश गया। पार्सल डाक सब चैक किए गए। कही कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, इसके बाद लोगों की जान में जान आई और कर्मचारी अपने-अपने काम पर जुटे। दो घंटे तक कामकाज ठप्प था। यहां उल्लेखनीय है कि इस तरह की धमकी भरे संदेश पहले भी कई कार्यालयों में आ चुके है। इसके पहले डुमना एयरपोर्ट उड़ाने का मामला सामने आया था और इसी तरह हाईकोर्ट में भी इसी तरह का एक मामला प्रकाश में आ चुका है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी कि खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हालांकि जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली. जिसके बाद धमकी को फर्जी माना गया. खबर है कि धमकी भरे मेल में मध्य प्रदेश के अन्य जोन के पासपोर्ट कार्यालयों को भी निशाना बनाने की बात कही गई थी, जिससे सुरक्षा एजेंसियां और अधिक सतर्क हो गई हैं।

बिना किसी परेशानी के ट्रक बार्डर पार कराने मांगी थी घूस

# आरटीओ आरक्षक और निजी कर्मी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जबलपुर।** लोकायुक्त पुलिस की टीम ने बुधवार को बरगी रोड पर ट्रक पास कराने के एवज में आरटीओ की महिला आरक्षक और उसके निजी सहयोगी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रेप किया। इस कार्रवाई के बाद आरटीओ विभाग में हड़कंप मच गया। लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि नवी मुंबई खारघर निवासी प्रशांत दत्तात्रेय जाधव के 10 ट्रक उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में माल का परिवहन करते हैं। बुधवार 25 मार्च को वाहन क्रमांक डीडी 01पी 09764 नागपुर-



जबलपुर हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान बरगी के पास तैनात आरटीओ विभाग की आरक्षक श्वेता अहिरवार और उनके साथी निजी कर्मचारी मोहित साहू ने गाड़ी को बिना किसी परेशानी के निकालने के बदले में वाहन मालिक से 4 हजार 500 रुपए की रिश्वत मांगी थी।वाहन मालिक और चालक जय सिंह यादव निवासी छतरपुर ने इस अवैध मांग की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में दर्ज कराई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही श्वेता अहिरवार के इशारे पर मोहित साहू ने रिश्वत की राशि स्वीकार की लोकायुक्त की टीम ने दोनों को दबोच लिया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,12,13(1)**B**, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल में निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक सुश्री शशि मर्सकोले , निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया, निरीक्षक जीतेंद्र यादवएवं लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240

**विकसित वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण बढ़ी परेशानी, एलपीजी बुकिंग में देरी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें**

# जबलपुर में रसोई गैस और डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति में दबाव, युद्ध का असर सप्लाई पर

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य पूर्व में ईरान के आसपास बढ़ते युद्ध और तनाव का असर अब जबलपुर में भी साफ दिखाई देने लगा है। कुछ दिन पूर्व स्थिति नियंत्रित होती दिख रही थी, लेकिन सीज फायर की संभावनाओं पर लगे पूर्ण विराम ने वैश्विक से लेकर स्थानीय स्तर तक उर्जा नीतियों में बदलाव कर दिया है। विकराल उर्जा संकट की आहट सब महसूस कर रहे हैं, इसके लिये अहतियाती कदम उठना शुरु हो गये हैं। वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की सप्लाई चेन पर बढ़ते दबाव का प्रभाव शहर के पेट्रोल पंपों, घरेलू रसोई गैस वितरण और बाजार गतिविधियों पर पड़ रहा है। हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पंपों में साफ दिख रहा दबाव

शहर के कई प्रमुख पेट्रोल पंपों पर बीते दो दिनों से सप्लाई में देरी और भीड़ की स्थिति बनी हुई है। गारेखपुर थाना क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप पर बुधवार सुबह लंबी कतारें देखी गईं, जहां वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। जैकसन होटल रोड स्थित पंप पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी, हालांकि वहां ईंधन भरने की प्रक्रिया जारी रही। भंवरताल रोड क्षेत्र के एक पंप पर कुछ समय के लिए स्टॉक कम होने की शिकायत सामने आई, लेकिन टैंकर पहुंचने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। पंप संचालकों का कहना है कि डिपो से टैंकर समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे अस्थायी दबाव की स्थिति बन रही है। हालांकि किसी भी पंप के पूरी तरह ईंधन खत्म होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोल और डीज़ल की आपूर्ति पर कोई औपचारिक नियंत्रण लागू नहीं किया गया है, लेकिन तेल कंपनियों द्वारा सप्लाई प्रबंधन के तहत अपनाए जा रहे कुछ अप्रत्यक्ष उपायों से वितरण प्रणाली प्रभावित हो रही है और उसका असर स्थानीय स्तर पर दिख रहा है।






### एलपीजी बुकिंग में हर कोई परेशान

घरेलू रसोई गैस की स्थिति भी पूरी तरह सामान्य नहीं कही जा सकती। शहर में बुकिंग और समय पर डिलीवरी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि बुकिंग के बावजूद सिलेंडर तय समय पर नहीं पहुंच रहा। कुछ लोगों की बुकिंग कई दिन पहले हो चुकी है, लेकिन डिलीवरी में देरी हो रही है। गैस एजेंसियों के कस्टमर केयर नंबरों पर संपर्क न हो पाने और ऑनलाइन माध्यम से जवाब में देरी की शिकायतें भी सामने आई हैं। कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसियां स्टॉक कम होने का हवाला देकर डिलीवरी टाल रही हैं।

### रोजमर्रा की जिंदगी पर दिख रहा असर

ऊर्जा संकट का असर शहर की दिनचर्या में साफ दिखाई दे रहा है। वाहन चालक सुबह और शाम पेट्रोल भरवाने के लिए कतारों में समय बिता रहे हैं। घरेलू महिलाएं गैस सिलेंडर की देरी से डिलीवरी के कारण परेशान हैं। छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ रहा है।

### प्रशासन का दावा बनाम जमीनी हकीकत

प्रशासन और तेल कंपनियां यह दावा कर रही हैं कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई सामान्य है। इसके बावजूद सप्लाई चेन पर दबाव, टैंकरों की देरी, गैस बुकिंग में रुकावट और स्थानीय स्तर पर अस्थायी स्टॉक अस्थिरता जैसी स्थितियां यह संकेत दे रही हैं कि हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हैं। यदि वैश्विक परिस्थितियों में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में ऊर्जा संकट का असर और गहराने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल शहर अलर्ट मोड में है और आम नागरिक स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### मौजूदा रेट स्थिर, उछलने को बेताब

फिलहाल जबलपुर में पेट्रोल लगभग 106.59 रुपये प्रति लीटर और डीज़ल 91.88 से 92 रुपये प्रति लीटर के आसपास बिक रहा है। अभी तक कीमतों में बड़ा उछाल नहीं आया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव और सप्लाई चेन पर दबाव के कारण भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि वैश्विक हालात अगर और बिगड़े तो कीमतों में तेजी से बदलाव संभव है।

### कॉमर्शियल सिलेंडर की लगभग गायब

व्यावसायिक क्षेत्र में स्थिति और अधिक चुनौतीपूर्ण बनती जा रही है। होटल, रेस्टोरेंट और चाय दुकानों के संचालक गैस की कमी से जूझ रहे हैं। कई संचालकों का कहना है कि कॉमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता बेहद सीमित हो गई है। कुछ प्रतिष्ठानों ने वैकल्पिक ईंधन जैसे कोयला या लकड़ी का सहारा लेना शुरू कर दिया है, जबकि कुछ कारोबार सीमित समय के लिए ही संचालन कर पा रहे हैं।

*एमपी स्टेट बार काउंसिल ने वकीलों की मांग पर बढ़ाया समय*

## प्रारंभिक मतदाता सूची पर 28 मार्च तक दर्ज कर सकेंगे आपत्तियां




**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल ने प्रारंभिक मतदाता सूची पर 28 मार्च तक आपत्तियां दर्ज कराने का समय दे दिया है। यह राहत वकीलों की मांग पर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुछ अधिवक्ता जो दूरस्थ स्थानों में निवास करते हैं, उन्हें 16 मार्च को प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची के संबंध में समय पर जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। इस संबंध में विभिन्न अधिवक्ता संघों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि 24 मार्च को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया था। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए व हाई पावर इलेक्शन कमेटी की सहमति व आदेशानुसार, आपत्तियां व अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 मार्च को सायं चार बजे निर्धारित कर दी गई। ताकि कोई भी अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो।

**1 अप्रैल से दोगुना हो जाएगा टैक्स**

# अधिभार से बचने पांच दिन बाकी

**जबलपुर।** नगर निगम ने शहर के करदाताओं को सख्त चेतावनी दी है। यदि 31 मार्च तक बकाया टैक्स जमा नहीं किया गया तो 1 अप्रैल से दोगुना अधिभार (जुर्माना) लगाया जाएगा। अब बिना अतिरिक्त शुल्क के टैक्स भरने के लिए केवल 5 दिन का समय बचा है।

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने साफ किया है कि वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले सभी बकाया कर की वसूली हर हाल में की जाएगी। इसलिए जिन लोगों ने अभी तक संपत्ति कर, जल कर या अन्य नगर निगम कर जमा नहीं किया है, वे तुरंत भुगतान कर दें, वरना भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने राजस्व, स्वास्थ्य, बाजार और जल विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर वसूली तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तय लक्ष्य हर हाल में पूरे किए जाएं। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, अंजू सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने कर्मचारियों को घर-घर जाकर बकाया टैक्स वसूलने के आदेश दिए हैं। साफ चेतावनी दी गई है कि जो कर्मचारी अपना टारगेट पूरा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम की इस घोषणा के बाद अब शहर के करदाताओं के पास सिर्फ 5 दिन का समय है। 31 मार्च के बाद भुगतान करने पर दोगुना जुर्माना देना पड़ेगा।

**हाईकोर्ट में सुनवाई आज**

## पूर्व महापौर प्रभात साहू की पुलिसकर्मी से कथित झड़प के मामले की सीलबंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट पेश

**जबलपुर।** बल्देवबाग चौराहे पर हेलमेट चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी से पूर्व महापौर प्रभात साहू की हुई कथित झड़प के मामले की एसटीएफ ने हाईकोर्ट में सीलबंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट पेश की है। एसटीएफ की ओर से डीएसपी संतोष कुमार तिवारी ने सबूत के रूप में पेन ड्राइव भी प्रस्तुत की है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर 26 मार्च को सुनवाई नियत की है। जबलपुर के अधिवक्ता मोहित वर्मा ने याचिका दायर कर कहा है कि 18 सितंबर 2025 को बल्देवबाग चौराहे पर पुलिस हेलमेट चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना हेलमेट लगाए वहां से पूर्व महापौर प्रभात साहू निकले जिन्हें पुलिस वालों ने रोका। इसी बात पर पूर्व महापौर की पुलिस वालों से झड़प हुई। इस दौरान एक भाजपा विधायक भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, जिससे वहां काफी हंगामा भी मचा था। याचिका में आरोप है कि चेकिंग करने वाले आरक्षक कृष्ण कुमार की न सिर्फ पिटाई हुई, बल्कि उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई। विवाद के तूल पकड़ने के बाद भी पूर्व महापौर के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी थी।

**छात्राओं ने लगाए गंभीर आरोप, चरित्र पर टिप्पणी, गंदगी और दुर्व्यवहार से नाराज़**

**निष्कासन की धमकी से सहमी सैकड़ों छात्राएं**

## जबलपुर कन्या छात्रावास में बवालः शिकायत पर अभद्रता, जांच टीम ने दबाने का बनाया दबाव

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के राइट टाउन स्थित जनजाति कार्य विभाग के कन्या छात्रावास में छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार और प्रशासनिक दबाव का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। छात्राओं का आरोप है कि पहले अधीक्षिका ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जब वे शिकायत लेकर सहायक आयुक्त के पास पहुंचीं तो वहां भी उन्हें अपमानजनक शब्द सुनने पड़े।

### मामला यहीं नहीं थमा

जांच के लिए पहुंची टीम पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। छात्राओं का कहना है कि जांच टीम ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय पूरे मामले को दबाने का दबाव बनाया। यहां तक कहा गया कि यदि दोबारा शिकायत की गई तो छात्राओं को छात्रावास से निष्कासित कर दिया जाएगा। छात्राओं ने अधीक्षिका पर उनके चरित्र पर सवाल उठाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही छात्रावास में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की शिकायत भी सामने आई है। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर सरकार आदिवासी वर्ग के हितों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर अधिकारी संवेदनशीलता को नजरअंदाज करते दिख रहे हैं।



### डर के साए में छात्राएं

घटना के बाद छात्रावास में रहने वाली छात्राएं भय के माहौल में हैं। उन्हें डर है कि आवाज उठाने की कीमत कहीं उनके भविष्य से न चुकानी पड़े।

**महापौर और विधायक ने किया स्टॉल्स का शुभारंभ**

# शहीद स्मारक में तृतीय ‘पुस्तक मेला 2026’ का भव्य आगाज़

**81 स्टॉल्स पर पाठ्य-पुस्तकें और यूनिफॉर्म पर 50% तक छूट**



**जबलपुर।** गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में आज से तृतीय ‘पुस्तक मेला 2026’ का उद्घाटन हुआ। इस 12 दिवसीय मेले का उद्घाटन महापौर जगत बहादुर सिंह ‘अन्नू भैया’ और विधायक (उत्तर मध्य) अभिलाष पाण्डे ने दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ किया। उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि इस वर्ष मेले में कुल 81 स्टॉल्स लगाए गए हैं। स्टॉल्स पर पाठ्य-पुस्तकें, कॉपियां और स्कूल यूनिफॉर्म पर 50% तक की छूट दी जा रही है। साथ ही, पुरानी पुस्तकों के दान की व्यवस्था भी की गई है, जिससे पिछले वर्ष लगभग 2500 जरूरतमंद छात्रों को लाभ मिला था। विधायक अभिलाष पाण्डे ने बताया कि उत्तर मध्य विधानसभा में ‘5S’ कॉन्सेप्ट के तहत शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर काम किया जा रहा है और हर सरकारी स्कूल में स्मार्ट बोर्ड लगाए जा रहे हैं। महापौर श्री जगत बहादुर सिंह ने कहा कि नगर निगम स्कूल के टॉपर छात्रों को हवाई यात्रा और फाइव स्टार होटलों में ठहराया जाता है। साथ ही, मालाबार गोल्ड द्वारा शिक्षा के लिए ₹10 लाख की CSR सहायता दी गई है। उद्घाटन समारोह में संभागीय बालभवन, स्वरंजलि एकेडमी और माउंट लिट्रा जी स्कूल के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, कथक तराना और श्रीराम भजन की प्रस्तुति दी। समारोह के अंत में अतिथियों ने स्टॉल्स का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयोजक समिति ने शहरवासियों से 5 अप्रैल तक चलने वाले इस ज्ञानोत्सव का लाभ उठाने की अपील की है।

### पैरोल पर जेल से छूटकर फरार होने वाले को छह माह की सजा

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रियम कुमार सक्सेना की अदालत ने केंद्रीय कारागार, जबलपुर से पैरोल पर छूटकर फरार हुए बंदी श्याम बर्मन का दोष सिद्ध पाया। कोर्ट ने उसे छह माह के कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनीष समाधिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि एक प्रकरण में श्यामू बर्मन केंद्रीय कारागार, जबलपुर में सजा भुगत रहा था। जिसे नौ अक्टूबर, 2017 को पैरोल पर छोड़ा गया था। वह पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद भी शेष सजा भुगतने जेल में उपस्थित न होकर फरार हो गया। जेल प्रशासन की सूचना पर आरोपी के विरुद्ध सिविल लाईन थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया था। सुनवाई के बाद अदालत ने सजा सुना दी।

*अभा अधिवक्ता परिषद के आयोजन में मुख्य न्यायाधीश की धर्मपत्नी सहित अन्य ने रखे विचार*

## सशक्त नारी ही परिवार की सुदृढ़ नींव : रश्मि सचदेवा

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा की धर्मपत्नी अधिवक्ता रश्मि सचदेवा ने कहा कि सशक्त नारी ही परिवार की सुदृढ़ नींव है। वे अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, उच्च न्यायालय ईकाई जबलपुर, महाकोशल प्रांत के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में एंपावर्ड वूमेन ब्रेकिंग बेरियर एंड बिल्डिंग फ्यूचर विषय विशिष्ट अतिथि के रूप में बोल रही थीं। उन्होंने महिलाओं के उत्थान के संदर्भ में महतपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया की धर्मपत्नी अधिवक्ता प्रीति रूसिया ने भी महिला अधिवक्ताओं को सफलता के गुर सिखाए। हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सभी मंचासीन अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### *जूनियर महिला वकील पूरी तैयारी के साथ करें पैरवी : न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला*

मुख्य अतिथि हाई कोर्ट की न्यायाधिपति अनुराधा शुक्ला ने कहा कि जूनियर महिला अधिवक्ता न्यायालय में प्रकरण की पूर्ण तैयारी की गुणवत्ता के साथ उपस्थित हों। इससे उनकी छवि बेहतर होगी। अतिथियों का जीवन परिचय अधिवक्ता वारिधि पाठक व अधिवक्ता ऐश्वर्या सिंह, आरती द्विवेदी, अधिवक्ता आकांक्षा चौहान व कृष्ण चंदेल ने दिया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की धर्मपत्नी शिक्षाविद व अभियंता नुपुर अग्रवाल ने महिला सशक्तिकरण हेतु उच्च शिक्षा और नकारात्मक बंधनों की ओर न देखते हुए स्वयं भविष्य का मार्ग तय करने पर बल दिया। शिक्षाविद डा. सुरभि त्रिवेदी ने महिलाओं की प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका को रेखांकित किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. शुभदा तिवारी ने कहा कि स्वस्थ महिला ही परिवार, समाज, देश को समृद्धि की ओर ले जा सकती है। उन्होंने इस संबंध में विभिन्न चिकित्सीय उपाय का विस्तृत व्याख्यान दिया। महाकोशल प्रांत की कार्यकारी अध्यक्ष सुशीला पालीवाल का जीवन परिचय अधिवक्ता गरिमा तिवारी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा व आभार प्रदर्शन अधिवक्ता श्वेता यादव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ सदस्य उपास्थित रहे।

## महानगर का सपना चूर, जबलपुर को बना दिया ‘मजरा-टोला’, सफाई व्यवस्था पर विपक्ष का बड़ा हमला

***कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में फूटा गुस्सा, बोले शहर में कचरे का अंबार, जनता त्रस्त, नवरात्रि के बाद बड़े आंदोलन का ऐलान***



**जबलपुर।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था को लेकर अब सियासी तूफान मच गया है। कांग्रेस पार्षद दल ने महापौर और प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि नगर निगम ने शहर को ₹मजरा-टोला₹ बना दिया है, जबकि महानगर बनने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे थे। सचेतक अयोध्या तिवारी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन कागजों में सफाई के दावे कर रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो चुकी है। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में अव्यवस्था की ओर इशारा किया। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व पर हमला करते हुए कहा कि नगर निगम प्रशासन गहरी नींद में है, लेकिन विपक्ष चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो नवरात्रि के बाद बड़े आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता गुड्डू नबी ने कहा कि शहर के कई वार्डों में कचरा गाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं और जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस पार्षद दल ने साफ किया कि वे नवरात्रि के बाद आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे हैं। बैठक में अमरीश मिश्रा, शगुफ्ता गुड्डू नबी, संतोष दुबे, अदिति अतुल बाजपेयी, रितू राजेश यादव, हर्षित यादव, सतेन्द्र गुड्डा चौबे, अनुपम जैन, राकेश पांडे, प्रमोद पटेल, गार्गी रामकुमार यादव, लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, गुड्डू तामसेतवार, और विनोद पटेल लोधी सहित कई पार्षद उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य अमले को 6 बजे से फील्ड पर रहकर कार्य करने दिए निर्देश

**जबलपुर।** संस्कारधानी को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश का सिरमौर बनाने के लिए नगर निगम अब 'मिशन मोड' में आ गया है। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य विभाग के पूरे अमले को टीम भावना के साथ कार्य करने और स्वच्छता कार्यों में गति लाने के कड़े निर्देश दिए हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए अब स्वास्थ्य अमला अलसुबह 6 बजे से ही सड़कों पर नजर आएगा। निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड पर रहकर सीधे कार्यों की मॉनिटरिंग करें। नाला-नालियों की सफाई से लेकर पेवर ब्लॉक लगाने तक के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मातृशक्ति ने निकाली भव्य बाइक रैली

# भारतीय संस्कृति और परंपरा का अद्भुत मेल

**सिहोरा।** मातृशक्ति द्वारा श्रीराम नवमी के एक दिन पहले आयोजित वाइक रैली में नारी शक्ति, भारतीय संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। बाबाशाला कटरा मोहल्ला से भगवान भोलेनाथ माता पार्वती और पवन पुत्र हनुमान की पूजा के बाद प्रारम्भ हुई रैली में महिलाओं ने भगवा पगड़ी और भारतीय परिधान धारण किया था।

### इन मार्गों से होकर निकली रैली

भगवा ध्वज और जय श्रीराम के गगन भेदी नारों को गुंजायमान करते हुए रैली कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,कालभैरव चौक, सरावगी मोहल्ला,महावीर चौक,मैना कुंआ,बाबाताल से खितौला तिराहा, खितौला बाजार,बारीबहू स्टेडियम से होकर निकली जिसका समापन बाबाताल में प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

### मातृशक्ति पर रामभक्तों ने की पुष्प वर्षा

वाइक रैली में सिहोरा के झंडा बाजार,काल भैरव चौक,सरावगी मोहल्ला सहित खितौला में अनेक स्थानों पर रामभक्तों ने एकत्र होकर मातृशक्ति पर पुष्प वर्षा कर जय श्रीराम के नारे लगाये।इसी तरह अनेक स्थानों पर बालिकाओं ने प्रभु श्रीराम के भजनों पर नृत्य भी किया। रैली में महिलाओं युवतियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।







### माँ खेरमाई मंदिर मानेगाँव, रांझी का जवारा विसर्जन जुलूस 28 को

**जबलपुर।** श्री राधा माधव भक्ति सेवा उत्सव समिति, माँ खेरमाई मंदिर, केशरी नगर, मानेगाँव, रांझी जबलपुर के तत्वावधान में चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जवारे कलश स्थापित किए गए हैं। माता रानी का जवारा विसर्जन दिनांक 28.03.2026 दिन शनिवार एवं भंडारे का आयोजन दिनांक 29.03.2026 दिन रविवार को किया जाएगा।

# वर्ल्ड टीबी डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## शांतम प्रज्ञा आश्रम में नशा पीड़ितों को टीबी से बचाव का संदेश




**जबलपुर।** 24 मार्च को शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति मनो आरोग्य दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में विश्व क्षय रोग दिवस (World TB Day) पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम में उपचार ले रहे नशा पीड़ित मरीजों को टीबी बीमारी के विषय में जानकारी दी गई। आश्रम संचालक एवं क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने बताया कि इस वर्ष की थीम "Yes! We Can End TB: Led by countries, powered by people" है, जिसका अर्थ है कि देश और समाज के संयुक्त प्रयासों से टीबी को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में टीबी के खतरे, विशेषकर नशे के कारण होने की संभावनाओं और इसके रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया के सबसे प्रभावित एशियाई देशों में से एक है और प्रतिदिन करीब 4100 लोग टीबी के कारण अपनी जान गंवाते हैं। नशे के कारण बीड़ी, सिगरेट, गांजा, स्मैक आदि से टीबी का खतरा बढ़ जाता है। कार्यक्रम में आश्रम के सदस्य मनीष रैकवार, अक्षय विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे। सभी ने नशा मुक्त रहने और टीबी को रोकने के प्रयासों में सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल टीबी से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि नशा मुक्त जीवन के माध्यम से स्वस्थ समाज का संदेश भी देना था।



# नगर परिषद बरेला का बजट लाभ के साथ पारित

**बरेला।** नगर परिषद की साधारण सभा बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष प्रतीक मानव दुबे ने की। प्रस्तुत बजट के अनुसार कुल अनुमानित आय 3385.92 लाख रुपये एवं व्यय 3384.60 लाख रुपये रखा गया है, जिससे 1.32 लाख रुपये का अधिशेष बजट पारित हुआ। बजट में नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, विद्युत एवं सफाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही सड़क, नाली, पुलिया, भवन, खेल मैदान, उद्यान एवं वाटर बॉडी जैसे अधोसंरचना विकास कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विशेष प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती सोनम सोनू सोनकर सहित सभी पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय पांडे, उपयंत्री, लेखा प्रभारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जबलपुर जिला कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जिला इकाई के लिए वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला ने सर्वसम्मति से गठित इस टीम का ऐलान किया, जिसका उद्देश्य परिषद की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करना है। राष्ट्रीय नेतृत्व की अनुमति तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, मुख्य महासचिव विलोक पाठक और संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया की सहमति से संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा द्वारा कार्यकारिणी सूची जारी की गई। घोषित कार्यकारिणी में जिला प्रभारी अविनाश दीक्षित एवं अमरजीत खरे, महासचिव नरेन्द्र जायसवाल, उपाध्यक्ष कपिल खानेजा, विवेक दुबे, नीरज यादव और मृणाल बोरकर शामिल हैं। सचिव पद पर राजू विश्वकर्मा, नीलिमा तिवारी, नितिन गौतम (पनागर) और नवनीत दुबे को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सहसचिव के रूप में अंकित उपाध्याय, अमन पटेल, धनंजय श्रीवास्तव और कल्याणी सिंह, जबकि प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी के रूप में श्रीशांत सिंह को नियुक्त किया गया है। जिला कार्यसमिति में अनुराग शुक्ला, ओमप्रकाश गुर्जर, अंशुल विनोदिया, वाजिद खान, रोहित नायर, मंजेश उपाध्याय और संदीप मनवारे को शामिल किया गया है।

# राष्ट्र निर्माण में किसानों की अहम भूमिका : राजमणि सिंह बघेल

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर किसान मोर्चा ने किया किसानों का सम्मान



**सिहोरा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किसान सेवा सप्ताह के अंतर्गत जबलपुर ग्रामीण के 31 उन्नत किसानों को कृषि उपज मंडी सिहोरा में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किसानों को कृषि एवं दुग्ध उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य के लिए बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे और भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री, युवा मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही किसानों के लिए हेल्थ शिविर का आयोजन कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विधायक प्रणय पांडे ने कहा कि प्रदेश सरकार खेती-किसानी को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों को हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे नवाचार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह बघेल ने कहा कि किसान देश की आधारशिला हैं और उनका परिश्रम राष्ट्र की समृद्धि का आधार है। उन्होंने कहा, ₹जैसे सीमा पर जवान देश की रक्षा करता है, वैसे ही खेत पर किसान देश का भविष्य संवारता है।₹ इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजा मोर, जनपद अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरहिया, नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुबोध दुबे, वीरेंद्र पटेल, गजराज सिंह बघेल, शिशर पांडे, मनोज चौबे, महेश सेन सहित समस्त किसान और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बेहतर कल के लिए आज से जल बचाएं- सुषमा कर्चुली

**सिहोरा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति सेक्टर सिहोरा के संयोजन में ग्राम खभरा भाटादौन द्वारा जल संरक्षण संवर्धन हेतु समूचे प्रदेश पर जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई है जो 27 मार्च तक चलेगा इस अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति अभियान सुरक्षित जल समृद्ध कल अभियान प्रारंभ हो चुका है प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा इस अभियान का शुभारंभ किया गया है इसी के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सिहोरा में नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति के नेतृत्व में आंगनवाड़ी केंद्र की बालिकाओं के मध्य श्लोगन लेखन प्रतियोगिता के साथ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के द्वारा अभियान की शुरुआती दौर पर जल संरक्षण के लिए ग्राम की जीवन दायिनी हिरन नदी पर पंचकलश से जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया गया। नवांकुर संस्था की अध्यक्ष सुषमा कर्चुली ने कहा बेहतर कल के लिए हमें आज से ही जल बचाना पड़ेगा नहीं तो आने वाला समय बहुत ही कष्टदायक होगा। इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष गौरा बाई सचिव पार्वती लोधी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता दहिया के साथ समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी के उपस्थित थे।

# ई-टोकन प्रशिक्षण से मजबूत होगा कृषक प्रबंधन तंत्र

## पनागर विकासखंड में 'विकसित भारत' योजना कार्यक्रम



**पनागर।** 'विकसित भारत' योजना के तहत ई-टोकन प्रणाली पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य उर्वरक वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और तकनीक आधारित बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पटवारी, सहकारी समिति प्रबंधक, मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ के केंद्र प्रभारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं एमपी एग्रो केंद्र प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज शर्मा एवं नायब तहसीलदार सरफराज नय्यन की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने ई-टोकन प्रणाली के प्रभावी संचालन, क्रियान्वयन और किसानों को होने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को डिजिटल प्रक्रिया, समयबद्ध टोकन वितरण और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह पहल प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को सुविधाजनक और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।



## मूर्तियों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**सिहोरा।** प्रज्ञा बिहार कालोनी में नवनिर्मित श्री हरिहर धाम मंदिर में माता दुर्गा, श्रीराम, लक्ष्मण,सीता, शिवजी एंव हनुमान जी की भव्य मूर्तियों के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बैंड बाजों के साथ दर्जनों महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सर पर कलश लेकर चल रही थी उनके पीछे दो वाहनों में प्रतिमाएं एंव युवा धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। कलशयात्रा में अनेक भक्त गण शामिल हुए आज गुरुवार को मंदिर में विधिवत प्रतिमाओं की स्थापना होगी। कार्यक्रम आयोजक प्रभात कुररिया ने बताया श्रीराम नवमी पर 27 मार्च दिन शुक्रवार को हवन पूजन कन्या भोजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें सभी से पहुंचने की अपील की गई है । कलशयात्रा बाबाताल शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर खितौला तिराहा से होकर प्रज्ञा बिहार कालोनी में संपन्न हुई।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा सेवा, धर्म और समाजसेवा से जुड़े विविध आयोजन

### महावीर जयंती पर पंचदिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला

**जबलपुर।** भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा पंचदिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी सुबोध कामरेड के अनुसार 26 मार्च को विक्टोरिया अस्पताल में मरीजों को फल एवं भोजन वितरण किया जाएगा। 27 मार्च को बोर्डिंग मंदिर में भक्तांबर पाठ का आयोजन होगा। 28 मार्च को वन ग्राम की एकल पाठशाला को गोद लेने की पहल की जाएगी, जबकि 29 मार्च को संजीवनी नगर जैन मंदिर में पूजन-अभिषेक संपन्न होगा। कार्यक्रमों का समापन 30 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर शोभायात्रा में सहभागिता और बंगाली क्लब के समक्ष श्रीजी की महाआरती के साथ होगा। इन आयोजनों के माध्यम से समाज में सेवा, धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश प्रसारित किया जाएगा।



# यूजीसी नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, बरेला में सवर्ण समाज में खुशी

**बरेला। यूजीसी से जुड़े संशोधित नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद सवर्ण समाज में हर्ष का माहौल है। जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को भारत सरकार द्वारा आरक्षण नीति के तहत 2012 के नियमों में संशोधन कर नया प्रावधान लागू किया गया था, जिसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। देशभर में इसके विरोध में आंदोलन भी हुए।** सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करता तो इसके गंभीर और विभाजनकारी परिणाम हो सकते हैं। 19 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के बाद नए नियमों पर रोक लगाते हुए निर्देश दिया कि अंतिम निर्णय आने तक 2012 के नियम ही स्कूल, कॉलेज एवं अन्य संस्थानों में लागू रहेंगे। इस फैसले के बाद बरेला क्षेत्र में सवर्ण समाज के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, नगर अध्यक्ष योगेश दुबे, राजपूत समाज से सहदेव सिंह गौर, अमित ठाकुर, दिगम्बर जैन समाज के विमल जैन, आशीष जैन तथा कायस्थ समाज के समीर श्रीवास्तव एवं राहुल श्रीवास्तव ने समाज की एकता और संघर्ष के लिए आभार व्यक्त किया।




**श्री परमहंस पांडे-** नवनिवेश कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री परमहंस पांडे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बसंत दास जैसवानी-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री बसंत दास जैसवानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बसंत कुमार पंड्या-** गणेश मंडपम कछपुरा ब्रिज के पास निवासी श्री बसंत कुमार पंड्या (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित गुप्ता-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री ओमप्रकाश गुप्ता के पुत्र श्री अमित गुप्ता (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगन्नाथ प्रसाद साहू-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री जगन्नाथ प्रसाद साहू (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई केवट-** द्वारका नगर छोटी संतोषी माता के निकट निवासी श्री चेतूराम केवट की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई केवट (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बिंदेश्वर प्रसाद मेहता-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री बिंदेश्वर प्रसाद मेहता (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय सिंह राजपूत-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री शंकर सिंह राजपूत के पुत्र श्री विजय सिंह राजपूत (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा पांडे-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री हरिशचंद्र पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पांडे (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बृजमोहन यादव-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री बृजमोहन यादव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा रानी-** हेमाशा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री नर्बदा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती आशा रानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया तिवारी-** गांधी चौक मोहनिया रांझी निवासी श्री हरि नारायण तिवारी के पुत्र श्री कन्हैया तिवारी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती दूजी बाई पटेल-** पीडबल्यूडी क्वाटर्स साउथ सिविल लाइन निवासी श्री रामसिया पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती दूजी बाई पटेल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362140

## विभिन्न राज्यों में 27 अफसरों की ड्यूटी लगने के बाद राज्य सरकार ने वापस आने तक के लिए चार्ज दिया

# विधानसभा चुनावों में प्रेक्षक बनाए गए आईएएस अफसरों की जगह जीएडी ने अन्य अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कॉडर के 27 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अफसरों को असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों में आब्जर्वर पद पर ड्यूटी लगाई गई है।

यह सभी अफसर मप्र से रवाना हो गए। उन्होंने अपने-अपने स्थानों पर ज्वॉनिंग दे दी है। सामान्य प्रशासन विभाग जीएडी कार्मिक ने इन सभी अफसरों की जगह अन्य अफसरों को चुनाव कार्य से वापस आने तक के लिए अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

### अयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश बनोठ का कार्य नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह देखेंगे



आदिम जाति क्षेत्र विकास योजनाएं के संचालक सत्येंद्र सिंह का कार्य आयुक्त रेशम मोहित बिंदस को, अयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश श्रीकांत बनोठ का कार्य नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह देखेंगे। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग का कार्य परियोजना संचालक स्किल डेवलपमेंट गिरीश शर्मा को दिया गया है। प्रमुख राजस्व आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव का कार्य आयुक्त उद्योग दिलीप कुमार को दिया गया है। संचालक कौशल विकास बसंत कुर्रे का कार्य अवधेश शर्मा को, स्वास्थ्य विभाग के संचालक दिनेश श्रीवास्तव का कार्य प्रबंध संचालक पब्लिक हेल्थ कॉरपोरेशन मयंक अग्रवाल को दिया गया है।

### संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास भार्गव का कार्य प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड पुरुषोत्तम को सौंपा

राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक अभिजीत अग्रवाल का कार्य अपर प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड अनुराग सक्सेना देखेंगे। संचालक पंचायत राज छोटे सिंह का कार्य हृदयेश श्रीवास्तव को दिया गया है। आयुक्त आदिवासी विकास तरूण राठी का कार्य आयुक्त हस्त शिल्प मदन विभीषण नागरगोजे को दिया गया है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह का कार्य आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, आयुक्त सह संचालक पिछड़ा वर्ग सौरभ कुमार सुमन का कार्य प्रबंध संचालक मत्स्य महासंघ अनुराग चौधरी, आयुक्त सह पंजीयक सहकारी संस्थाएं मनोज पुष्प की जगह सहकारिता की उप सचिव शीला दाहिमा, संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास उमाशंकर भार्गव का कार्य प्रबंध संचालक कृषि विपणन बोर्ड कुमार पुरुषोत्तम देंखेंगे।

### इन अधिकारियों को भी सौंपी जिम्मेदारी

संचालक वाल्मी सरिता बाला प्रजापति का कार्य उप सचिव ह्दयेश श्रीवास्तव को दिया गया है। इसी तरह आयुक्त हाउसिंग बोर्ड गौतम सिंह की जगह नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव शैलेंद्र सिंह, आयुक्त सह संचालक संस्थागत वित्त राजीव रंजन मीणा का कार्य आयुक्त कोष एवं लेखा भास्कर लक्षकार, राज्य आजीविका मिशन की सीईओ हर्षिका सिंह का कार्य रोजगार गारंटी परिषद के सीईओ अवि प्रसाद को, ग्रामीण विकास प्राधिकरण के सीईओ दीपक आर्य का कार्य अवि प्रसाद को सौंपा गया है। गृह विभाग के अपर सचिव आशीष भार्गव का कार्य सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव सुभाष द्विवेदी को, महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त निधि निवेदिता का कार्य आयुक्त संचालक भारतीय चिकित्सा पद्धति उमा महेश्वरी को, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया का कार्य प्रबंध संचालक पब्लिक हेल्थ सर्विसेज मयंक अग्रवाल को, खनिज निगम के प्रबंध संचालक फ्रैंक नोबल ए का कार्य जल निगम के प्रबंध संचालक बीएस चौधरी कोलसानी को, राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार का कार्य पर्यटन विकास निगम के अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर को सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप

### आईएएस संजीव श्रीवास्तव बने मप्र में संचालक जनगणना

**भोपाल।** भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने लोक निर्माण विभाग के अपर सचिव संजीव श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश में जनगणना कार्य करने का दायित्व सौंपा है। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिया। आदेश के अनुसार वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश में जनगणना कार्य संपन्न कराने के लिए संचालक जनगणना निदेशालय भोपाल के पद पर पदस्थ किया है। उन्हें प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार में पदस्थ किया गया है।

### अमृत सरोवरों के जल क्षेत्र में 128% वृद्धि, देश में प्रथम स्थान पर मप्र

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। पिछले वर्षों में अभियान के दो चरणों में प्रदेश में 6 हजार 393 अमृत सरोवरों में पहले चरण में 5 हजार 839 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। वहीं दूसरे चरण में 554 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। मप्र मिशन अमृत सरोवर के तहत देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर है। इसकी जानकारी आईआईटी दिल्ली और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित भू प्रहरी परियोजना की रिपोर्ट से सामने

### इस वर्ष से यशोदा योजना के माध्यम से स्कूली बच्चों को प्रदाय किए जाएंगे दूध के पैकेट

# पशु, मत्स्य पालन, कृषि आधारित उद्योगों के प्रोत्साहन से मप्र बनेगा नंबर-1 राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### मुख्यमंत्री दतिया जिले के भांडेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं, जहां संकट आया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से भारतीय नागरिकों की घर वापसी सुनिश्चित न की गई हो। मप्र सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दतिया जिले में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान श्री बलराम को नमन करते हुए कहा कि किसान हमारे देश के भाग्य विधाता हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं की सौगात दी जा रही है। अब हमारे किसान नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनों से भूसा भी बना रहे हैं, जिससे उन्हें गेहूं और भूसा, दोनों से कमाई का सुनहरा मौका मिला है।

दतिया जिले में विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि-पूजन हितग्राहियों को वितरित किए कृषि यंत्र



हितग्राहियों को राशि का चेक सौंपते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### अब बुंदेलखंड अंचल से कोई किसान नहीं करेगा पलायन

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सिंचाई का रकबा अब बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंच चुका है। पिछले 2 साल में सिंचित भूमि का रकबा लगभग दस लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड अंचल और आसपास के जिलों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। अब बुंदेलखंड अंचल से कोई किसान पलायन करने को विवश नहीं होगा।

### सीएम ने दतिया को करोड़ों की सौगातें दी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र बहुत जल्द देश का नंबर-1 राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन में दतिया को 62.23 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 62.23 करोड़ लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें भव्य सांदीपनि विद्यालय, दैवीय स्थल रतनगढ़ में यात्री निवास, स्टेडियम सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में हितग्राहियों को कृषि यंत्र, पशुपालन, खाद्य प्र-संस्करण के लिए हितलाभ भी वितरित किए।*

### किसान फसल काटने के बाद खेतों में नरवाई को न जलाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान फसल काटने के बाद खेतों में नरवाई को न जलाएं, इससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती हैं। राज्य सरकार भूसा निर्माण के लिए हितग्राहियों को हैप्पी सीडर मशीनें प्रदान कर रही है। किसान भूसा बनाकर पास की गोशालाओं में बेचें। अब किसानों को गेहूं के साथ-साथ भूसे का भी पैसा मिलेगा। लघु कृषकों को समय पर किराए पर कृषि यंत्र मिल जाएं और उनकी खेती अच्छी हो जाए। इसके लिए विधानसभा स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर यानी कृषि यंत्रों की किराए की दुकान खोली जा रही हैं।

### दूध उत्पादन के साथ बढ़ेगी प्रदेश के किसानों की आय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का संकल्प लिया है। कामधेनु योजना में 25 गाय पालने पर 40 लाख रुपए प्रति इकाई स्थापित करने की योजना में राज्य सरकार ने 10 लाख का अनुदान देने का निर्णय लिया है। इसी शैक्षणिक सत्र से यशोदा योजना में बच्चों को दूध के पैकेट भी वितरित किए जाएंगे।

### नरवाई एवं पराली प्रबंधन पर आधारित प्रदर्शनी देखी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में विभिन्न विभागों दकी ओर से लगाई गई नरवाई एवं पराली प्रबंधन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में लगभग 20 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी में हैप्पी सीडर सुपरसीडर, खाद के लिए शासन से शुरू की गई ई-टोकन प्रणाली, प्राकृतिक खेती, मिलेट्स, तथा शासन की विभिन्न योजनाओं को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### दो दिन चले ऑपरेशन में 9 आरोपी गिरफ्तार

# पुलिस के हाथ लगा अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह, बड़ी सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए बड़े अभियान में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करने में सफलता हासिल की है। लगातार 48 घंटे तक चले ऑपरेशन में पुलिस ने ओडिशा के कई जिलों में एक साथ दबिश देकर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के लिए एसीसीयू, एएनटीएफ और विभिन्न थानों की संयुक्त 50 सदस्यीय टीम गठित की गई थी।

यह विशेष अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें पुलिस ने एंड-टू-एंड जांच करते हुए सीधे सप्लाई चेन पर प्रहार किया। छापेमारी ओडिशा के बरगढ़, बलांगीर, टिटलागढ़, कंधमाल और बौध जिलों में एक साथ की गई। इन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 6 प्रकरणों में कुल 9 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक आरोपी महाराष्ट्र और बाकी उड़ीसा के निवासी हैं।

### कई राज्यों से जुड़े हैं मामले के तार

*जांच में सामने आया है कि यह गिरोह देश के कई राज्यों में गांजा सप्लाई कर रहा था। मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, पंजाब और उड़ीसा तक इसका नेटवर्क फैला हुआ था। पुलिस की इस कार्रवाई से इस पूरे सप्लाई नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। इससे पहले भी राजधानी में नशे के खिलाफ कार्रवाई जारी रही है। आजाद चौक क्षेत्र में हाल ही में पुलिस ने पंजाब के चार अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर चिट्टा तस्करी के मामले का खुलासा किया था।*

### अब तक 62 मामलों में 107 आरोपी पकड़ाए

*पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद से नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान तेज हुआ है। अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 62 मामलों में 107 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और करीब ढाई करोड़ रुपये की अवैध सामग्री जब्त की गई है। इन गिरफ्तार आरोपियों में कई राज्यों के तस्कर शामिल हैं, जो इस बात का संकेत है कि नशे का नेटवर्क व्यापक स्तर पर सक्रिय था।*

### विभागीय इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस

# गुणवत्ता में लापरवाही पर दो कंपनियां हुईं ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माह में दो बार औचक निरीक्षण की व्यवस्था की है। इसके तहत 23 मार्च को मुख्य अभियंताओं के 7 दलों ने प्रदेश के सीहोर, पांढुर्णा, भिण्ड, बड़वानी, मऊगंज, उज्जैन एवं पन्ना जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 35 कार्यों का रेंडम आधार पर परीक्षण किया गया।

इनमें से 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क एवं पुल), 5 कार्य पीआईयू (भवन), 6 कार्य मप्र सड़क विकास निगम, 2 कार्य मप्र भवन विकास निगम तथा एक कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित थे। निरीक्षण दलों ने प्रस्तुत प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक मप्र सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में प्रमुख अभियंता (सड़क, पुल) केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) एसआर बघेल, सहित सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में निरीक्षण प्रतिवेदनों के आधार पर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

### शुभ कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू

शहडोल जिले में शहडोल–चुहरी–लफड़ा–मायका रोड के नवीनीकरण कार्य की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार मेसर्स शुभ कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने को कहा गया है। छिंदवाड़ा जिले के परासिया में कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार मेसर्स ओम एसोसिएट्स, रायपुर को नोटिस जारी कर 30 मई 2026 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में अनुबंधानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुल-पुलियों की मरम्मत को प्राथमिकता

प्रमुख अभियंता (ईएनसी) राणा ने बैठक में निर्देश दिए गए कि पुराने निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनुपालन को आगामी बैठकों से पूर्व सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी समीक्षा अगली औचक निरीक्षण बैठक में की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण संतोषजनक रूप से करते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराने तथा आगामी माह की ग्रेडिंग में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पुल-पुलियों की मरम्मत को प्राथमिकता देने, रोड सेफ्टी एवं ब्रिज सेफ्टी ऑडिट शीघ्र पूर्ण करने तथा लोक पथ ऐप में प्राप्त शिकायतों का निराकरण चार दिवस की समय-सीमा में करने के निर्देश भी दिए गए। निर्माण स्थलों पर लगाए जाने वाले कार्य प्रगति बोर्ड में संबंधित एजेंसी एवं अधिकारी का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करने को भी कहा गया।

### रायपुर के खमतराई इलाके की घटना, जांच जारी

# रेलवे कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत, लोग हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खमतराई इलाके में एक रेलवे कर्मचारी की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर जब सहकर्मी उसे बुलाने घर पहुंचे, तो अंदर का दृश्य देखकर सभी हैरान रह गए।

कर्मचारी का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान विष्णु टेकाम के रूप में हुई है, जो रेलवे में ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत था और खमतराई क्षेत्र में ही निवास करता था। बताया जा रहा है कि वह रोज की तरह ड्यूटी पर जाने वाला था, लेकिन उससे पहले ही यह घटना हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खमतराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, हालांकि परेशानी की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस अब इस पूरे मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया गया।

### सवर्ण समाज अधिकारी कर्मचारी संगठन के शर्मा और धामी बने प्रदेश उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन मप्र में संगठनात्मक विस्तार कर नई नियुक्ति की गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी ने प्रांतीय संरक्षिका आईएस वीणा घाणेकर तथा प्रांतीय सलाहकार सदस्य आईएस नरेंद्र सिंह परमार की सहमति से राज शर्मा एवं राजू धामी को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि संगठन कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

### धमधा थाना क्षेत्र की घटना, बस चालक पर केस दर्ज, पुलिस कर रही तलाश

# यात्री बस और बाइक में जोरदार भिड़ंत, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

धमधा थाना क्षेत्र में यात्री बस ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। धमधा के स्वामी आत्मानंद स्कूल और कलश मंदिर के बीच कल देर शाम एक तेज रफ्तार बस ने सामने से आ रहे। बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों की पहचान हरिश्चंद यादव और भोला यादव के रूप में की गई है। मृतक हरिश्चंद यादव अपने भतीजा के बारात में गिरहोला से धमधा गया हुआ था। जहां से अपने अपने भाई के साला भोला यादव के साथ बाइक से अपने परिचित के घर धमधा जा रहा था। इसी दौरान धमधा से खैरागढ़ की ओर जाने वाली बस ने कलश मंदिर के पास सामने से टक्कर मारी दी। धमधा थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि 24 मार्च की शाम को मिनी बस और बाइक में दुर्घटना होने की सूचना मिली। बाइक सवार लोगों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मिनी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

### भतीजे की बारात में गया था धमधा, वहां से परिचित के घर जाते वक्त हादसा




### आईजी के सामने डाले हथियार, भारी मात्रा में हथियार भी सौंपे

# आतंक के पर्याय पापाराव ने 17 साथियों संग पुलिस के समक्ष किया सरेंडर, 25 लाख रुपए का था इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

छत्तीसगढ़ बस्तर-सुकमा में लाल आतंक का पर्याय नक्सली पापाराव अब पुलिस की शरण में है। उसने नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर अपने 17 नक्सली साथियों के साथ बुधवार को बस्तर संभाग के आईजी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अहम सदस्य पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ प्रदेश के डीजीपी, एडीजी नक्सल, बस्तर आईजी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया।

पुलिस को सरेंडर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी सुपुर्द किया गया। इनमें 8 एके-47, एक इंसास राइफल, चार थ्री-नॉट-थ्री, एक एसएलआर, दो सिंगल शॉट और बीजीएल लॉन्चर के साथ ही 12 लाख रुपए नगद भी पुलिस के हवाले किया गया। 11 पुरुष और सात महिला नक्सली समेत कुल 18 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में डीकेएसजेडसी मेंबर पापाराव समेत डीवीसीएम और एसीएम रैंक के नक्सली शामिल हैं। मंगलवार को नक्सली कई किलोमीटर पैदल चलकर जंगल के रास्ते बीजापुर पहुंचे। फिर बस से नक्सलियों को जगदलपुर लाया गया, जहां पर बुधवार को सरेंडर करवाया गया।



### एके-47 समेत कई आधुनिक हथियारों से लैस रहता था पापा राव

बताया जाता है कि पापा राव एके-47 समेत कई आधुनिक हथियारों से लैस रहता है। वह वेस्ट बस्तर डिवीजन का सचिव और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) का सदस्य है। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस संबंध में बड़ा बयान देते हुए कहा कि नक्सली पापाराव के आत्मसमर्पण के साथ छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खत्म होगा।

### 31 मार्च तक नक्सलवाद का होगा पूरी तरह से खात्मा: गृहमंत्री शर्मा

गृहमंत्री विजय शर्मा ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में अब 96 प्रतिशत नक्सलवाद खत्म हो चुका है। पिछले दो वर्षों में करीब तीन हजार नक्सलियों का पुनर्वास, दो हजार से ज्यादा गिरफ्तारियां और 500 से ज्यादा नक्सली मुठभेड़ में मारे गये हैं। कुल मिलाकर पांच हजार से ज्यादा नक्सलियों की ताकत को कमजोर किया गया है। प्रदेश के बस्तर संभाग, कवर्धा, मानपुर-मोहला और धमतरी जैसे नक्सल प्रभावित इलाके नक्सल मुक्त हो रहे हैं। सरकार 31 मार्च तक बचे हुए चार से पांच प्रतिशत नक्सलियों के सफाया करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

# उतार-चढ़ाव भरे बाजार से निवेशकों ने बनाई दूरी, नए रजिस्ट्रेशन में भारी गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ यह पिछले तीन साल की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही

भारतीय शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव का असर अब सीधे निवेशकों की संख्या पर दिखने लगा है। वित्त वर्ष 2026 में नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। बाजार की अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने माहौल को कमजोर किया है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में वित्त वर्ष 2026 के दौरान नए निवेशकों के जुड़ने में करीब 30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। यह पिछले तीन साल की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। इस दौरान करीब 1.5 करोड़ नए निवेशक जुड़े, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह संख्या 2.12 करोड़ थी। बाजार में जारी गिरावट और अनिश्चित माहौल ने नए निवेशकों को सतर्क बना दिया है।

## एनएसई में नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार में 30 फीसदी की गिरावट आई

### कुल निवेशकों की संख्या बढ़ी, लेकिन रफ्तार धीमी

हालांकि नए निवेशकों की संख्या में कमी आई है, लेकिन कुल निवेशकों का आधार बढ़ता रहा है। वित्त वर्ष 2026 में अब तक कुल यूनिक निवेशकों की संख्या 12.78 करोड़ तक पहुंच गई है, जो पिछले साल के 11.28 करोड़ से 13.3 प्रतिशत ज्यादा है। इससे साफ है कि पुराने निवेशक बाजार में बने हुए हैं, लेकिन नए निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा है।



### बाजार में उतार-चढ़ाव बना बड़ी वजह

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह बाजार में जारी अस्थिरता रही। सेंसेक्स में करीब 4.5 प्रतिशत और निफ्टी में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। वैश्विक तनाव, मुद्रा में उतार-चढ़ाव, महंगे वैल्यूएशन और कमजोर कमाई जैसे कारणों ने बाजार को प्रभावित किया है।

### विदेशी निवेशकों की बिकवाली

बाजार की स्थिति पर विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली का भी बड़ा असर पड़ा है। इसके अलावा अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है। फरवरी के बाद बाजार में तेज गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों का भरोसा और कमजोर हुआ। वैश्विक स्तर पर जहां एआई सेक्टर के कारण तेजी रही, वहीं भारतीय बाजार अपेक्षाकृत पीछे रहा।

### उत्तर भारत में सबसे ज्यादा निवेशक

क्षेत्रीय स्तर पर उत्तर भारत ने सबसे ज्यादा 39.8 प्रतिशत नए निवेशक जोड़े। इसके बाद दक्षिण भारत (25 फीसदी), पश्चिम भारत (21.5 फीसदी) और पूर्व भारत (13.4 फीसदी) का स्थान रहा। राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा, जहां से 14.8 प्रतिशत नए निवेशक जुड़े. महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और बिहार भी प्रमुख राज्यों में शामिल रहे।

### गुजरात में सबसे ज्यादा असर

हालांकि हर राज्य में नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार घटी है। उत्तर प्रदेश में भी महीने-दर-महीने 22 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। सबसे ज्यादा गिरावट गुजरात में दर्ज की गई, जहां नए रजिस्ट्रेशन 50.4 प्रतिशत तक गिर गए। इससे साफ है कि बाजार की मौजूदा स्थिति ने पूरे देश में निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 29 पैसे टूटकर 94.05 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 29 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 94.05 पर आ गया। विदेशी पूंजी की भारी निकासी और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से निवेशक चिंतित हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक धारणा के बावजूद स्थानीय मुद्रा को कोई राहत नहीं मिल सकी।

### टाटा पावर ने गोंडा-बस्ती पारेषण लाइन की शुरू




**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में 400 किलोवोल्ट टांडा–गोंडा और 400 किलोवोल्ट गोंडा–बस्ती डबल सर्किट पारेषण लाइन के चालू होने की बुधवार को घोषणा की। इन लाइन की कुल लंबाई 154 सर्किट किलोमीटर है। यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड परियोजना के तहत सभी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज पारेषण लाइन एवं उपकेंद्र चालू कर दिए गए हैं।

### जेप्टो में अब बिना ओटीपी के कर सकेंगे भुगतान




**नई दिल्ली।** सामान की फटाफट आपूर्ति करने वाले मंच जेप्टो ने मंगलवार को अपने ऐप पर 'पे लेटर' (बाद में भुगतान) और ताजा सब्जियों की असली तस्वीरें देखने जैसी कई नई सुविधाएं शुरू की हैं। कंपनी अब अपना ध्यान केवल ''10 मिनट में डिलिवरी'' से हटाकर ग्राहकों की जरूरतों और सुविधा पर केंद्रित कर रही है।

### दिवाला संहिता से कंपनियों की बिक्री में वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत पटरी पर आई कंपनियों के वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन में सुधार देखा गया है। इन कंपनियों की बिक्री और परिसंपत्ति कारोबार में मजबूत वृद्धि हुई है। भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम अहमदाबाद) के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

## केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने दी चेतावनी

# एलपीजी के नाम पर होटल, रेस्टारेंट ने ज्यादा शुल्क वसूला तो खैर नहीं

■ ईंधन के नाम से वसूली अनुचित व्यापार गतिविधियां
■ ऐसे मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी
■ मूल्य में केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने बुधवार को होटल और रेस्तरांओं को चेतावनी दी कि वे एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लगाएं। प्राधिकरण ने कहा कि ये अनुचित व्यापार गतिविधियां हैं और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण ने इसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार गतिविधियां करार दिया है और बताया है कि 'मेन्यू' में उल्लेखित मूल्य में केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीपीए ने ''होटल और रेस्तरांओं द्वारा उपभोक्ताओं के बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस अधिभार और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने को संज्ञान में लिया है।''

### दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा

सीसीपीए ने पाया कि सेवा शुल्क संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर ऐसे शुल्क लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 10 के तहत एक परामर्श जारी किया है। इसमें निर्देश दिया गया है कि ऐसे कोई भी शुल्क स्वतः नहीं लगाए जाएंगे और उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### होटल या रेस्तरां स्वतः नहीं जोड़ सकते शुल्क

प्राधिकरण ने कहा कि अलग से अनिवार्य शुल्कों के माध्यम से ऐसी लागत की वसूली अधिनियम की धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापार गतिविधियां है। सीसीपीए ने सलाह दी, ''कोई भी होटल या रेस्तरां बिल में स्वतः ही 'एलपीजी शुल्क', 'गैस शुल्क' या इसी तरह के शुल्क नहीं जोड़ेगा।''

### उपभोक्ताओं पर अनुचित लागत का बोझ पड़ता है

इस तरह की गतिविधियों से पारदर्शिता की कमी होती है और उपभोक्ताओं पर अनुचित लागत का बोझ पड़ता है। सीसीपीए ने स्पष्ट किया कि ईंधन, एलपीजी, बिजली और अन्य परिचालन व्यय जैसी कच्चे माल की लागत कारोबार चलाने की लागत का हिस्सा हैं और इन्हें 'मेन्यू आइटम' की कीमत तय करते समय शामिल किया जाना चाहिए।

### कुछ होटल, रेस्तरां पेय पदार्थों के अतिरिक्त शुल्क जोड़ रहे

बयान में कहा गया, ''राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर प्राप्त शिकायतों और मीडिया रिपोर्ट के आधार पर, सीसीपीए ने पाया है कि कुछ होटल और रेस्तरां मेन्यू में प्रदर्शित खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों की कीमत और लागू करों के अतिरिक्त, उपभोक्ता बिल में ऐसे अतिरिक्त शुल्क स्वतः ही जोड़ रहे हैं।''

### मेन्यू में प्रदर्शित कीमत अंतिम होगी

*मेन्यू में प्रदर्शित कीमत अंतिम कीमत होनी चाहिए, जिसमें लागू कर शामिल नहीं हैं। प्राधिकरण ने कहा, ''उपभोक्ताओं को गुमराह नहीं किया जाएगा और न ही उन्हें किसी भी ऐसे अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने के लिए बाध्य किया जाएगा...।''*

### अधिनियम 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है

*सीसीपीए ने कहा कि इस प्रकार के सभी शुल्क, चाहे उनका नाम कुछ भी हो, सेवा शुल्क या अतिरिक्त शुल्क की श्रेणी में आते हैं और इन्हें स्वतः रूप से वसूलना चार जुलाई, 2022 को जारी सीसीपीए दिशानिर्देशों का उल्लंघन माना जाएगा और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।*

# सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ा निवेशकों की संपत्ति आठ लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में रही तेजी
■ पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद
■ निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा।

इस दौरान निवेशकों की संपत्ति में आठ लाख करोड़ रुपए का इजाफा दर्ज किया गया। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल के दाम में कमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के साथ घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक बढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.05 अंक बढ़कर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### विदेशी निवेशकों ने बेचे शेयर

*शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 8,009.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,867.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।*

### दो सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 15.80 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

स्थानीय शेयर बाजार में आई तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति दो सत्र में 15.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया युद्ध को लेकर तनाव कम होने की उम्मीद से बाजार में सुधार देखा गया। पिछले दो कारोबारी सत्र में बीएसई सेंसेक्स 2,577.06 अंक चढ़ा है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.16 प्रतिशत टूटकर 97.79 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# सीबीआईसी ने यूपीआई से सीमा शुल्क भुगतान की अनुमति दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ अब कंपनियां विभाग के आइसगेट पोर्टल पर भुगतान कर पाएगी
■ भुगतान के लिए यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर पाएगी

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि अब कंपनियां विभाग के !'आइसगेट' पोर्टल पर सीमा शुल्क का भुगतान करने के लिए यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकती हैं। आइसगेट (भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज गेटवे) ई-भुगतान मंच ने सीमा शुल्क भुगतान को सुविधाजनक बनाने के लिए 'पेमेंट एग्रीगेटर' को एक अधिकृत माध्यम के रूप में सक्षम किया है।

आइसगेट मूल रूप से भारतीय सीमा शुल्क के लिए महत्पूर्ण डिजिटल बुनियादी ढांचे के रूप में कार्य करता है। यह एक ऐसे इंटरफेस के रूप में काम करता है जिसके माध्यम से आयातक और निर्यातक दस्तावेज दाखिल करते हैं, मंजूरी पर नजर रखते हैं और शुल्क भुगतान करते हैं। हालांकि, समय के साथ प्रणाली में काफी विकास हुआ है, भुगतान व्यवस्था काफी हद तक सीमित संख्या में अधिकृत बैंकों और नेट बैंकिंग तथा एनईएफटी/आरटीजीएस जैसे पारंपरिक चैनलों तक ही सीमित रही है। कर और परामर्श कंपनी एकेएम ग्लोबल के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख इकेश नागपाल ने कहा, आइसगेट पर पेमेंट एग्रीगेटर की पेशकश के साथ, शुल्क भुगतान अब विशिष्ट बैंकिंग चैनल तक सीमित नहीं रह गए हैं।

### यूपीआई की शुरूआत महत्वपूर्ण सुविधा

नागपाल ने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यूपीआई की शुरुआत एक महत्वपूर्ण सुविधा है क्योंकि यह सरल, व्यापक रूप से सुलभ है और इसमें आमतौर पर लेनदेन लागत शामिल नहीं होती है, जिससे छोटे करदाताओं को काफी लाभ होता है। यह कारोबार सुगमता को बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है।

# चांदी में 11,250 रुपए का आया उछाल, सोना 4,900 रुपए चढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ चांदी उछलकर 2.41 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हुई
■ सोना तेजी के साथ 1.49 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर



मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की तेजी आई। इस तेजी के कारण चांदी 11,250 रुपये चढ़कर 2.41 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।

चांदी की कीमत 11,250 रुपये या 4.89 प्रतिशत बढ़कर 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 4,900 रुपये या 3.38 प्रतिशत बढ़कर 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में सोने का पिछला बंद भाव 1,44,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। जो हाल के सत्रों में एक मजबूत सुधार का संकेत है। इसे बेहतर भू-राजनीतिक माहौल से बल मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 82.17 डॉलर या लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 4,556.55 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत की तेजी के साथ 72.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

### ईरान के पारगमन शुल्क लेने से अनिश्चितता बढ़ी

*हालांकि, ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया है, और एक सैन्य प्रवक्ता ने बातचीत के दावों को खारिज कर दिया है। इस बीच, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कुछ व्यापारिक जहाजों पर पारगमन शुल्क लेना भी शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता और बढ़ गई है।*

# मूर्ति तीन साल के लिए सेबी के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने के वी रमण मूर्ति को तीन साल के लिए सेबी का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही नियामक बोर्ड में अब चारों पूर्णकालिक सदस्यों का पद भर गया है। अन्य तीन पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह, कमलेश चंद्र वार्ष्णेय और संदीप प्रधान हैं। मूर्ति 1991 बैच के भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। मंगलवार देर रात जारी एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, मूर्ति की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) के लिए की गई है।

# भारत में प्रत्येक तीन में से एक पीसी साइबर हमले का शिकार

■ उपयोगकर्ता ऑफलाइन साइबर हमलों का निशाना बने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंटरनेट से कटे होने का मतलब यह कतई नहीं है कि आपका कंप्यूटर सुरक्षित है; भारत में वर्ष 2025 के दौरान प्रत्येक तीन में से एक निजी कंप्यूटर (पीसी) उपयोगकर्ता स्थानीय स्तर पर होने वाले 'ऑफलाइन' साइबर हमलों का निशाना बना।

साइबर सुरक्षा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कैस्परस्काई ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि उसने जनवरी से दिसंबर, 2025 के बीच भारत में 6.46 करोड़ से अधिक स्थानीय साइबर घटनाओं का पता लगाया और उन्हें रोका। ये हमले मुख्य रूप से यूएसबी और पेनड्राइव जैसे बाहरी उपकरणों के जरिये किए गए। इन स्थानीय साइबर खतरों के कारण भारत दुनिया के शीर्ष 80 सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में शामिल हो गया है। कैस्परस्काई सिक्योरिटी नेटवर्क के आंकड़ों के अनुसार, देश में 29.8 प्रतिशत उपयोगकर्ता इन ऑफलाइन खतरों की चपेट में आए।

## 5000 रुपए तक यूपीआई भुगतान बायोमेट्रिक से




**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच क्रेड के उपयोगकर्ता अब 5,000 रुपये तक के यूपीआई भुगतान के लिए चेहरे या 'फिंगरप्रिंट' के माध्यम से लेनदेन को अधिकृत कर सकेंगे। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के सहयोग से विकसित यह सुविधा आईओएस और एंड्रॉयड दोनों उपकरणों पर उपलब्ध है। यह प्रमाणीकरण व्यवस्था मंच पर होने वाले सभी यूपीआई आधारित लेनदेन पर लागू होगी जिनमें क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान, यूटिलिटी बिल, व्यापारिक लेनदेन और व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) हस्तांतरण शामिल हैं। क्रेड ने कहा, 5,000 रुपये तक के लेनदेन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण आईओएस तथा एंड्रॉयड दोनों पर उपलब्ध है।

# बेंगलुरु, हैदराबाद शहरी अर्थव्यवस्था को दे रहा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दक्षिण भारत के दो प्रमुख प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलुरु और हैदराबाद देश की शहरी अर्थव्यवस्था की आधे से अधिक वृद्धि को गति देने के साथ ही रोजगार, उपभोग, परिवहन तथा शहरों के भविष्य को नया आकार दे रहे हैं।

यह जानकारी बुधवार को जारी एक डेटा रिपोर्ट में दी गई। पिछले पांच वर्ष में भारत के प्रमुख शहरों में जोड़े गए श्रेणी 'ए' के कार्यालय क्षेत्र का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा इन दोनों शहरों में रहा। ये जानकारी 'वीआरसिटी 2026' रिपोर्ट में सामने आईं जो अनबॉक्सिंगबीएलआर की भारतीय शहरों पर आधारित प्रमुख डेटा रिपोर्ट का दूसरा संस्करण है। इसे यहां 'इंडायस्पोरा ग्लोबल एआई समिट' 2026 में जारी किया गया।

### दोनों शहर सबसे तेजी से बढ़ते प्रौद्योगिकी केंद्र

'ए टेल ऑफ टू सिटीज' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बेंगलुरु और हैदराबाद की डेटा आधारित तुलना प्रस्तुत की गई है। ये दोनों शहर भारत के सबसे तेजी से बढ़ते प्रौद्योगिकी केंद्र हैं और अब दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) तथा वृहन मुंबई के आर्थिक प्रभुत्व को चुनौती दे रहे हैं।

### हैदराबाद जीसीसी का प्रमुख केंद्र बन रहा

वहीं हैदराबाद तेजी से वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) का प्रमुख केंद्र बन रहा है और एंटरप्राइज तकनीकी नौकरियों में बेंगलुरु के साथ अंतर कम कर रहा है। यहां खुदरा ऋण और आवास ऋण में तेज वृद्धि दर्ज की गई है, जो दर्शाता है कि शहर अभी अपने मूलभूत परिसंपत्तियों का तेजी से विकास कर रहा है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**रेलवे की भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित है: **क्र.:** Dy.CE/CON/NGP/TreeCutting/4th Line DGG-G दिनांक: 16.03.2026 **कार्य का नाम:** डोंगरगढ़ - गोंदिया के बीच चौथी लाइन के संबंध में, पुल क्रमांक 212 (बाघ नदी) से Km. 946/1 (महाराष्ट्र सीमा) तक रेलवे की ज़मीन पर स्थित 2069 पेड़ों (सागवान, बीजा, साजा, आड़जात (सर्व), सेवन और आड़जात (इतर) की कटाई की नीलामी। यह नीलामी सहायक कार्यपालक अभियंता (निर्माण-I), द.पू.म. रेलवे, गोंदिया द्वारा मुख्य परियोजना प्रबंधक - पश्चिम, निर्माण, द.पू.म. रेलवे, नागपुर के ऑफिस में नीचे दी गई तारीख को 12.00 बजे अकाउंट प्रतिनिधि की मौजूदगी में की जाएगी। नीलामी अंतर्गत बोलीकर्ता एक डिमांड ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/शेड्यूल्ड बैंक) का जो FA&CAO/Con /SECR/Bilaspur के पक्ष में, बिलासपुर/नागपुर में देय हो, के साथ अपने ID प्रूफ की एक फोटोकॉपी और नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन दिनांक **13.04.2026** को सुबह **10:00** बजे से दोपहर **12:00** बजे के बीच जमा करें। दोपहर 12:00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे एवं नीलामी **13:00** बजे से शुरू की जाएगी।

**आरक्षित मूल्य और नीलामी की तारीख: स्टेशन:** नागपुर डोंगरगढ़-गोंदिया के बीच 4th लाइन के कनेक्शन में पुल क्रमांक 212 (बाघ नदी) से कि.मी. 946/1 (महाराष्ट्र बॉर्डर) (Con) तक रेलवे की भूमि तक।
**नीलामी की तारीख:** दिनांक **13.04.2026**
**आरक्षित मूल्य का 2%:** ₹ 49,208/-
**आरक्षित मूल्य (रुपए में):** ₹ 24,60,352/- + GST @ 18% (9% CGST + 9% SGST)
**कार्य पूरा होने की अवधि:** 03 (तीन) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
**स्टेशन:** नागपुर डोंगरगढ़-गोंदिया के बीच 4th लाइन सम्बद्ध पुल क्र. 212 (बाघ नदी) से किमी. 946/1 (महाराष्ट्र बॉर्डर) तक रेलवे की भूमि।
नीलामी व अनुबंध के संबंध में रेलवे प्रशासन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
अन्य नियम एवं शर्तें मुख्य परियोजना प्रबंधक पश्चिम (निर्माण), द.पू.म. रेलवे, नागपुर के कार्यालय में देख सकते हैं।

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण),**
AIM/83-363 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**पुलिस मुख्यालय, गृह विभाग (पुलिस)**
**मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग हेतु भरती परीक्षा-2025**

**(मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण)**
**संशोधित सूचना**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार, उपनिरीक्षक भरती परीक्षा 2025 हेतु मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग हेतु भरती परीक्षा 2025 की प्रथम चरण लिखित परीक्षा में सफल हुये अभ्यर्थी ही पात्र होंगे एवं परीक्षा शुल्क भर सकेंगे। **मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण** की परीक्षा शुल्क भरने की तिथियां निम्नानुसार हैं:-

| स.क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा शुल्क का भुगतान दिनांक | 25.03.2026 से 08.04.2026 तक |
| 2 | ऑनलाइन मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण दिनांक | 26.04.2026 |

अभ्यर्थी **Website-https://esb.mponline.gov.in** के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। उपरोक्तानुसार परीक्षा शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थी ही मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण में सम्मिलित हो सकेंगे।
विज्ञापन क्रमांक 109/2026

**संचालक**
ESB **मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
**'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011**
**Fax: +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in**
म.प्र. माध्यम/125083/2026

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगाः- **क्र.सं.:01, निविदा सूचना क्रमांकः** JBP-L-TNo-59-2025, दिनांक 20.03.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** दो साल की अवधि के लिए एसी/टीएल कोचों के अलटरनेटर, रेगुलेटर पैनल, ट्रांसफार्मर, मोनोब्लॉक पंप और ईबीसी की मरम्मत और सर्विसिंग कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹70,15,247.35, **बयाना राशिः** ₹1,40,300.00, **निविदा फार्म की कीमत रूपयेः** 0.00, **कार्यालय का पताः** वरि.मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर द्वितीय तल, डीआरएम बिल्डिंग जबलपुर 482001, **समापन अवधि (वर्ष):** 02 वर्ष, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 13.04.2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 13.04.2026 । **नोटः** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। (हस्ता.)

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## वासंतेय नवरात्र की महाष्टमी पर देवालयों में अनुष्ठान आज

# कन्या भोज और पूजन का सिलसिला शुरू





**जबलपुर।** वासंतेय नवरात्र पर शहर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। चारों ओर मातारानी के जयकारे गूंज रहे हैं। जगराते के आयोजन चल रहे हैं, महासप्तमी से कन्यापूजन और कन्या भोज के आयोजन भी प्रारंभ हो गये हैं। आज महाअष्टमी पर घर घर में अष्टमी पूजन होगा। देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना और उपासना होगी। इसके साथ ही कल रामनवमीं पर्व जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर शहर में श्री राम की एक शोभायात्रा भी निकाली जायेगी।

वासंतेय नवरात्र पर्व पर नगर के देवी देवालयों और मठमंदिरों में श्रध्दा और आस्था का संगम देखने को मिल रहा है। तड़के 4 बजे से ही महिलायें माता रानी के पैर पखारने हाथ में जल कलश लिये मंदिरों की ओर निकल पड़ती हैं। ज्यों ज्यों दिन चढ़ता है त्यों त्यों ही मंदिरों में भीड़ बढ़ जाती है। प्रातः कालीन पूजा अर्चना के बाद शाम के वक्त पुनः अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ होता है। और देर रात तक मंदिरों में चहल पहल बनी रहती है। शक्ति की उपासना पूरी भक्ति के साथ की जा रही है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब देवी मंदिरों में उमड़ रहा है। नगर के प्रसिद्ध देवी मंदिर देवालय, आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगा रहे हैं। मंदिरों में नवरात्र के मेले का माहौल बना हुआ है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, जो देर रात तक अनवरत चलता है। कल सप्तमी पर मां देवी के सांतवे स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। आज मॉ भगवती के आठवें स्वरूप महागौरी की उपासना और पूजा अर्चना की जायेगी।

## माँ श्री शारदा आशीष दरबार में हवन आज

मां श्री शारदा आशीष दरबार शक्ति नगर प्रांगण में माता जी के आराधक आशीष भैया के मार्गदर्शन में कलश स्थापना के साथ विशेष अनुष्ठान किए जा रहे है। सभी भक्तों के लिए महाष्टमी पर 26 मार्च को हवन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। शारदा दरबार व्यवस्थापक समिति के मुकेश कुशवाहा , मिलन मुखर्जी ,संजय बरहा, जयंत क्षीर सागर,पं. सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, संतोष द्विवेदी , संतोष मिश्रा, नीरज पाण्डे ,सरबजीत तग्गड, मनीष शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, मोहन जोशी, सौरभ तिवारी, अमर दुबे, रवि गुजर, कौशलेन्द्र महाजन, के. के. तिवारी, आदर्श तिवारी, करन ठाकुर, राकेश ठाकुर, राम सिंह, आदि ने कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



# सम्राट अशोक क्रांति सेना का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

## नन्द कुमार कुशवाहा बने जिला अध्यक्ष



**जबलपुर।** कुशवाहा नगर, रामपुर में 22 मार्च 2026 को सम्राट अशोक क्रांति सेना का राष्ट्रीय अधिवेशन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से सैकड़ों पदाधिकारी एवं समाजसेवी शामिल हुए। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता संगठन के संस्थापक वृंदावन वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों में राम नारायण वर्मा, बृजनंदन कुशवाहा, अशोक पटेल, प्रहलाद कुशवाहा एवं संतोष कुशवाहा शामिल रहे। कार्यक्रम में संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभिन्न पदों के लिए चुनाव संपन्न हुए। सर्वसम्मति से योगेंद्र कुशवाहा को पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया, वहीं जबलपुर जिला अध्यक्ष पद पर नन्द कुमार कुशवाहा को नियुक्त किया गया। अपने संबोधन में योगेंद्र कुशवाहा ने संगठन को और सशक्त बनाने तथा जल्द ही राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की बात कही। साथ ही 29 मार्च को दमोह में आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में अधिकाधिक भागीदारी का आह्वान किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नन्द कुमार कुशवाहा ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और युवाओं को जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनंत कुमार कुशवाहा ने किया। अधिवेशन में सम्राट अशोक महान के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में एकता, भाईचारा व न्याय स्थापित करने का संकल्प लिया गया।

## मुआवजे की मांग को लेकर झारिया कल्याण संघ ने सौंपा ज्ञापन

# प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर व एसपी से की कार्रवाई और सहायता की मांग



**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ एवं बहुजन चेतना विकास मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बरगी क्षेत्र में मृत श्रमिक धनीराम झारिया के परिवार को मुआवजा एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय झारिया, सचिव मथुरा प्रसाद झारिया तथा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राधे झारिया एवं जिलाध्यक्ष टिक्कू सिंह लोधी ने किया। ज्ञापन में बताया गया कि बरगी के ग्राम मनकेड़ी निवासी धनीराम झारिया, जो अनुसूचित जाति वर्ग से थे, की सिंचाई विभाग की दीवार गिरने से मृत्यु हो गई। परिवार के मुखिया के निधन से परिजनों पर आर्थिक संकट गहरा गया है। प्रतिनिधिमंडल ने शासन से 50 लाख रुपये मुआवजा तथा एक आश्रित को नौकरी देने की मांग की है, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। साथ ही श्रमिक को कार्य पर रखने वाले नरहर पटेल पर सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान भीकम झारिया, राजेंद्र मेहरा, अमित मेहरा, देवांशु झारिया, एडवोकेट रजनी झारिया सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।



## दो मंडलों की कार्यकारिणी घोषित, कैलाश मंडल अध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** भाजपा जबलपुर महानगर के अब्दुल हमीद मंडल में मंडल अध्यक्ष पद पर कैलाश चक्रवर्ती की नियुक्ति की गई, इसी तरह भाजपा महानगर के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के अनुमोदन के पश्चात जबलपुर महानगर अंतर्गत स्वामी विवेकानंद मंडल के अध्यक्ष अमर पटेल एवं आचार्य विद्यासागर के मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल ने मंडल की कार्यकारिणी घोषित की है, आज उनका बहोराबाग चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान एवं फूलमालाओं से सम्मान किया गया। इस अवसर पर हसन साहब, हाशिम भाई, पूर्व पार्षद जरताज भाई, हाजी हसन खान, सरफराज मंसूरी, रहमान भाई, करीम शाह शहादत उपस्थित रहे।

# महाकौशल में लॉन्च हुई नई Renault Duster, 10.49 लाख से शुरुआत

## खटवानी मोटर्स में भव्य आयोजन, टर्बो इंजन और एडवांस फीचर्स से लैस नई एसयूवी



**जबलपुर।** महाकौशल क्षेत्र के अधिकृत डीलर खटवानी मोटर्स में नई रेनो डस्टर की शानदार लॉन्चिंग की गई। इस अवसर पर रामचंद्र खटवानी, रॉबिन खटवानी और ऋग्वेद खटवानी ने संयुक्त रूप से वाहन का अनावरण किया। खटवानी मोटर्स के जनरल मैनेजर सचिन कौशिक ने बताया कि नई डस्टर का टर्बो पेट्रोल वेरिएंट 10.49 लाख (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है और इसकी डिलीवरी देशभर में शुरू हो चुकी है। नई डस्टर को रेनो ग्रुप के एडवांस्ड मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है, जो मजबूती और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन संयोजन है। एसयूवी में बेहतर ग्राउंड क्लीयरेंस और शानदार अप्रोच-डिपार्चर एंगल दिए गए हैं, जिससे यह ऑफ-रोडिंग के लिए बेहद सक्षम बनती है। इसमें Turbo TCe 160 इंजन दिया गया है, जो 163 PS की पावर और 280 Nm का टॉर्क जनरेट करता है। साथ ही 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड DCT ट्रांसमिशन के विकल्प भी उपलब्ध हैं। कार की राइड, हैंडलिंग और ब्रेकिंग को अंतरराष्ट्रीय एजेंसी IDIADA द्वारा प्रमाणित किया गया है। इसके अलावा, गूगल आधारित OpenR Link मल्टीमीडिया सिस्टम, फाइटर जेट स्टाइल कॉकपिट और प्रीमियम फीचर्स इसे आधुनिक और स्मार्ट एसयूवी बनाते हैं। नई डस्टर के लॉन्च के साथ क्षेत्र में ऑटोमोबाइल प्रेमियों के बीच उत्साह का माहौल देखा गया।



## 89वें जन्मदिन पर डॉ. पीजी नाजपांडे सम्मानित

**जबलपुर।** जबलपुर के हित तथा जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्षरत डॉ. पीजी नाजपांडे को उनके 89वें जन्मदिन के अवसर पर सम्मानित किया गया। जनसंगठनों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई, सेव जबलपुर लंग संस्था के डॉ. पवन स्थापक तथा आर्थोपेडिक एसो. (जबलपुर चेप्टर) के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत मुखर्जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसो., सीनियर सिटीजन एसो., पेंशनर्स समाज, महिला समिति, सीलिंग पीड़ित किसान समिति, आरटीआई कार्यकर्ता संगठन, मानव अधिकार क्रांति संगठन तथा सेव जबलपुर लंग संस्था के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस अवसर पर रजत भार्गव, टीके रायघटक, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा, डीके सिंह, अशोक नामदेव, माया कुशवाहा, एड. प्रभात यादव, डीआर लखेरा, राजेश गिदरोनिया, कैलाश पटेल, जवाहर जायसवाल, प्रफुल्ल सक्सेना, आदर्श भाटिया सहित अन्य साथियों के साथ उपस्थित रहे।

## भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक पर क्रिकेट प्रतियोगिता

# चौकों-छक्कों की बारिश से श्री महावीर प्रीमियर लीग का शानदार आगाज़



**जबलपुर।** भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सकल जैन श्वेतांबर समाज द्वारा श्री महावीर प्रीमियर लीग का आयोजन टर्फ ग्राउंड शहीद स्मारक गोलबाजार में किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने चौकों-छक्कों की जमकर बारिश की। पहला मैच गोरखपुर ग्लेडिएटर्स और केजेएस वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें केजेएस वॉरियर्स ने जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच जय शाह रहे, जिन्होंने 12 गेंदों में 30 रन बनाने के साथ 2 विकेट भी लिए। दूसरे मुकाबले में सदर स्ट्राइकर ने सराफा धुरंधर को हराया। इस मैच में यश गादिया ने 18 गेंदों में 42 रन बनाकर और एक विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। तीसरे मैच में केजेएस वॉरियर्स ने सराफा धुरंधर को हराया। यश शाह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 21 गेंदों में 73 रन बनाए, जिसमें 11 छक्के शामिल रहे, और वे नाबाद रहे। इसके अलावा अंडर-15 वर्ग में जैन टाइगर्स और जैन टाइटंस के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें जैन टाइगर्स विजेता रही। मौलिक जैन को बैट्समैन ऑफ द मैच और कुशल बाफना को बॉलर ऑफ द मैच चुना गया। आयोजन में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र आलिजार, उपाध्यक्ष मुकेश चंद टाटिया, तिलक विनायकिया, सचिव आशीष कोठारी, कोषाध्यक्ष दीपक गोलछा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में समाज के अनेक लोगों का सहयोग रहा।



# कांग्रेस का सृजन संगठन अभियान दो मंडलम अध्यक्ष चुने गए

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जवाहरगंज वार्ड क्रमांक 22 में सृजन संगठन अभियान के अंतर्गत 25 मार्च को विद्यासागर भवन में मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, बैठक का संचालन मनोज नामदेव ने किया। बैठक में बताया गया कि जवाहरगंज वार्ड क्रमांक 22, 20 बूथों में स्थापित है और लगभग 25000 मतदाता हैं। वार्ड का विस्तार करने प्रदेश कांग्रेस ने सृजन संगठन अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं को अवसर प्रदान करते हुए संगठन को मजबूती देने यह अभियान जारी रखा है। इस अभियान के तहत जवाहरगंज वार्ड के दो नाम सर्वसम्मति से आये, जिसमें मंडलम अध्यक्ष के लिए पं. आशीष तिवारी एवं सत्यम तिवारी को समर्थन मिला तथा 20 बूथों के हिसाब से उनको नियुक्त किया गया।बैठक में कांग्रेस नेता शहर कांग्रेस के संगठन मंत्री रीतेश बंटी गुप्ता, अशरफ मंसूरी, झल्लेलाल जैन, मुकेश राठौर, मनोज नामदेव, सुभाष अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, रवि गुप्ता, रमेश यादव, सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, रवि भल्ला, अंशित सोनी, अभय सोनी, शुभम अग्रवाल, यशोवर्धन बड़कुल, अर्पित दुबे, पंकज भोजक, कपिल भोजक, युवराज तिवारी ने भी बैठक को संबोधित कर मजबूती से संगठन चलाने का संकल्प लिया। आभार पूर्व पार्षद मुकेश राठौर ने किया।



## संकट कटे माता भवानी

### संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने हवन पूजन कर विश्व संकट युद्ध समाप्त करने माता रानी से लगाई गुहार

**जबलपुर।** परशुराम धाम ग्वारीघाट संपूर्ण ब्राह्मण मंच सदस्यों ने या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमःतस्तैय नमःतस्तैय मंत्र का जाप कर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना आराधना की। सभी उपस्थित सदस्यों ने विश्व शांति पाठ किया, भगवान परशुराम कृपा बरसाएं, संपूर्ण विश्व में शांति हो, प्रार्थना के साथ हवन पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में धनंजय बाजपेई, रावेंद्र तिवारी, सीताराम कुरचानिया, डॉ. सतीश शर्मा, मनोहर अग्निहोत्री, निशांत शर्मा, यदुवंश मिश्रा, डॉ अरुण मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर धनंजय बाजपेई ने कहा व्यापारी एवं नागरिक बंधु संकट की घड़ी में सेतु का काम करें, व्यापारी बंधुओं से विशेष अनुरोध है जनता का विशेष ध्यान दें, मूल्य में अपने लाभ से जनता को लाभ पहुंचाएं ऐसा करने से देश की सेवा होगी, सार्थकता नैतिकता निष्ठा का ध्यान दें, सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।



# नेत्रहीन विद्यार्थियों को स्किल्ड किया जायेगा जिससें उन्हें प्लेसमेंट मिल सकें : प्रो.अरुण शुक्ल

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर लैब और स्किल डेवलपमेंट सेंटर का शुभारंभ**

**जबलपुर।** हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन ट्रस्ट, चेन्नई के सहयोग से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आधुनिक उपकरणों से लैस कम्प्यूटर लैब और स्किल डेवलपमेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डी.के. शर्मा और राधाकृष्णन ट्रस्टी, प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, प्रभारी दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रो. अरुण शुक्ल और डॉ. शिवेन्द्र सिंह परिहार ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि यह प्रदेश का पहला महाविद्यालय है जहाँ स्किल डेवलपमेंट रिसोर्स सेंटर की स्थापना हुई है और दिव्यांग विद्यार्थियों की फीस माफ की गई है। इस केंद्र का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना, रोजगार योग्य कौशल सिखाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। महाविद्यालय में प्रारंभ होने वाला दो वर्षीय पाठ्यक्रम दृष्टि बाधित विद्यार्थियों को कम्प्यूटर स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, मोबिलिटी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सहित अन्य कोर्सेज में प्रशिक्षित करेगा। विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप, लैपटॉप और अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर प्रोग्राम हेड सुश्री पूजा, टीम लीडर श्रीमती सुहास होल्कर, टेक्निकल ऑफिसर रंजीत, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. पुष्पा तनेजा, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा और डॉ. तरुणेन्द्र साकेत सहित लगभग 68 दिव्यांग विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि प्रशिक्षण से नेत्रहीन विद्यार्थियों को स्किल्ड बनाया जाएगा ताकि उन्हें प्लेसमेंट के अवसर मिल सकें।

## गिरजाशंकर केवट आपका गणतंत्र पार्टी अध्यक्ष नियुक्त



**जबलपुर।** आपका गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा संगठन की विचारधारा, कार्यशैली एवं निरंतर सक्रियता को ध्यान में रखते हुए गिरजाशंकर केवट "लल्ला भैया" को अध्यक्ष, विष्णु प्रसाद बर्मन को प्रदेश महासचिव तथा अरविन्द रैकवार को जिला अध्यक्ष जबलपुर नियुक्त किया गया। संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव तथा जबलपुर जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की है।

## सिमोन पटेल खेलो इंडिया ट्राइवल तैराकी तकनीकी अधिकारी नियुक्त



**जबलपुर।** भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में 25 से 28 मार्च तक रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइवल तैराकी चैम्पियनशिप में जबलपुर के प्रतिभावान तैराक एवं रैफरी सिमोन पटेल को तकनीकी अधिकारी बनाया गया। सिमोन की इस सफलता पर मप्र तैराकी संघ, जिला तैराकी संघ के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमीजनों ने बधाई प्रेषित की।

**In The Court Of XXXII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:स्वास्तिक सावंत**
आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000041/2026)
मनीषा शर्मा.................................आवेदक
Vs
श्रीमान उप डाकपाल....................अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांक :-12/05/2026
प्रेषिती-(1) आम जनता पता जिला जबलपुर मध्यप्रदेश (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीषा शर्मा पता गोपी सेठ का बाड़ा शीतलामाई वार्ड जबलपुर ने मृतक माया शर्मा निवासी गोपी सेठ का बाड़ा शीतलामाई वार्ड जबलपुर (म.प्र.) की उपडाकघर कस्तुरबा नगर, कांचघर, जबलपुर में एफडी में जमा समस्त राशि की प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 12 May 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 May 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 18 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा

न्यायाधीश (स्वास्तिक सावंत)
32वें सिविल न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**नाम सुधार**

मैं रोशन आरा खातून (ROSHAN ARA KHATUN) पति चंद मोल्लाह निवासी- मकान नं. 186, संजय गांधी नगर, सदर केंट, जिला जबलपुर मध्य प्रदेश की होकर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि:- मेरा आधार नं. 3572 4000 9854 है। यह कि मैं उपरोक्त पते पर स्थाई निवास करती हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रोशन आरा खातून (ROSHAN ARA KHATUN) पति चंद मोल्लाह दर्ज है। यह कि मैं पूर्ण रूप से यह सत्यापित करती हूँ कि मेरा पुराना नाम रोशन (ROSHAN AARA) है। जो मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। यह कि मेरा नया नाम रोशन आरा खातून (ROSHAN ARA KHATUN) है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। यह कि महोदय जी से मेरा निवेदन है कि मुझे मेरे नया नाम रोशन आरा खातून (ROSHAN ARA KHATUN) है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है इसी नाम से मुझ जाना व पहचाना जावे एवं लिखा और पढ़ा जावे।

Old Name - ROSHAN AARA
New Name - ROSHAN ARA KHATUN

## पश्चिम एशिया में ईरान ने दिखाई फिर अपनी ताकत

# अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, कहा- 'रेंज में आते ही इसे पूरी तरह ध्वस्त कर देंगे'


कुवैत एयरपोर्ट पर ईरान का हमला

*एडमिरल ईरानी ने कहा कि दुश्मन को हमारी इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। ईरान की नौसेना अत्याधुनिक मिसाइलों और तटीय हमले वाले हथियारों से लैस है, जो किसी भी बड़े युद्धपोत को निशाना बना सकती है*

- *ईरान बोला- युद्धपोत की हर गतिविधि पर पैनी नजर*
- *कोई भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी*
- *ईरान अपनी भूमि और समुद्री क्षेत्र की रक्षा के लिए तैयार*


शाहराम ईरानी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने भूमध्यमहासागर में अमेरिका के युद्धपोत (5वें बेड़े) यूएसएस अब्राहम लिंकन को एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल के हमले में निशाना बनाया है। एक वीडियो में ईरानी मिसाइल अब्राहम लिंकन पर जोरदार हमले करते देखी जा रही है। ईरान ने इसके साथ ही अमेरिका को सख्त चेतावनी भी दी है। ईरान की नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शहराम ईरानी ने अमेरिकी विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को लेकर सख्त चेतावनी दी है। ईरानी नौसेना प्रमुख ने कहा है कि ईरानी नौसेना लगातार इस जहाज की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। हम यूएसएस अब्राहम लिंकन की हर हलचल को लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। एक बार इसके हमारे रेंज में आने भर की देरी है, उसके बाद तुरंत इस युद्धपोत को ध्वस्त कर दिया जाएगा। ईरानी नौसेना कमांडर ने चेतावनी दी कि कोई भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी भूमि, समुद्री क्षेत्र और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।


अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम फाइल फोटो

### हमारी सैन्य क्षमता को कम न आंके अमेरिका

*एडमिरल ईरानी ने कहा कि दुश्मन को हमारी इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। ईरान की नौसेना अत्याधुनिक मिसाइलों और तटीय हमले वाले हथियारों से लैस है, जो किसी भी बड़े युद्धपोत को निशाना बना सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यदि ईरानी जल क्षेत्र या मिसाइल रेंज के करीब आया तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। एडमिरल ईरानी ने कहा कि जैसे हमने पहले दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया, वैसे ही अब भी हम तैयार हैं। हमारी नौसेना किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। उन्होंने ईरानी सेना की एकता और मजबूती का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा ईरान एकजुट होकर अपनी रक्षा करेगा।*

### इजराइली हमले में दक्षिणी लेबनान में दो जगह पर 9 लोगों की मौत

दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हमले में नौ लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हुई और एक अन्य जगह पर हुए हमले में तीन अन्य की मौत हुई है। इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी इलाकों में बमबारी की है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीती 2 मार्च से इजराइली हमलों में लेबनान में 1072 लोग मारे गए हैं।


ईरान के तबरीज शहर पर इजराइल का हमला

### हिजबुल्ला ने इजराइल पर 30 रॉकेट दागे

लेबनान और ईरान की बीच मतभेदों के बीच हिजबुल्ला ने बुधवार को इजराइल पर करीब 30 रॉकेट्स दागे। ये हमले इजराइल के साफेद शहर में किए गए, जिसके बाद साफेद में सायरन की आवाजें सुनी गईं। वहीं, इजराइल के उत्तर में कीर्यात श्मोना शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी दी गई। लेबनान से छोड़े गए प्रोजेक्टाइल के बाद शहर में सायरन बज उठे। एक निर्माणाधीन घर को नुकसान पहुंचा, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इससे पहले ईरान और हिजबुल्ला द्वारा किए गए मिसाइल हमले में उत्तर इजराइल में एक व्यक्ति की मौत हुई और तेल अवीव के पास के शहरों बनेई बराक और गवत शमूएल में कम से कम 12 लोग घायल हुए थे।

#### ईरान ने जारी रखे हमले

### कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन हमला, फ्यूल टैंक में लगी आग, सीमित नुकसान

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले के बाद फ्यूल टैंक में आग लग गई। कुवैत सिविल एविएशन प्राधिकरण ने इसकी पुष्टि की है। प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और नुकसान संपत्ति तक ही सीमित रहा। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया। फायर ब्रिगेड और अन्य संबंधित एजेंसियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं।

#### जॉर्डन-सऊदी अरब में मिसाइल और ड्रोन हमला

जॉर्डन की राजधानी अमान के दक्षिण में कम आबादी वाले इलाके में मिसाइल के टुकड़े गिरने की घटना सामने आई। सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय के प्रवक्ता के अनुसार, किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। जॉर्डन के अधिकारी कहते हैं कि युद्ध की शुरुआत से अब तक देशभर में सैकड़ों मिसाइल टुकड़े गिर चुके हैं। सऊदी अरब ने भी सुरक्षा बढ़ा दी है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने देश के पूर्वी प्रांत में एक बैलिस्टिक मिसाइल और कम से कम छह ड्रोन को मार गिराया।

#### इजराइल सेना का ईरान पर हमला

### इस्फहान में हथियार निर्माण केंद्रों पर हमले

इजराइल सेना ने ईरान के इस्फहान में स्थित सैन्य और हथियार निर्माण केंद्रों पर व्यापक हवाई हमले किए। सेना के बयान के अनुसार, यह हमला ईरान के सबसे महत्वपूर्ण विस्फोटक उत्पादन संयंत्र को निशाना बनाकर किया गया, जिसका इस्तेमाल विभिन्न हथियारों के निर्माण में होता था। इस हमले में मिसाइल लॉन्च साइट, हथियार निर्माण केंद्र और वायु रक्षा प्रणाली सहित दर्जनों लक्ष्य ध्वस्त किए गए, और 120 से अधिक हथियारों का उपयोग किया गया। ईरान ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

#### बुशहर परमाणु संयंत्र पर मिसाइल गिराई

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र पर भी प्रक्षेपास्त्र गिरने की खबर मिली है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने बताया कि हमला किसी वित्तीय, तकनीकी या मानव नुकसान के बिना संपन्न हुआ। संगठन ने चेतावनी दी कि शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों पर हमले अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक हैं।

#### तेहरान में भी धमाके

ईरान की राजधानी तेहरान के पूर्व में भी धमाके सुनाई दिए। लगातार बमबारी के कारण कई आवासीय इमारतें और एक स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### जरूरत पड़ने पर और तेल रिजर्व जारी करेंगे



पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर वह अपने अतिरिक्त तेल भंडार जारी करने के लिए तैयार है। आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल नेबुधवार को टोक्यो में जापान की पीएम साने ताकाइची के साथ बैठक के बाद कहा कि एजेंसी वैश्विक सप्लाई में संभावित कमी से निपटने के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि दूसरी इमरजेंसी ऑयल रिलीज की तैयारी रखी जा रही है। आईईए इस महीने 400 मिलियन बैरल तेल जारी करने की घोषणा कर चुका है, जो उसके इतिहास की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है। बिरोल ने कहा कि एजेंसी के पास अभी भी लगभग 80 प्रतिशत भंडार सुरक्षित है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कदम उठाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### सांबा में पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा गया



**सांबा।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को पकड़ा। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के सतर्क जवानों ने रामगढ़ सेक्टर में सीमा चौकी 'भल्लर' के सामने पाकिस्तान के एक बुजुर्ग नागरिक की संदिग्ध हरकत देखी और सीमा में घुसने का प्रयास करने पर उसे चेतावनी दी।

### जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का सूचीकरण शुरू



**पुरी।** पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की सूचीकरण की प्रक्रिया 48 वर्षों के अंतराल के बाद बुधवार को शुरू हो गई। मंदिर प्रशासन के अनुसार, अधिकृत कर्मियों ने पारंपरिक धोती और गमछा पहनकर सुबह करीब 11:30 बजे मंदिर में प्रवेश किया। गिनती की प्रक्रिया शुभ मुहूर्त, अपराह्न 12:09 बजे से 1:45 बजे के बीच शुरू हुई। केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही अंदर प्रवेश करने की अनुमति दी।

### सिक्किम में भूस्खलन 200 पर्यटक फंसे, सेफ



**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम में भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन के बाद चुंगथांग में लगभग 200 पर्यटक फंस गए हैं। मंगन के जिलाधिकारी अनंत जैन ने बताया कि मंगलवार रात चुंगथांग-लाचेन मार्ग पर भूस्खलन होने से लाचेन जा रहे पर्यटक बीच रास्ते में ही फंस गए। इन्हें एक शिविर और एक गुरुद्वारे में ठहराया।

#### पश्चिम एशिया पर जारी संकट के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री ने बुलाई समीक्षा बैठक

# खाद आपूर्ति सुचारू रखने और जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के दिए सख्त निर्देश

- *खाद की आपूर्ति पूरे देश में बराबर और बिना रुकावट हो*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक बुलाई, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच खाद की आपूर्ति मजबूत करने, कालाबाजारी रोकने और अन्य जरूरी कदमों पर जोर दिया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बैठक में आने वाले खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कृषि मंत्रालय ने बताया कि लक्ष्य यह है कि किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य जरूरी संसाधन मिल सकें।

#### एक 'स्पेशल सेल' गठित, जो चौबीसों घंटे काम करेगा


केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह समीक्षा बैठक लेते हुए

#### खाद की वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बरतने की सलाह

कृषि मंत्री ने कहा कि खाद की आपूर्ति पूरे देश में बराबर और बिना रुकावट के होनी चाहिए। उन्होंने 'फार्मर आईडी' के काम को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि वितरण प्रणाली पारदर्शी बन सके। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर समन्वय के लिए वह जल्द ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों से भी बैठक करेंगे। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि खाद और बीज की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, खासकर ऐसे समय में जब वैश्विक संकट का फायदा उठाने की कोशिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

#### दूध और पैकेजिंग सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता पर दिया जोर

*बैठक में कृषि रसायनों और बीज सुखाने के लिए जरूरी गैसों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा दूध और अन्य कृषि उत्पादों के लिए पैकेजिंग सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता पर भी जोर दिया गया। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पेट्रोलियम मंत्रालय और अन्य विभागों के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि सप्लाई में कोई बाधा न आए। कृषि क्षेत्र की लगातार निगरानी के लिए एक 'स्पेशल सेल' बनाया गया है, जो चौबीसों घंटे काम करेगा। यह सेल हर हफ्ते खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता पर रिपोर्ट सीधे कृषि मंत्री को देगा।*

#### संकट के समय सक्रिय भूमिका निभाएं सभी अधिकारी

*कृषि मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि संकट के समय उन्हें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और सरकार किसानों तक जरूरी संसाधन समय पर पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश में कृषि उत्पादन करीब 44 प्रतिशत बढ़ा है और कई किसानों की आय दोगुनी हुई है। केंद्र सरकार किसानों की उत्पादकता और आय बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर रिकॉर्ड खरीद भी शामिल है।*

#### भू-राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा की

### विदेश मंत्री जयशंकर से अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी कोल्बी की मुलाकात

- *एशिया में भारत एक बड़ी व प्रमुख शक्ति*
- *भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योग को समर्थन*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में अमेरिका के पॉलिसी अंडर सेक्रेटरी एलब्रिज कोल्बी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने मौजूदा भू-राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के बाद एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि एलब्रिज कोल्बी के साथ विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ और वैश्विक हालात पर चर्चा की गई। इससे पहले एलब्रिज कोल्बी ने अनंता सेंटर में अपने संबोधन में भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिर शक्ति संतुलन का अनिवार्य और केंद्रीय भागीदार बताया। कोल्बी ने कहा कि भारत केवल एक महत्वपूर्ण साझेदार ही नहीं, बल्कि एशिया के भविष्य को आकार देने वाली एक प्रमुख शक्ति है। उन्होंने भारत की भौगोलिक स्थिति, रणनीतिक स्वायत्तता, सैन्य क्षमता और आर्थिक ताकत को इसकी प्रमुख ताकत बताया।



#### रक्षा सहयोग को मजबूती देंगे

*एलब्रिज कोल्बी ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की जरूरत पर बल देते हुए लंबी दूरी के सटीक हथियारों, समुद्री जागरूकता, पनडुब्बी रोधी युद्ध और उन्नत तकनीक के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने का समर्थन करता है और साथ में उत्पादन और विकास के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के हित एशिया में किसी एक शक्ति के प्रभुत्व को रोकने, खुले व्यापार और राष्ट्रीय स्वायत्तता बनाए रखने में जुड़े हुए हैं।*

#### रूसी रक्षा मंत्रालय का दावा

### मार गिराए 389 यूक्रेनी ड्रोन 13 क्षेत्रों को बनाया था निशाना

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 389 ड्रोन मार गिराए। मंत्रालय ने बताया कि रूस के विभिन्न इलाकों और क्रीमिया पर रात के समय हमला हुआ। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू होने के चार साल बाद यह सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस के 13 क्षेत्रों और क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर इन हमलों को रोका गया। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था और इसे अपने में मिला लिया था। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैरकानूनी माना जाता है।



यह हमला दिखाता है कि यूक्रेन ने अपने देश में ही लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन बनाने की क्षमता काफी बढ़ा ली है। इससे एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया था। जिसमें 24 घंटे के भीतर करीब एक हजार ड्रोन और 34 मिसाइल दागी गईं। हमला आमतौर पर रात के वक्त होता है। लेकिन इस बार दिन में भी जारी रहा।

#### नासा ने अपने सबसे ड्रीम प्रोजेक्ट 'लूनर गेटवे' पर लगाया ब्रेक

# *अब चांद पर बनाएगा करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए का आलीशान बेस!*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी नासा ने अपने अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'लूनर गेटवे' पर फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। वाशिंगटन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान नासा के नए प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने यह चौंकाने वाली घोषणा की। उन्होंने साफ किया कि नासा अब अपना पूरा ध्यान और संसाधन चंद्रमा की कक्षा में स्टेशन बनाने के बजाए उसकी सतह पर एक स्थाई बेस तैयार करने में लगाएगा। इस बड़े बदलाव के तहत अगले सात सालों में लगभग 20 अरब डॉलर (करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए) खर्च किए जाएंगे। इसाकमैन के मुताबिक, एजेंसी अब उन इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेगी जो चांद की सतह पर लंबे समय तक रुकने और वहां से काम करने में मदद कर सकें।

- 2028 तक चांद की सतह पर पहुंचना लक्ष्य
- चांद की सतह पर लंबे समय तक रूक सकेंगे


नासा प्रमुख जेरेड इसाकमैन

#### 'लूनर गेटवे' प्रोजेक्ट काफी महंगा

नासा का यह फैसला केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक भी माना जा रहा है। चीन ने 2030 तक चांद पर अपने अंतरिक्ष यात्री भेजने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में अमेरिका अपनी बढ़त बनाए रखना चाहता है। इसाकमैन ने संकेत दिया कि 'लूनर गेटवे' प्रोजेक्ट काफी महंगा था और इससे चांद की सतह पर उतरने के मिशन में देरी हो रही थी। हालांकि, गेटवे के लिए अब तक तैयार किए गए उपकरणों को बेकार नहीं फेंका जाएगा, बल्कि उन्हें मून बेस के निर्माण में इस्तेमाल किया जाएगा। गेटवे को रोकने से नासा को वह पैसा और समय मिलेगा जो सीधे मून लैंडिंग और बेस बनाने के लिए जरूरी है। अब नासा का लक्ष्य है कि 2028 तक हर हाल में अमेरिकी झंडा फिर से चांद की सतह पर लहराए।

#### निजी कंपनियों के साथ काम करेगा नासा

*वहीं, नासा ने भरोसा दिलाया है कि वह अपने सहयोगियों को साथ लेकर ही 'मानवता का पहला स्थायी आउटपोस्ट' बनाएगा। दूसरी ओर, एलन मस्क की स्पेसएक्स और जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियों की भूमिका अब और अहम हो गई है। ये कंपनियां चांद पर उतरने वाले 'लूनर लैंडर' विकसित कर रही हैं। नासा अब इन कंपनियों के साथ मिलकर साल में कम से कम एक बार चांद पर लैंडिंग की तैयारी कर रहा है ताकि अंतरिक्ष यात्रियों की 'मसल मेमोरी' और अनुभव को बढ़ाया जा सके।*

#### आर्टेमिस 2 मिशन अप्रैल में होगा लॉन्च

*फिलहाल सबकी नजरें आर्टेमिस 2 मिशन पर टिकी हैं, जो अप्रैल की शुरुआत में लॉन्च होने वाला है। यह 50 से भी ज्यादा सालों में पहली बार होगा जब इंसान चांद के करीब से उड़ान भरेगा। इसके बाद 2027 में एक टेस्ट मिशन होगा और फिर 2028 में आर्टेमिस 4 और 5 के जरिए इंसानों को चांद की सतह पर उतारा जाएगा। इसाकमैन का मानना है कि चांद की सतह पर बेस बनाना विज्ञान और सुरक्षा दोनों के लिहाज से बेहतर है। यह भविष्य में मंगल मिशन के लिए एक 'प्रूविंग ग्राउंड' यानी टेस्टिंग लैब की तरह काम करेगा।*